


सूर्योदय प्रातः 5:20 | सूर्यास्त संध्या 6:14 | पखवाड़ा वैशाख कृ. प्रतिपदा, संवत 2081 | तापमान अधिकतम $37^0$ न्यूनतम $23^0$


# फ्रीडम फाइटर


राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, बुधवार, 24 अप्रैल 2024, वर्ष : 15, अंक : 71, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter




### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,738.45 | 89.83 (0.12%) |
| निफ्टी | 22,368.00 | 31.60 (0.14%) |

### सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| सोना (22 carat) | 66,150.00 |
| चांदी | 830.00 |

## एक झलक

### 4.44 करोड़ का सोना 2.02 करोड़ का हीरा जब्त

**मुंबई** : मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई एयरपोर्ट पर पिछले तीन दिनों में 13 मामलों में 4.44 करोड़ रुपये से अधिक का सोना और 2.02 करोड़ रुपये का हीरा जब्त किया। इन मामलों में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग के सूत्रों के मुताबिक पिछले तीन दिनों तक मुंबई एयरपोर्ट पर विशेष जांच मुहिम चलाई गई थी। इस दौरान 13 मामलों में कुल लगभग 6.815 किलोग्राम सोना जब्त किया गया, जिसकी कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में 4.44 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही 2.02 करोड़ रुपये का हीरा भी जब्त किया गया है।

### कश्मीर में आतंकियों के पास अमेरिकी हथियार

**जम्मू-कश्मीर** : जम्मू-कश्मीर के राजौरी में हुई टारगेट किलिंग में अमेरिकी राइफल का इस्तेमाल किया गया है। दरअसल, सोमवार को आतंकियों ने राजौरी में मोहम्मद रज्जाक नाम के एक सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। छानबीन के बाद पुलिस ने बताया कि हत्या के पीछे पाकिस्तानी आतंकियों का हाथ था। उन्होंने अमेरिका में बनी एम4 राइफल और पिस्टल का इस्तेमाल किया। घटनास्थल से पुलिस ने इस राइफल की कई बुलेट बरामद की हैं। हमलावरों को पकड? के लिए सेना और पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर दी है। इससे पहले साल 2021 में अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद भारतीय सेना को कश्मीर के कई हिस्सों में आतंकियों के पास से रू4 राइफल्स मिलीं थीं। दिसंबर 2020 में भी एक मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 6 आतंकियों को मार गिराया था। इन सबके पास से अमेरिकी हथियार बरामद हुए थे।

### केजरीवाल की कस्टडी 07 मई तक बढ़ी

**नयी दिल्ली** : दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी। इसके पहले केजरीवाल की कस्टडी 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, फिर उसके बाद 23 अप्रैल तक बढ़ाई गई थी। कोर्ट के इस आदेश के बाद केजरीवाल अब लोकसभा चुनाव के दूसरे (26 अप्रैल) और तीसरे (7 मई) फेज की वोटिंग के दौरान भी जेल में रहेंगे।

केजरीवाल के अलावा बीआरएस नेता के कविता और एक अन्य आरोपी चरनप्रीत की कस्टडी भी 7 मई तक बढ़ा दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने सुनवाई के दौरान कहा कि के कविता के केस में एजेंसी 60 दिन में चार्जशीट फाइल करेगी।

## अंदर के पन्नों पर


3 यह प्रभात फेरी मतदाताओं को नयी सुबह की...

5 उपायुक्त ने की सीएपीएफ के ठहराव स्थल पर...

7 मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं...

9 सीएम ने जारी किया बिहार के लोगों के नाम पत्र...

10 दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच...


# आरक्षण व संविधान खत्म करने की अफवाह फैला रहा है विपक्षी गठबंधन : मोदी

एजेंसी

**रायपुर/जांजगीर चांपा** : प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा जांजगीर-चांपा के सक्ती के जेठा मैदान में सोमवार को विजय शंखनाद सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन आरक्षण व संविधान खत्म करने कक अफवाह फैलाते हैं। मोदी तो छोड़िए भाजपा तो छोड़िए, खुद बाबा साहेब आकर कहेंगे, तो भी संविधान बदलनेवाला नहीं है। इंडी गठबंधन को दिया गया वोट केन्द्र में सरकार नहीं बना सकता, लेकिन भाजपा को दिया गया वोट विकसित भारत बनायेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 60 साल तक एक ही परिवार ने खुद या रिमोट से सरकार चलायी। इस दौरान कांग्रेस के नेताओं ने सिर्फ अपनी तिजोरी भरने का काम किया। आपने मुझे 10 साल देखा है। एक भी छुट्टी लिये बिना काम करता हूं। बाकी नेताओं को अपने बच्चों के लिए कुछ करना होता है, मोदी के लिए आप ही मेरा परिवार हैं। 10 साल में देश बहुत आगे बढ़ा है। 25 करोड़ लोगों को हमने गरीबी से बाहर निकाला है।

उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से तुष्टीकरण में लगी हुई थी। तुष्टीकरण एवं वोटबैंक की राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक छीनना पड़े, तो वे एक सेकेंड नहीं लगायेंगे। भाजपा सबका साथ सबका विकास मंत्र पर चलने वाली पार्टी है। गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण ही हमारी प्राथमिकता है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## मोदी ने एक बार फिर कहा, देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा

### एससी-एसटी आरक्षण कम करके मुसलमानों में बांटना चाहती है कांग्रेस : पीएम

**टोंक** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र के उनियारा में भाजपा उम्मीदवार सुखबीर सिंह जौनापुरिया के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडी



गठबंधन पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा से तुष्टीकरण की राजनीति की रही है। कांग्रेस एससी-एसटी के आरक्षण को कम करके मुसलमानों में बांटना चाहती है। मोदी ने एक बार फिर कहा है कि देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने 2004 में सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एसी-एसटी के आरक्षण में कमी करके मुसलमानों को देने की कोशिश की। यह एक ● शेष पृष्ठ 11 पर

रक्षा मंत्री ने झारखंड के खूंटी में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के लिए मांगा जनसमर्थन

# मोदी जैसे तपस्वी पीएम ही रख सकते हैं भारत का मस्तक ऊंचा : राजनाथ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**खूंटी** : केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के लिए लोगों से जनसमर्थन मांगा। साथ ही, केन्द्र सरकार के स्तर से जनजाति समाज के लिए किये जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए अर्जुन को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा के बारे में बताने की जरूरत नहीं। यहां मुख्यमंत्री के तौर पर और केन्द्र में मंत्री के तौर पर उनके योगदान को सभी ने देखा है। रक्षा मंत्री भाजपा की चुनावी जनसभा में बोल रहे थे। राजनाथ ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड में बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास यहां मुख्यमंत्री बने, लेकिन भ्रष्टाचार का दाग किसी पर भी नहीं लगा। हेमन्त सोरेन का नाम लिये बगैर कहा कि इस राज्य के एक पूर्व मुख्यमंत्री कहां हैं, बताने की जरूरत नहीं। अपने इतने लम्बे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी नहीं सुना कि कोई मुख्यमंत्री डेढ़ दिनों तक लापता रहा। राजनीति परिवार नहीं, समाज और देश के लिए की जानी चाहिए।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आप जानते हैं। उनका पूरा जीवन हिन्दुस्तान की जनता के लिए समर्पित है। ● शेष पृष्ठ 11 पर



## शहीदों का सम्मान करती है एनडीए सरकार : अर्जुन मुंडा



**खूंटी** लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता के बल पर केन्द्र में भाजपा की सरकार बनेगी। खूंटी से कमल खिलाना ही भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को नमन होगा। आज तक इतिहास में सिर्फ नरेन्द्र मोदी ही ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो बिरसा मुंडा की धरती पर आये। भाजपा शहीदों का सम्मान करना जानती है। इतिहास को पुनर्जीवित करने का काम कर रही है। जनता संकल्प ले कि इस बार झारखंड से 14 कमल फूल दिल्ली भेजने का काम करेगी।

**हेमन्त सोरेन ने झारखंड को खूब लूटा : बाबूलाल मरांडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की हालत क्या है, जनता देख रही है। राज्य सरकार के पूर्व मुखिया ने राज्य की हर चीज को लूटने का काम किया है। ईडी की चार्जशीट में उनका गुनाह दर्ज है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### अर्जुन मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट से भरा नामांकन पत्र

**राज्य** के खूंटी लोकसभा सीट से मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने कर्रा के सोनमेर मंदिर और अंगराबारी में मत्था टेका। श्री मुंडा ने खूंटी के कचहरी चौक से रोड शो किया।

# भाजपा कभी आदिवासी-मूलवासी की भलाई नहीं कर सकती : मुख्यमंत्री

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**खूंटी** : आईएनडीआईए गठबंधन में प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को जिला निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद कांग्रेस और झामुमो कार्यकताओं ने झंडा-बैनर के साथ समाहरणालय से सहकारिता मैदान तक रैली निकाली।

पतरा मैदान में इंडी गइबंधन के कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री चमापाई सोरेन ने कहा कि भाजपा कभी आदिवासियों और मूलवासियों की भलाई नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तो 11 लाख लोगों के नाम राशन कार्ड से हटा दिये ● शेष पृष्ठ 11 पर



## नामांकन के बाद जोबा मांझी ने दिखायी ताकत

**सिंहभूम** में झामुमो उम्मीदवार जोबा मांझी ने जनसभा के बहाने अपनी ताकत दिखायी। जनसभा को सीएम चम्पाई सोरेन और कल्पना सोरेन ने भी सम्बोधित किया। जोबा के सामने बीजेपी की उम्मीदवार गीता कोड़ा हैं। दोनों के बीच नेक टू नेक फाइट की समाभावना है। दोनों ने ही अपनी-अपनी जीत का दावा किया है। मंगलवार को सीएम चम्पाई सोरेन और कल्पना सोरेन ने सिंहभूम की जनता के बीच जोश भरा।

सलमान के आवास पर फायरिंग मामला

## दो पिस्तौल व दस जिंदा कारतूस तापी नदी से बरामद

**मुंबई** : अभिनेता सलमान खान के आवास के सामने फायरिंग मामले में मंगलवार को प्रयुक्त दोनों पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस मुंबई पुलिस ने सूरत में तापी नदी से बरामद किया है। मुंबई पुलिस सोमवार से सूरत क्राइम ब्रांच पुलिस और मछुआरों की मदद से तापी नदी में पिस्तौल और कारतूस ढूंढ रही थी। जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के आवास के बाहर फायरिंग करने वाले मामले में आरोपित विक्की गुप्ता और सागर पाल को कच्छ भुज इलाके से मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

## निलम्बित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता व पत्नी के खिलाफ कुर्की का इश्तेहार जारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलम्बित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की के वारंट का इश्तिहार जारी किया है।

पिछले दिनों झारखंड हाई कोर्ट ने भी वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी कोर्ट भी दोनों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर चुका है। इस केस के मुख्य आरोपित वीरेंद्र राम फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में हैं।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी, 2023 को आय से अधिक समापत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। इस दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

# लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों के लिए 1351 उम्मीदवार मैदान में

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए 07 मई को होनेवाले मतदान को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गयी। इस चरण में 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 94 सीटों के लिए 1351 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें मध्य प्रदेश के बैतूल (एसटी) लोकसभा क्षेत्र के आठ उम्मीदवार भी हैं। इसके अतिरिक्त गुजरात के सूरत लोकसभा क्षेत्र का चुनाव निर्विरोध होने के कारण इसका आंकड़ा शामिल नहीं है। चुनाव आयोग के अनुसार तीसरे चरण में 95 संसदीय क्षेत्रों (बैतूल लोकसभा क्षेत्र) के लिए कुल 2963 नामांकन दाखिल किये गये थे। इस चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल और नाम वापसी की अंतिम तारीख 22 अप्रैल थी। दाखिल किये गये सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1563 नामांकन वैध पाये गये। गुजरात में 26 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 658 नामांकन फॉर्म थे, जिसमें से सूरत सीट पर चुनाव निर्विरोध हुआ है। इस कारण तीसरे चरण में गुजरात में सिर्फ 25 सीटों पर मतदान होगा। महाराष्ट्र में 11 संसदीय क्षेत्रों से 519 नामांकन थे। महाराष्ट्र में उस्मानाबाद क्षेत्र में अधिकतम 77 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। छत्तीसगढ़ में लासपुर संसदीय क्षेत्र में 68 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए।




## जयराम ने प्रधानमंत्री मोदी से पूछे सवाल

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री से छत्तीसगढ़ को लेकर सवाल पूछे हैं। प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के धमतरी और जांजगीर-चांपा में रैली करने जा रहे हैं। रमेश ने पूछा है कि क्या छत्तीसगढ़ की जनता के राशन में कटौती मोदी की गारंटी का हिस्सा है? मोदी सरकार ने जांजगीर के कोसा सिल्क उद्योग को नजर अंदाज क्यों किया है? उन्होंने यह भी पूछा है कि जल-जंगल-जमीन को लेकर प्रधानमंत्री आदिवासियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता कब दिखाएंगे ?

# रांची में छह करोड़ का डोडा जब्त, एक गिरफ्तार




■ नामकुम थाना के हुवांगहातु की तरफ से रायसा मोड़ की ओर आ रही थी डोडा से लदी ट्रक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : राजधानी की नामकुम थाना पुलिस ने हुवांगहातु स्कूल के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक पर लोड किया हुआ (नशीला पदार्थ) डोडा के साथ राजस्थान के एक आरोपित हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 158 बोरा (3950 किलो) डोडा, दो मोबाईल, एक ट्रक, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड, एक वोटर कार्ड, एक वीजा कार्ड, एक प्लेटिनम कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है। बरामद डोडा की बाजार मूल्य लगभग छह करोड़ आंकी गयी है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम थाना के हुवांगहातु की तरफ से रायसा मोड़ की ओर एक डोडा से लदी ट्रक आ रही है।

# बंगाल में लगायेंगे घुसपैठ पर लगाम, राज्य की 35 लोस सीटें जीतेंगे : शाह

एजेंसी

**कोलकाता** : केन्द्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि यदि 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भाजपा के 18 सीटें जीतने से अयोध्या में राममंदिर के उद्घाटन का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, तो इस बार राज्य की 35 लोकसभा सीटें जीतने से निश्चित रूप से अवैध घुसपैठ से मुक्ति की गारंटी मिलेगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत करणदिघी में चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने 2019 में भाजपा उम्मीदवारों के लिए बड़ी संख्या में मतदान किया। इसके बाद, अयोध्या में राममंदिर एक वास्तविकता बन गया। अगर इस बार भाजपा की सीटों की संख्या 35 हो जाती है, तो पश्चिम बंगाल के लोगों को अवैध घुसपैठ के खतरे से मुक्ति मिल जायेगी। अमित शाह के 20 मिनट के भाषण में घुसपैठ का मुद्दा उन्होंने जोर-शोर से उठाया। उन्होंने ममता बनर्जी के खिलाफ तीखा हमला करते हुए कहा कि घुसपैठ का विरोध करने के बजाय मुख्यमंत्री वोटबैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही हैं। संदेशखाली में उन्होंने उसी वोटबैंक की राजनीति के कारण महिलाओं के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश की। लेकिन, महिलाओं द्वारा आवाज उठाने के बाद अधिकारियों को कार्रवाई करने और आरोपितों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा।

केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि देश को घुसपैठ के खतरे से मुक्त कराने और वास्तविक शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी की जरूरत है। मुख्यमंत्री घुसपैठ को बढ़ावा दे रही हैं और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का भी विरोध कर रही हैं। यहां तक कि कांग्रेस ने भी कहा है कि यदि वह सत्ता में आयी, तो सीएए को वापस ले लेंगी। मैं कांग्रेस और तृणमूल को चुनौती देता हूं कि यदि सम्भव हो, तो वे सीएए को रोकें। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही पश्चिम बंगाल में जहां हर सरकारी नौकरी बेची जाती है, भ्रष्टाचार के शासन को समाप्त कर सकती है। अगर भाजपा ● शेष पृष्ठ 11 पर



## यहां नौकरी के लिए 20 से 25 लाख रुपये घूस देने पड़ते हैं, गरीबों को रोजगार कैसे मिलेगा

**पश्चिम** बंगाल में 25 हजार से अधिक अवैध शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के बीच बंगाल पहुंचे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि अवैध तरीके से शिक्षकों की नियुक्ति के लिए 20 से 25 लाख रुपये हर व्यक्ति से वसूले गये हैं। ऐसे में गरीब परिवार के लोगों को रोजगार कैसे मिलेगा? उन्होंने कहा कि कल हाईकोर्ट ने 25 हजार नौकरियां रद्द कर दीं। क्यों कीं? नौकरी के लिए 10 लाख, 15 लाख की रिश्वत लेते थे।

## पी चिदम्बरम के सीएए रद्द किये जाने को अमित शाह ने बताया तुष्टीकरण की राजनीति

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के बयान पर पलटवार किया है। चिदमाबरम ने सीएए, तीन न्यायिक कानून और अन्य कानूनों को विपक्ष की सरकार बनने पर रद्द किये जाने की बात कही थी। शाह ने इसे तुष्टीकरण की राजनीति बताया। शाह ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पी चिदम्बरम के बयान पर पलटवार करनेवाला अपना बयान साझा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पी चिदम्बरम को बताना चाहिए कि सीएए से क्या आपत्ति है। इससे किसी की नागरिकता नहीं छीनी जा रही है।

## एक झलक

### कार को बस ने मारी टक्कर, चालक समेत पांच घायल



**बेड़ो** : रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के हाटु मोड़ के समीप मंगलवार की अपराह्न लगभग ढाई बजे गुमला से आ रही जय बाला यात्री बस ने मारुति वैन को टक्कर मार दी। जिससे कार के समाने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। जिससे कार में सवार चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में खलारी निवासी 70 वर्षीय रामावतार केशरी 65 वर्षीय बतिया देवी 45 वर्षीय सरिता देवी 35 वर्षीय मंजू देवी है। वही राय निवासी कार चालक 40 वर्षीय कैलाश साव गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा व समाजसेवी तंजीर हुसैन ने पीसीआर के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप घायल रामवतार केशरी व सरिता देवी को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कार सवार सभी लोग खलारी से भरनो गुमला जा रहे थे। तभी गुमला की ओर से आ रही यात्री बस ने कार में टक्कर मार दी।

### स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया का मनाया गया बलिदान दिवस



**अनगड़ा** : शहीद जीतराम बेदिया के बलिदान दिवस पर प्रखंड के सीताडीह, बीसा व सिंगारी में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. मौके पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया. मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शहीद जीतराम बेदिया ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन को जो बिगुल फूंका था, उसके परिणामस्वरूप ही देश स्वतंत्र हो पाया, उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता. देश ऋणी है उन क्रांतिवीरों का जिन्होंने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया. मौके पर बुधराम बेदिया, सत्यनारायण मुंडा, सुभाषचंद्र बेदिया, कुंती देवी, हलधर बेदिया, दिलेश्वर बेदिया, सचिन बेदिया, मनोज बेदिया, सुमन देवी, रीता देवी, आद्री देवी, बीसा मुखिया मंजोती देवी, बालेश्वर बेदिया, जयराम बेदिया आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने ईरबा के सपाही नदी से अधेड़ व्यक्ति का बरामद किया शव, हत्या की आशंका

ओरमांझी : ओरमांझी थाना की पुलिस ने मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे थाना क्षेत्र के डहु और ईरबा गांव के बीच सपाही नदी से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है।अधेड़ व्यक्ति की पहचान ओरमांझी थाना क्षेत्र के डहु गांव निवासी 47 वर्षीय अशेशवर महतो पिता सूरजनाथ महतो के रूप में की गई है।शव मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मौके पर पहुंची ओरमांझी थाना की पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।चेहरे और सिर पर चोट के निशान थे।आशंका जताई जा रही है कि अशेशवर की हत्या अन्यत्र कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को उक्त स्थान पर लाकर फेंक दिया होगा।इस संबंध अशेशवर के चचेरा भाई नागेशवर महतो ने ओरमांझी थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।इस संबंध में परिजनों ने बताया कि अशेशवर महतो मंगलवार की सुबह सात बजे ही अपने घर से निकला था।बताया जाता है कि गांव के लोगों ने देखा कि नदी में एक शव पड़ा हुआ है।पुलिस मामले की छान-बीन कर रही है।

### रातू में कार की टक्कर से युवक घायल

**रातू** : रातू थाना क्षेत्र के हाजी चौक के पास अज्ञात कार की चपेट में आने से सड़क के किनारे खड़ा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार की शाम साढ़े छह बजे की है। हादसे में युवक के दोनों पैर और घुटनों में गंभीर चोट लगी है। सूचना मिलने पर रातू गश्ती पुलिस ने घायल को रिम्स भेज दिया।

# हर हाल में रोका जायेगा राज्य में नशे का कारोबार : डीजीपी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : डीजीपी अजय कुमार सिंह और सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को नशीला पदार्थ के उत्पादन और कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी मौजूद थे। बैठक के दौरान डीजीपी ने सभी जिलों से पिछले पांच सालों के एनडीपीएस एक्ट में दर्ज मामले, अफीम, गांजा आदि की अवैध खेती के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, जब्त सामग्रियों के विनष्टिकरण से संबंधित आंकड़े, सभी संबंधित जिलों में सूचना तंत्र मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान डीजीपी



ने हॉट स्पॉट का चयन कर ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के सप्लाई चेन को ध्वस्त करने, अतिरिक्त निगरानी रखने, जिलों में ड्रग डिटेक्शन किट की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली । साथ ही अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीजीपी ने अवैध रूप से वैसे खेत जिसमें अफीम, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की खेती होती है। उसको चिन्हित कर खेती करने वाले और जमीन के मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा डीजीपी ने ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के विवरणी को सत्यापित करते हुए पीआईटी एनडीपीएस के प्रस्तावों की स्थिति सहित विशेष शाखा के जरिये उपलब्ध कराए गए इनपुट के आधार पर जिलों की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामलों में बेलरों के सत्यापन और उनका विवरण सहित ड्रग्स तस्करों, पैडलर्स के जरिये अर्जित की गयी अवैध संपत्तियों को जब्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन और उसके व्यवसाय पर नियत्रंण के लिए बनाये गये रोड मैप की जानकारी दी। साथ ही आम लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध मादक पदार्थ के कारोबार को रोकने के लिए मादक पदार्थ से संबंधित सूचनाओं का आदान प्रदान करने और सूचना तंत्र को मजबूत कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एडीजी अभियान डॉ संजय आनन्दराव लाठकर, आईजी अखिलेश झा, असीम विक्रांत मिंज, पंकज कम्बोज, डीआईजी कार्तिक एस, एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## तेज रफ्तार बाइक नाले में गिरी, तीन घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के पतरातू-भुरकुंडा मेन रोड पर डीवीसी सब-स्टेशन के निकट मंगलवार को एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। दुर्घटना में बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गये। घायलों की पहचान सोनू (17वर्ष) सौंदा 'डी', दिलीप कुमार (18 वर्ष) और राहुल कुमार (20 वर्ष) दोनों टालीमान धौड़ा, भुरकुंडा निवासी के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक बिना नंबर के हीरो एक्सट्रीम बाइक पर सवार होकर भुरकुंडा से सौंदा 'डी' ओर जा रहे थे। इस दौरान सब-स्टेशन के निकट तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नाले जा गिरी। तीन युवक घायल हो गए। घायलों को सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा ले जाया गया। जहां उपचार कर सोनू कुमार और दिलीप कुमार को घर भेज दिया गया। वहीं गंभीर रूप घायल राहुल कुमार को रामगढ़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# आजसू ने शिक्षक नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा पर उठाये सवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव एस अली ने मंगलवार को शिक्षक नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षा पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान एकाएक प्राथमिक विद्यालय कक्षा एक से पांच के लिए सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन कर रहा है। परीक्षा 27 अप्रैल को कराने का निर्णय हुआ है। अली ने इसपर सवाल उठाते हुए कहा कि खास दल को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष व आयुक्त झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कहा कि बिना संपूर्ण तैयारी के राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केंद्र बनाकर सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का आयोजन करवाने का निर्णय कहीं से भी उचित नहीं है। चूंकि देश में लोकसभा चुनाव हो रहा है और झारखंड के कई लोकसभा सीटों के लिए 23 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसमें सारा प्रशासनिक अमला चुनावी प्रक्रिया को पूरी करने में लगा है, जिसके कारण नियुक्ति परीक्षा प्रभावित होने की संभावना है। अली ने कहा कि दूसरी ओर जेटेट उत्तीर्ण पारा शिक्षकों का भी चुनावी प्रशिक्षण चल रहा है, जो 26 अप्रैल को भी है। ऐसे में बहुत सारे पारा शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो जाएंगे, जो अवसर छीनने जैसा होगा। इस निर्णय से अभ्यर्थियों में निराशा और गुस्सा दोनों है।

### दोस्त की हत्या का आरोपित नाबालिग दोषी करार, फैसला 29 को

**रांची** : स्पेशल चिल्ड्रन कोर्ट ने नाबालिग दोस्त की हत्या करने के नाबालिग आरोपित को मंगलवार को दोषी करार दिया है। अभियुक्त की सजा के बिंदु पर अदालत 29 अप्रैल को सुनवाई करेगी। अभियोजन पक्ष की ओर 10 गवाह पेश किये गये थे। जबकि बचाव पक्ष की ओर दो गवाह पेश किये गये थे। एक जनवरी 2021 को नये साल का जश्न मनाने के दौरान सोनू टोप्पो की हत्या पत्थर से कूच कर की गई थी। 2 जनवरी 2021 को सुबह में सोनू टोप्पो का शव करमटोली के सेलिब्रेशन बैंक्विट हॉल के पास मिला था। नये साल का जश्न मनाने के लिए सोनू को उनके घर से उसके दोस्त लेकर निकले थे। बाद में सभी ने शराब पी और सोनू टोप्पो की हत्या कर दी। लालपुर थाना में मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

## बैंक में खिड़की तोड़कर घुसने के आरोप में एक गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू** : बैंक ऑफ इंडिया पतरातू शाखा में खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश करने के मामले में पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस की ओर से जानकारी देते हुए बताया गया कि 15 अप्रैल को बैंक ऑफ इंडिंया पतरातू शाखा के प्रबंधक ने पतरातू थाना को लिखित आवेदन देकर सूचित किया कि रात में एक व्यक्ति ने चोरी की मंशा से खिड़की तोड़कर प्रवेश किया है। मामले को लेकर पतरातू थाना में कांड संख्या-101/2024, दिनांक16.04. 2024 भादवि की धारा-380ध्457ध्511 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। रामगढ़ पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने पतरातू थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। पुलिस टीम ने बैंक ऑफ इण्डिया, पतरातू शाखा सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। छापेमारी करते हुए 23 अप्रैल को पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसकी पहचान पतरातू बाजार निवासी बिरेन्द्र साव (उम्र करीब 40 वर्ष) के रूप में हुई। पूछताछ के क्रम में अभियुक्त के द्वारा उक्त कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त किया गया लोहे का सब्बल बरामद किया गया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## जॉब देने के नाम पर ठगी करनेवाले दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने एयरटेल कंपनी में पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में बिहार के पटना निवासी सुमित कुमार और नवादा का रहने वाला अभय रंजन शामिल है। इनके पास से छह मोबाईल, 11 सिम कार्ड, सात डेबिट कार्ड, एक क्रेडिट कार्ड, 3600 रुपये नकद, एक चेकबुक, एक लैपटाप, मामले में शामिल वाट्सएप चार्ट बरामद किया गया है। साइबर डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि सीआइडी की साइबर सेल को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से जानकारी मिली की साइबर अपराधी एयरटेल कंपनी में पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर फर्जी नंबर से गूगल और न्यूज पेपर में प्रचार देकर ठगी करने का काम कर रहे हैं। जब आम नागरिक प्रचार देखकर दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करते हैं, तो कंपनी में जॉब के लिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड, 10वीं-12वीं की मार्कशीट, पासपोर्ट साइज फोटो मांग लेते हैं। इसके बाद आईडी वेरिफिकेशन और रजिस्ट्रेशन पंजीकरण के नाम पर विभिन्न फर्जी बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लेते हैं।

## भुरकुंडा कोयलांचल में भक्तिभाव से मनी हनुमंत जयन्ती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा** : कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्र में मंगलवार को हनुमंत जयंती भक्तिभाव से मनाई गई। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे और पूजा अर्चना की। अवसर पर कई मंदिरों में भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। वही गुरुद्वारा के समीप सार्वजनिक शिव मंदिर का 25 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन का

**भक्ति**

आयोजन किया गया। मंगलवार की सुबह भगवान शिव और हनुमान का पूजन कर अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ किया गया। मौके पर जितेन्द्र कुमार सिन्हा, परमेश्वर प्रसाद केशरी, रॉबिन मुखर्जी, बबन राम , राहुल आनंद, सरोज झा, सुरेश प्रसाद केशरी, अभिषेक मिश्रा, आशीष सिन्हा, अजय सिन्हा, रमेश सिंह समेत कई श्रद्धालु शामिल हुए।

## टेरपा में दानवीर भामाशाह जयंती समारोह मना उनके मार्ग पर चलने का लिया गया संकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : पतरातू प्रखंड अंतर्गत टेरपा में दानवीर भामाशाह जयंती समारोह मंगलवार को मनाई गई, इस दौरान हरिदास साव ने उनके जिवनी को बताया। साथ ही उनके मार्ग पर चलने का संकल्प उपस्थित ग्रामीणों ने लिया। और कहा हर वर्ष की भांति अगले वर्ष भी दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। मौके पर समाज सेवी हरिदास साव, जगदीश साव, बालदेव साव, सिता देवी, मानशो देवी, वार्ड सदस्य संध्या देवी, पुर्व मुखिया प्रत्याशी किरण देवी, मीरा देवी, ज्योति देवी, गीता देवी, अर्जुन साव, तिलेश साव, राजेन्द्र साव, प्रेमनाथ साव, मनोज साव, सुमित यादव, मनीष मुंडा, भोला साव, धनिक लाल साव, शान्ती देवी, विकास कुमार, बसंत साहू, सुखदेव कुमार, यादि लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में वीर कुंवर सिंह जयन्ती पर हुआ कार्यक्रम




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़)** : कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में वीर कुंवर सिंह जयंती के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया। इस दिन को याद करते हुए छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर एक ऐतिहासिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें वीर कुँवर सिंह के जीवन और उनके योगदान को याद किया गया। समारोह की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पाजंलि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भैया बहनों ने बड़े ही उत्साह के साथ वीर कुँवर सिंह की जीवनी, 1857 ई. की गौरव कथा, कविता पाठ, राष्ट्रभक्ति गीत, प्रेरक जीवन प्रसंग प्रस्तुत किया। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने वीर कुँवर सिंह को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा, अतुलनीय पराक्रम एवं शौर्य का प्रतीत एक सच्चा राष्ट्रभक्त बताया। साथ ही उन्होंने वीर कुँवर सिंह के जीवन एवं प्रमुख रूप से 1857 ई. के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को प्रमुखता से याद किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या गायत्री कुमारी ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य अक्षय कुमार सिंह, शुक्ला चौधरी, सेखर कुमार, इंद्रजीत सिंह, रेखा पाठक, राकेश सहाय आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़)** : सुकरीगढ़ा (लारी) स्थित डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के डी.एल.एड. (2022-24) प्रशिक्षुओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतू 23अप्रैल से 01मई तक के लिए दिल्ली, कुल्लू, मनाली, आगरा, मथुरा एवं वृंदावन इत्यादि जगहों के लिए मंगलवार को रवाना किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की मातृ संस्था जन आकांक्षा सोसायटी के सचिव मणिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार एवं प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रशिक्षुओं के मार्गदर्शक के रुप में सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा, व्याख्याता मुरारी कुमार दूबे, बाबुचंद प्रसाद एवं श्रेया गुप्ता को भ्रमण में शामिल किया गया। मौके पर महाविद्यालय के बी.एड. के प्रभारी प्राचार्य रंजु वंदना होरो, सहायक प्राध्यापक संजु रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर, डॉ. अशोक राम, सुप्रिया बर्मन तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में निकिता कुमारी, नंदलाल कुमार, निशा कुमारी, उमेश कुमार, पवन कुमार, मुनीता कुमारी, सुनीता देवी, सावित्री देवी, पंकज करमाली, निर्मल महतो सहित बी.एड. एवं डी.एल.एड. प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## नामकुम प्रखण्ड की हरदाग व डूंगरी पंचायत के विभिन्न गांवों में चूल्हा प्रमुखों का हुआ गठन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : मंगलवार को नामकुम प्रखण्ड के हरदाग और डूंगरी पंचायत के विभिन्न गांवों में आजसू पार्टी का बैठक किया गया। बैठक में 16 चूल्हा प्रमुख बनाया गया। हरदाग पंचायत का बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रभारी श्रीमती दीपा देवी ने कि। वही डूंगरी पंचायत प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य राजू नायक की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा पंचायत के हर गांव में चुल्हा प्रमुख चुनाव से पहले तैयार करना है क्योंकि चुल्हा प्रमुख पार्टी का रीढ़ है आजसू पार्टी राज्य अलग



लेने का कूवत रखतीं है। तो झारखण्ड राज्य को चलाने एवं आम अवाम को बेहतर सुशासन देने का भी ताकत रखती है। संचालन रांची जिला के सचिव कुदरत शेख ने किया। केन्द्रीय सचिव जितेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुखों से आग्रह है की 28 अप्रैल को वाईबीएन यूनिवर्सिटी राजाउलातु नामकोम रॉंची में होने वाले ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर में आपलोग अवश्य आएं और आजसू पार्टी की निति सिध्दान्त को समझें और पार्टी संगठन को बेहतर मजबूती प्रदान करने में सहयोग करें। धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष प्रदीप जयसवाल ने किया। इस मौके पर जिला सचिव मुकेश नायक, डूंगरी पंचायत ग्राम प्रधान राजू नायक, संजय नायक, मुनचुन सिंह, हरदाग पंचायत प्रभारी मधु सिंह बिंझिया, ग्राम प्रभारी रजाउल हक, संजय नायक, सुमित महतो, संजय मुंडा, पिंटू नायक, सिकंदर नायक, कोका नायक, अंशु एक्का, दिलीप मुंडा, किशोर नायक, विजय सिंह, शुखामबर सिंह, सुखबिर सिंह बिजिंया, शावना मुंडा, मुनियां नाग, सुनीता बाड़ा, डुभन देवी, अनु कुमारी, ईलिसिबा स्वांसी, पाल्हो संगा, कौशलिया देवी, संगीता देवी, मानव देवी, बिलामणी देवी आदि सैकड़ो चूल्हा प्रमुख उपस्थित थे।

## धार्मिक अनुष्ठान होने से पूरा गांव भक्तिमय हो उठता है : ममता देवी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : गोला प्रखंड के पुरबडीह में चल रहे पांच दिवसीय हरिकीर्तन में बतौर अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी शामिल हुई। इस दौरान पूर्व विधायक ने राधा कृष्ण मंदिर और माँ दुर्गा मंदिर में मत्था टेक कर भगवान श्री कृष्ण और माता राधा रानी और माँ दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। हरि कीर्तन में शामिल होने पर कमिटी के द्वारा पूर्व विधायक ममता देवी का माला पहनाकार स्वागत किया गया। मौके पर आयोजन कमेटी के अध्यक्ष राधा बिनोद प्रजापति, सचिव शंकर राम, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार, नीलकमल महथा, दीप नारायण महतो, महावीर महतो, सुरेश राम, शंभू महतो, पिंटू महतो, अनूप, दीपक, कपिल, श्रीकांत, सत्रजित, आशीष, गौरी शंकर महतो, संतोष महतो सहित सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## एक झलक

### श्याम मंदिर में हनुमान जयन्ती की धूम



**रांची** : हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर सुबह मंदिर में सतनारायण कथा का पाठ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। हनुमान जयंती के अवसर पर आज बालाजी महाराज के मंड को सुंदर रूप से सजाया गया। विभिन्न प्रकार की फूलों से तीनों मंड को बड़े ही भव्य रूप से सजाया गया । लाल गेंदा पीला गेंदा लाल गुलाब पीला गुलाब गुलबहार मोती बेली तुलसी दल की मोटी मोटी मालाओं से सभी दरबार तैल चित्रों को बड़े ही सुंदर रूप से सजाया गया। आज हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रकार के प्रसाद एवं फल भी बालाजी महाराज को भोग के रूप में लगाया गया।

### हनुमान जयन्ती पर सालासर मंदिर में भव्य श्रृंगार व आयोजन धूमधाम से सम्पन्न



**रांची** : शहर की सुप्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री सालासर हनुमान मण्डल, रांची का श्रीहनुमान जन्मोत्सव महोत्सव पर आज दिनांक 23 अप्रैल 2024, दिन मंगलवार को हनुमान जयंती के पावन अवसर मे श्री सालासर हनुमान मंदिर, मारवाड़ी ब्राह्मण भवन प्रांगण, बंसीधर अड़ूकिया रोड, रांची में धूमधाम से आयोजित किया। ज्ञातव्य हो की मारवाड़ी ब्राह्मण भवन प्रांगण मे श्री सालासर बालाजी का जागृत विग्रह प्रतिमा सन 1995 मे प्राण प्रतिस्थापित है। विगत 28 वर्षो से प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड पाठ एवम शनिवार को खिचड़ी वितरण व शेष दिन भजन कीर्तन होता है। ब्राह्मण समाज द्वारा संचालित इस मंदिर मे श्रधालुओ का तांता लगा रहता है। साक्छात जागृत दरबार है श्रीसालासर बालाजी मन्दिर। मान्यता है की जो भक्त राजस्थान नहीं जा सकते एक बार हाजरी लगाले रांची के दरबार में एव उनकी मनोकामना पूर्ण होती है, हनुमान जी की गद्दी हैं।

### स्नान दान व्रत की चित्रा नक्षत्र युता चैती पूर्णिमा पर्व विधि विधान से सम्पन्न



**रांची** : मंगलवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरूपति बालाजी) मंदिर में चैत्र मास की पुण्यतमा पूर्णिमा तिथि में अनुपमेय लोकेश भगवान श्रीवेंकटेश्वर का हृदयाह्लादकारक पाश्चरात्र आगमोक्त विधि से तिरुवाराधन हुआ। इसके बाद 'श्रीदेवी, भूमिदेवी नीला और पद्मावती के प्रियतम श्रीनिवास का 27 दीपों के प्रकाश पुञ्ज से नक्षत्र आरती, अमृतत्व को प्रदान करने वाला-कुंभ आरती और सभी मनोरथों को सिद्धि देनेवाला कर्पूर से महा आरती की गई। तदन्तर अखण्ड ब्रह्माण्ड के अधिपति-वैकुण्ठ धाम के स्वामी का वदोक्त स्तोत्रों से स्तवन किया गया और गोष्ठी, शठारी शात्तुमोरा, पल्लाण्डु के बाद तदियाराधन हुआ।

### 'छम छम नाचे देखो वीर हनुमा अंजनी को लाल निरालो रे'

**छम छम नाचे देखो वीर हनुमा**
**अंजनी को लाल निरालो रे**
**श्री राम नाम मतवाला, है लाल लंगोटे वाला**
**दुनियां चले न श्री राम के बिना,**
**हनुमान जी चले न श्री राम के बिना**
**अंजनी मां के हुयो लाल, बधाई सारा भक्तां न**



**रांची** : भजनों की लय पर भक्तगण भाव विभोर हुए, अवसर था अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में दिनांक 23 अप्रैल 2024 हनुमान जयंती अत्यन्त भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ मनाया गया । हनुमान जयंती का उल्लास लिए भक्तगण प्रातः काल से ही वीर हनुमान के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। प्रातकाल में हनुमान जी को नवीन वस्त्र पहनाकर आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों जैसे गुलाब , जूही , बेला, मोगरा , गैंदा व से मनभावन श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम श्री श्याम प्रभु का भी इस अवसर पर विषश श्रृंगार किया गया। रात्रि 8:30 बजे श्री वीर हनुमान के जयकारों के बीच भक्तगण कतारब्रध होकर वीर बजरंगबली का दर्शन कर मंगलमय जीवन की कामना कर रहे थे । श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ कर भजनों की अमृत वर्षा की गई । इस अवसर पर वीर बजरंगबली को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा का भोग अर्पित किया गया।

---

### सेंट जेवियर कॉलेज रांची व मारवाड़ी कॉलेज रांची, के छात्र/छात्राओं ने रांची के मोरहाबादी मैदान में निकाली प्रभात फेरी

# यह प्रभात फेरी मतदाताओं को नयी सुबह की ओर ले जाने का प्रयास है : उत्कर्ष कुमार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : स्वीप के तहत जिले में मंगलवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में सेंट जेवियर कॉलेज रांची एवं मारवाड़ी कॉलेज रांची, के चुनावी साक्षरता क्लब के छात्र/छात्राओं द्वारा रांची के मोरहाबादी मैदान में मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची, सुमित कुमार अग्रवाल, कार्यपालक दंडाधिकारी, जफर हसनाथ, सेंट जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**प्रभात फेरी के दौरान छात्र/छात्राओं ने कहा-देश गढ़ने में अपनी सहभागिता निभाये**

**प्रभात** फेरी निकालने के दौरान छात्र/छात्राओं ने नारा लगाते हुए कहा की कौन गढ़ेगा देश को मेरा वोट.. मेरा वोट, 25 मई देना है, देना है वोट। साथ ही मतदाताओं से छात्राओं ने कहा देश गढ़ने में अपनी सहभागिता निभाते हुए वोट जरूर करें।

**मतदान आपको लोकतंत्र को मजबूत करने की शक्ति प्रदान करता है**




**अनुमंडल** पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा सभी से मतदान करने की अपील करते हुए कहा की मतदान आपको लोकतंत्र को मजबूत करने की शक्ति प्रदान करती है, इसलिए मतदान जरूर करें। आपने वोट की ताकत का प्रयोग करें।

**यह प्रभात फेरी मतदाताओं को नयी सुबह की ओर ले जाने का प्रयास है**

**अनुमंडल** पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा विशेष रूप से कहा गया की यह प्रभात फेरी मतदाताओं को नई सुबह की ओर ले जाने का प्रयास है, जिससे मतदाता जागरूक एवं जिम्मेवार बने और मतदान के दिन अपने घरों से निकल कर मतदान बूथों में जा कर मतदान करें। देश को मजबूत करने में अपनी सहभागिता निभाए।

**मतदान शहरी क्षेत्र के मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लगातार अभियान**

**अनुमंडल** पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा लगातार शहरी मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लो टर्न आउट बूथों का भ्रमण किया जा रहा है। वह तमाम प्रयास किए जा रहें है, जिससे मतदान का प्रतिशत बढे। उनके द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कैंडल मार्च, प्रभात फेरी, लो टर्न आउट बूथों का भ्रमण, बीएलओ के साथ बैठक, मिडिया के जरिये मतदान की अपील, पदाधिकारी को मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चुनाव से जुड़े तमाम पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है।

---

## डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में गीता पाठ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मंगलवार को श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ झारखंड कि ओर से आज डी ए वी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल वेस्ट एंड पार्क हेहल रांची में गीता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस गीता पाठ प्रतियोगिता के मुख्य अथिति के तौर पर डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल कि प्राचार्या रोशी वाधवानी, श्री सनातन महापंचायत झारखंड के युवा संयोजक डॉ. अनिल कुमार,श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ झारखंड के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी शुभम चौधरी जी उपस्थित थे। इस गीता पाठ प्रतियोगिता कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल कि संस्कृत शिक्षिका संगीता समादार, शैफाली मल्होत्रा, सुषमा ठाकुर जी का भरपूर सहयोग रहा। इस गीता पाठ प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच गीता का उचित ज्ञान को बढ़ाना था। श्रीमद भागवत गीता भारत के सभी प्राचीन योग और ज्ञान का निचोड़ और समन्वय है।गीता वास्तव चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र है। जीवन में बढ़ रहे तनाव को कम करने की एकमात्र विधि गीता है। इस अवसर पर बच्चों ने गीता के कई स्लोको और अध्यायों को पढ़ कर उसका उचित विश्लेषण भी किया। गीता पाठ में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियो को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। यह जानकारी अमन ने दी।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने सुश्री हर्षिता चामरिया व अमन अग्रवाल का किया सम्मान



**रांची** : समर्पण शाखा द्वारा (सिविल सेवा 2023 की परीक्षा में) सुश्री हर्षिता चामरिया (रांची) एवं अमन अग्रवाल (चाईबासा) की सफलता पर उन्हें सम्मानित किया गया। अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा आज संपूर्ण मारवाड़ी समाज को इन्होंने गौरवान्वित किया है। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से अनंत शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी गई। और शाखा द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में सुश्री हर्षिता चामरिया एवं अमन अग्रवाल को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही ऐसे होनहार बच्चों का इतने अच्छे से पालन पोषण करने के लिए उनके माता पिता को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, पूजा अग्रवाल मौजूद थी। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## कांके सुतियांम्बे मुड़हर पहाड़ के आस पास महाराजा मदरा मुण्डा के सभी धार्मिक स्थलों में भेड़ा, बकरा व मुर्गा की बलि देकर हुई पूजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मंगलवार को कांके सुतियांम्बे मुड़हर पहाड़ के आस पास सभी धार्मिक चिन्हों पर भेड़ा, बकरा एवं मुर्गा का बलि देकर पुरे विधि विधान, ढोल नगाड़ो के साथ महा राजा मदरा मुण्डा का चैत पुर्णिमा जयन्ती धूम धाम से बनायी गयी जिसमें, हेसातू, रातू, हेसालुंग, मैकलुस्कीगंज, चुड़ी टोला, उपर कोनकी, चुड़ी बस्ती, सोसई टोला (बुड़मू), नगड़ा, चिलदाग सोसो, हेसल गोन्दरी पोखर, ओखरगढ़ा, पुशू, बुकरू, कोकदोरो, कांके रोड, मुरूम, होचर, बालू इत्यादि क्षेत्रों से पुरूष, महिलाएं भारी संख्या में शमिल हुए। महाराजा मदरा मुण्डा चैत पुर्णिमा पुजा समिति के अध्यक्ष सह मुड़हर पहाड़ के पहान अरबिन्द पहान* ने कहा की आदिवासी समाज आदिकाल से बलि प्रथा का परंम्परा को निभाते आयी है



और आज भी महाराजा मदरा मुण्डा की जयन्ती पर सुतियांम्बे मुड़हर पहाड़ के आस पास सभी धार्मिक स्थलों में जाकर पुरे विधि विधान,ढोल नगाड़ो के साथ पुजा पाठ किया तथा भेड़ा,बकरा एवं मुर्गा का बलि देकर पुजा सम्पन्न कराया गया। मुख्य संरक्षक लक्ष्मीनारायण मुण्डा ने कहा की महाराजा मदरा मुण्डा की जयन्ती पुरे आदिवासी रिझ रंग ढोल नगाड़ो के साथ सुतियांम्बे मुड़हर पहाड़ में बनाया गया आने वाले वर्षों में इससे भी भाव और बढ़िया रूप में बनाया जाऐगा।

---

## चैत्र पूर्णिमा पर सर्वत्र मंगलमय वातावरण व पर्यावरण के लिए किये गायत्री साधक अखंड जप व प्रार्थना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : नव वर्ष संवत 2081 चैत्र मास पूर्णिमा सह श्रीहनुमान जन्मोत्सव के पावन दिवस पर 23 अप्रैल 24 मंगलवार को सुबह 5 बजे से कल 24 अप्रैल 24 बुधवार सुबह 5 बजे तक 24 घंटे का जप-अनुष्ठान में रांची सहित अन्य प्रान्तीय गायत्री परिवार शिष्य-साधक गण आनलाइन समूह साधना में जुटे। इसमें गायत्री महामंत्र, चन्द्रगायत्री मंत्र, हनुमान गायत्री मंत्र, चालीसा पाठ, सुन्दर काण्ड और महामृत्युंजय महामंत्र का अखंड जप-अनुष्ठान, मंत्र लेखन अनुष्ठान व हवन-यज्ञ कार्यक्रम आयोजन में अपने ईष्टदेव, गुरु-ईश, विशिष्ट देव प्रभु लक्ष्मीनारायण, श्रीहनुमान जी और सर्वदेव का विधिवत पुरुष सूक्त से विराट षोडशोपचार पूजन व स्वस्तिवाचन पाठ किए। अखिल विश्व स्तरीय आनलाइन स्वाध्याय मंडल व जप-अनुष्ठान समूह प्रतिनिधित्व में सैकड़ों साधक-शिष्य गण जुड़े।

# अन्नपूर्णा भोजन सेवा ने सफलतापूर्वक पूरे किये 14 साल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : आर्य चैरिटेबल ट्रस्ट, रांची द्वारा संचालित 'अन्नपूर्णा भोजन सेवा', रिम्स परिसर, रांची ने अपनी सेवा के 14 साल पूरे कर लिए हैं। बताते चलें कि 24अप्रैल, 2011को 'आर्य चैरिटेबल ट्रस्ट, रांची' की पहल पर समाज सेविका सुशीला गुप्ता एवं उनके पति एस०एल० गुप्ता ने मरीजों एवं उनके अभिभावकों की परेशानियों को देखकर 'अन्नपूर्णा भोजन सेवा' की शुरूआत रिम्स परिसर में की थी। जहां आज भी शुद्ध एवं गर्म पौष्टिक भोजन मात्र दस रुपए में छह रोटी-सब्जी अचार,मूँगदाल की खिचड़ी व 10 रुपए में ठण्डी पानी की बोतल लागत मूल्य पर एवं मरीजों के लिए गर्म पानी निःशुल्क उपलब्ध होता है।

**अन्नपूर्णा भोजन सेवा की शुरुआत कैसे हुई**

**समाज** सेविका सुशीला गुप्ता ने बताया कि जब हम रिम्स परिसर में मरीजों एवं उनके साथ आए अभिभावकों को भोजन के लिए इधर-उधर भटकते,ठगते देखते थे,तो अच्छा नहीं लगता था।सोचते थे कि हम इनकी कैसे मदद करें।क्योंकि इलाज के लिए आए मरीज झारखण्ड राज्य के सुदूर जिलों के होते हैं।तब ख़्याल आया कि क्यों न हम एक ऐसा कार्य प्रारंभ करें जहां लोगों की मदद हो जाए और हमारे द्वारा सेवा का कार्य। तभी हमने रिम्स के तत्कालीन निदेशक से मिल अनुमति ली और कार्य की रूपरेखा बनायी।

## वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच की गोष्ठी सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड इकाई की अप्रैल माह की गोष्ठी में गजलों गीतों एवं विविध विधाओं में बही काव्य की रसधार। आ. नरेश नाज सर के सानिद्धय में एवं संगीता सहाय के अध्यक्षता में दिनांक 22/4//24 को मंच की सचिव अर्पणा सिंह के आवास पर सफलतापूर्ण संपन्न हुई `सभी ने अत्यंत खुशनुमा माहौल में काव्य पाठ किया एवं एक दूसरे की कविताओं का आनंद लिया। माँ शारदे पर माल्यार्पण एवं दीप जला कर गोष्ठी की शुरूआत हुई संगीता सहाय के द्वारा सभी प्रतिभागियों के अभिनन्दन करने के पश्चात काव्यपाठ शुरू हुआ। सुनीता अग्रवाल ने मंत्रोच्चार किया और निर्मला कर्ण ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया, फिर सभी ने काव्य पाठ किया। प्रतिभागियों ने कविता, दोहे, गजल से वातावरण गुंजित हुआ। शमा सिन्हा, सुनीता श्रीवास्तव, निर्मला कर्ण, अर्पणा सिंह, रश्मि सिन्हा, कविता रानी सिंह, पूनम वर्मा, सुनीता अग्रवाल, बिंदु प्रसाद रिद्धिमा एवं संगीता सहाय ने काव्य पाठ किया।गोष्ठी में संचालन सुनीता श्रीवास्तव ने एवं धन्यवाद ज्ञापन अर्पणा सिंह ने किया। अर्पणा जी का आतिथ्य लाजवाब रहा।

---

### सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग संबंधी निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन

# मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नयी दिल्ली के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राजीव राठी देंगे सेवा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नयी दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच एवं



चिकित्सीय सलाह देंगे। निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये। सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों एवं हितधारकों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा समय-समय पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक ईलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

## रांची प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को झामुमो छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय की टीम ने दी बधाई व शुभकामनाएं



**रांची** : झामुमो छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय की टीम इंडिया गठबंधन की रांची प्रत्यासी यशस्विनी सहाय से मिलकर उन्हें प्रत्यासी बनाए जाने पर आदिवासी गमछा ओढ़ाकर तथा बुके देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस अवसर मोर्चा के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने रांची से युवा चेहरा को मौका दिया जिससे राजनीति में भविष्य देख रहे युवाओं में काफी उत्साह है, छात्र युवाओं का पुरजोर प्रयास होगा कि भारी से भारी मतों से यशस्विनी जी को जीताकर लोकसभा भेजा जाए। उन्होंने कहा कि यशस्विनी सहाय पढ़ी लिखी एवम् महिला होने के साथ-साथ राजनीतिक अनुभव भी रखती हैं वे एक परिवार से आती हैं जिन्हे घर से ही समाजसेवा की शिक्षा मिली है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सह तीन बार रांची के सांसद रहे सुबोध कांत सहाय जी की पुत्री होने के कारण राजनैतिक एवम सामाजिक कार्यकुशलता में उनमें दिखाई देती हैं।

## झारखंड की आधी आबादी मतदान में आगे, चुनाव लड़ने में पीछे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्य में मतदान में महिला आगे हैं लेकिन चुनाव लड़ने में पीछे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान महिला मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं लेकिन जब चुनाव मैदान में उतरने की बात होती है तो वो पिछड़ जाती हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 25 महिला प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया था, जिसमें से 23 की जमानत जब्त हो गयी थी। मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली आधी आबादी जब चुनाव मैदान में खुद उतरती है तो जीत से काफी दूर हो जाती है। चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य गठन के बाद सर्वाधिक महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में किस्मत आजमाने आई थी। झारखंड की सभी 14 सीटों पर 25 महिला खड़ी हुई, जिसमें दो ही जीतने में सफल हुई। शेष 23 की जमानत जब्त हो गई। इस चुनाव में जिन दो महिलाओं ने जीत का स्वाद चखा उनमें अन्नपूर्णा देवी और गीता कोड़ा शामिल हैं। इसी तरह पूर्व के चुनाव में भी महिला प्रत्याशियों की स्थिति इसी तरह बनी रही। 2004 में सिर्फ 01 सफल रही उसके बाद के 2009 और 2014 के चुनाव में कोई सफल नहीं हो पाई। लोकसभा, विधानसभा या अन्य चुनावों में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो राज्य में वर्तमान में 1,25,20,910 महिला मतदाता हैं जो इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। इसके अलावा अन्य लोकसभा चुनाव की अपेक्षा महिला प्रत्याशियों की संख्या भी सर्वाधिक होने की संभावना है।

---

# जिला स्तरीय लोकसभा वार शीघ्र घोषित किये जायेंगे : राणा

- **पीएम मोदी-बीजेपी चुनाव में हार मान चुकी, पीएम मुख्य मुद्दा छोड़ हिंदू मुस्लिम की बात कर ध्यान भटकाने की शर्मनाक कोशिश कर रहे हैं, चुनाव आयोग पीएम पर मुकदमा दर्ज करे : गौतम सागर राणा**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**रांची** : मंगलवार को प्रदेश राजद कार्यालय धुर्वा में राजद चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा ने प्रेस कांफ्रेंस को 2024 लोकसभा आम चुनाव में राजद पार्टी की भूमिका और राज्य में गठबंधन दलों के प्रत्याशियों को समर्थन में प्रचार प्रसार के लिए 49 सदस्यीय टीम का एलान किया। और साथ ही कहा की जिला स्तर



पर लोकसभा वार कमिटी शीघ्र घोषित कर दी जाएगी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए गौतम सागर राणा ने कहा कि आज देश का संविधान और लोकतंत्र दो विकट परिस्थिति में है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य मुद्दा से अलग होकर लोगो के बीच आपसी भाईचारे बिगाड़ने की बात कह रहे हैं। विदित है कि बीते दिनों पीएम मोदी लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजस्थान, छिंदवाड़ा सहित अन्य जगहों में अत्यंत हीं निंदनीय और घिनौनी तथा नफरती ब्यान दिया है, उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का घोषणा पत्र ने कहा गया है कि इंडिया की सरकार बनेगी तब सभी का सर्वे कराकर उनकी भागेदारी तय की जाएगी मतलब मोदी जी का कहना है कि हिंदू महिलाओं के गर्दन से मंगल सूत्र उतारकर मुस्लिम समुदाय के लोगो को लाभ पहुंचाया जायेगा। इस निंदनीय एवं अशोभनीय ब्यान के उपरांत चुनाव आयोग को अविलंब पीएम मोदी के ऊपर आचार संहिता का केस दर्ज करना चाहिए क्योंकि यह ब्यान हिंदू मुस्लिम की एकता और अखंडता पर सीधा प्रहार है, एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाने की खुली चुनौती दे रहे हैं, बेहद ही शर्मनाक बात है।

पीएम मोदी और भाजपा को 10 वर्षो का हिसाब जनता को देना चाहिए प्रचंड बेरोजगारी,बेतहाशा महंगाई, महिला सुरक्षा,जवान नौजवान युवा किसान मजदूर सभी दिशाहीन हो गए है, भारत में भुखमरी और गरीबी मुख्य मुद्दा है। बीजेपी इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर अरबों खरबों रुपया लेकर कंबल ओढ़े घी पी रही है और पीएम दूसरे को उपदेश दे रहे की इंडिया गठबंधन से सावधान रहना चाहिए। राणा ने कहा बीजेपी चुनाव में हार मान चुकी इसलिए अनर्गल बयानबाजी पर उतर आई है। देश की जनता इन्हे परास्त कर सत्ता से हटाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि देश की 70 फीसदी आबादी के बराबर कुछ लोगो के पास बेहिसाब धन हो गया है। राजद बाबा साहब अम्बेडकर का विचारधारा को तोड़ने वाले बीजेपी की नफराती मानसिकता को सफल होने नही देगी। पीएम मोदी निम्नस्तरीय बयानों पर उतर गए हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि राज्य चुनाव अभियान समिति में कुल 49 लोग शामिल हैं साथ ही सभी प्रकोष्ठ एवं जिला अध्यक्ष/प्रकोष्ठ अध्यक्ष सभी पदेन सदस्य होंगे। लेकिन आवश्यकतानुसार और लोगो का विस्तार किया जा सकता है।

## आचार्यकुलम रांची में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है जिसे 22 अप्रैल को पूरे विश्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी आचार्यकुलम रांची में विश्व पृथ्वी दिवस अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें कक्षा प्रत्युष से लेकर प्रथम तक के विद्यार्थियों ने अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें निर्णायक समिति में शिक्षिका अतिप्रिया सिंह एवं शिक्षिका निकिता नीलम भी उपस्थित थीं। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों ने सुमधुर व ज्ञानवर्धक कविता पाठ किया। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक परिधान पहने गए जो पृथ्वी दिवस से संबंधित थे। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षिकाओं ने समस्त प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन तालियां बजाकर किया। कार्यक्रम में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्या ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के द्वारा किया गया।

## एक झलक

### विवाह कर के लौट रहे विष्णुगढ़ के बीरबल तुरी की ऑटो पलटने से मौत

**विष्णुगढ़** : बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं कब किसकी जिंदगी के खुशी के पल को अगले ही पल मातम में तब्दील कर दे कहा नही जा सकता। इसी क्रम में विवाह कर के लौट रहे विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत जोबर पंचायत के ऊंचाघाना निवासी नंदलाल तुरी के 15 वर्षीय पुत्र बीरबल तुरी की मौत ऑटो पलटने से हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा घायलों को विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां घायलों का प्राथमिक इलाज किया जा रहा है एवं जिन घायलों को स्थिति गंभीर है उन्हें बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बता दें की उक्त घटना बीते रात की है। जानकारी के अनुसार यह घटना चटकरी के पांडे बांध के समीप घटी है।

### घायल व्यक्ति के इलाज के लिए ट्रांसपोर्टिंग कंपनी ने एक लाख रुपया नकद राशि दी

**केरेडारी** : थाना क्षेत्र अंतर्गत सलगा पंचायत के सायल गांव से प्रेम महतो, पिता-बिगन महतो ग्राम सायल पेटो निवासी को कल शाम 7 बजे कोयले की ट्रांसपोर्टिंग में लगी हाइवा के द्वारा चकमा से घायल हो गया था। जो अभी सदर अस्पताल हजारीबाग में इलाजरत जीवन और मौत के बीच झूझ रहे है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों एवं कुशवाहा समाज ने अपना एकता दिखा कर केरेडारी, टंडवा मुख्य पथ पर के गमटीया गढ़ा के सड़क जाम कर दिया। सुबह से कुशवाहा समाज के अध्यक्ष बैजनाथ महतो कोषाध्यक्ष कृष्णा कुमार सायल तिलेश्वर महतो हेवई, सलगा से कुंवर साव सायल से चोहन महतो, गणेश कुमार चरकु कुशवाहा, शंकर कुमार, सुगन कुमार, उमेश महतो, संजय, कुशवाहा, सकड़ो सायल के ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे। ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा 1 लाख रुपया नगद देकर जाम को हटाया गया वहीं ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के द्वारा या स्वस्थ करने तक जिम्मेदारी ली है एवं कहा है कि इलाज में हम लोग आर्थिक मदद और करेंगे इसके साथ ही ट्रांसपोर्टिंग गाड़ियां का परिचालन शुरू हो गई।

### अवैध कोयला परिवहन को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान

**धनबाद** : रविवार को मूनिडीह ओपी क्षेत्र में अवैध रूप से कोयला का परिवहन करते 05 स्कूटर को पकड कर अभियान चलाया है। प्रत्येक में 03 बोरा कोयला लदा हुआ था। जिसमें कुल करीब 10 किंटल कोयला सहित 05 स्कूटर को पुलिस ने जप्त कर थाना ले गए। कोयला चोरी को लेकर अग्रिम करवाई की जा रही है।

### निर्भीक होकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाग लेने के लिए किया गया प्रेरित

**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार मंगलवार 23 अप्रैल को आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा की द्वारा प्रखंड अंतर्गत चिन्हित वल्नरेबल बूथ में मतदाता संपर्क अभियान चलाया गया। विदित हो कि बलियापुर प्रखंड अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 277, 278 एवं 303 वल्नरेबल मतदान केंद्र के रूप में चिह्नित किए गए हैं। ए अलकडीहा ग्राम पंचायत के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 277 एवं 278 के चिन्हित वल्नरेबल मतदाताओं एवं ग्राम पंचायत सुरुंगा के मतदान केंद्र संख्या 303 के वल्नरेबल मतदाताओं से प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मिलकर उन्हें निर्भीक होकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान किसी भी दबाव या अन्य प्रलोभन रहित होकर स्वतंत्र रूप से मतदान में भाग लेने के बारे में बताया गया। उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर अभिलंब सूचित करने को कहा गया है। मतदाताओं को विश्वास दिलाया गया कि मतदान की प्रक्रिया में पूरी प्रशासनिक व्यवस्था उनके साथ है। उन्हें किसी से भी डरने की आवश्यकता नहीं है।

# निर्वाचन व्यय पर निगरानी को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर निगरानी हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग का गठन कर विडियों निगरानी दल,विडियों अवलोकन दल,लेखा दल,उड़न दस्ता एवं चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल का गठन किया गया है। आज इससे संबद्ध सभी दलों के पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण -सह-संदेह निवारण सत्र का आयोजन प्रशिक्षण सूचना भवन हजारीबाग में किया गया।



इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी, रतन लाल गुप्ता ने सभी दलों को पूरी मुस्तैदी से कार्य करने को कहा। उन्होंने निर्वाचन आयोग के संबंधित सभी निदेशों से अवगत कराया। सहायक नोडल पदाधिकारी सुनील कुमार चौधरी ने सभी दलों को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। राज्य कर पदाधिकारी नवनीत कुमार सिंह ने प्रतिभागियों के संदेह को स्पष्ट किया। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर धनंजय कुमार ने जब्ती की प्रक्रिया को ऑनलाइन रिपोर्टिंग करने के संबंध में बताया।

14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत उड़नदस्ता दल का सृजन किया गया है, जिसमें निर्वाचन कार्य हेतु बनाये गये मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के अतिरिक्त विडियोग्राफर भी रहेंगें। इस दल के द्वारा चुनाव को प्रभावित करने वाले कारकों यथा नगद, शराब, मुफ्त दी जाने वाली सामग्रीयों को जब्त किया जायेगा। इस दल के द्वारा प्रतिदिन अपने कार्यों से संबंधित कार्य प्रतिवेदन अनुलग्नक B-8 एवं B-9 'व्यय अनुवीक्षण कोषांग' को दिया जायेगा। यह दल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के मुख्य मार्ग, जो अन्य जिला अथवा राज्य से जुड़ते हैं, पर चेक-नाका के माध्यम से वाहन जांच का कार्य करेंगें। इनके द्वारा संबंधित मार्ग से जाने वाले प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जायेगी। 3. जांच में यदि नगद अथवा अन्य सामग्री, जो चुनाव को प्रभावित कर सकती हैं, तो इसकी सूचना FS दल को दिया जायेगा, जिनके द्वारा उक्त सामग्रीयों को जब्त किया जायेगा। यह चेक-नाका 247 कार्य करेगा।

14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चेक नाका में स्थैतिक जाँच दल कार्य करेंगें, जिसमें निर्वाचन कार्य हेतु बनाये गये मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के अतिरिक्त विडियोग्राफर भी रहेंगें। इस दल के द्वारा भी प्रतिदिन अपने कार्यों से संबंधित कार्य प्रतिवेदन अनुलग्नक इ- 10 'व्यय अनुवीक्षण कोषांग' को दिया जायेगा। इस दल का कार्य विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे चुनाव प्रचार-प्रसार कार्य का विडियो रिकॉर्डिंग करना है। इस दल में विडियोग्राफर के साथ निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मी रहेंगें, जिनके द्वारा रिकोर्डिंग के कम में स्थल पर पाये जाने वाले सभी सामग्रीयों को रिकोर्डिंग में बताया जायेगा।

यह दल अपने-अपने क्षेत्रों में सभी प्रकार के चुनाव प्रचार-प्रसार कार्य की रिकोर्डिंग करेगें, जिसमें अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा अभ्यर्थी अथवा राजनैतिक दल को निर्गत किये गये सभी प्रकार के अनुमतियों का विस्तृत रिकोर्डिंग किया जायेगा।

14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विडियो निगरानी दल का सृजन किया गया है, जिसमें निर्वाचन कार्य हेतु बनाये गये मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त विडियोग्राफर रहेंगें।

विडियो निगरानी दल के द्वारा अपने किये गये कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन अनुलग्नक Que Sheet B-15 (Evidence यथा C.D. सहित) 'व्यय अनुवीक्षण कोषांग' को दिया जायेगा।

## मतदान तैयारियों का लगातार लिया जा रहा जायजा



**केरेडारी** : प्रखंड में शत प्रतिशत वोटिंग हो इसके लिए अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने मतदान केंद्र पर बुनियादी सुविधाओं में किसी प्रकार का कोई कमी नहीं रहे और मतदान पदाधिकारी और मतदाताओं को सभी बुनियादी सुविधाएं मतदान तिथि को उपलब्ध रहे इसकी निगरानी और उपलब्धता सुनिश्चित कराने का कार्य अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार सभी मतदान केंद्रों पर पहुंचकर कर रहे हैं। मंगलवार को भी इन दोनों अधिकारियों ने बालेदेवरी, बसरिया, बेंगवरी, बेलतू, कंडाबेर, सिरमा इतीज, बारियातू, गरीखुर्द, पतराखूर्द, देवरिया खूर्द स्थित मतदान केंद्र भवन का निरीक्षण कर पानी, बिजली, रैंप, लाईट, पंखा, कमरे की उपलब्धता, शौचालय, छाया आदि की भौतिक स्थिति की जांच किया। इसके साथ हीं मतदान तिथि 20 मई को शत-प्रतिशत मतदाता मतदान केंद्र पर पहूंचकर मतदान करे इसके लिए प्रखंड मुख्यालय में आंगनबाड़ी सेविका और प्रखंड मुख्यालय में दूरदराज से आये ग्रामीणों से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील की गई।

## कदमा देवी मंडप में तीन दिवसीय यज्ञ आज से



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : कदमा देवी मंडप में बजरंग बली प्रतिमा स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 108 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का शुभारंभ हुआ 24 अप्रैल से प्रारंभ होगा। यज्ञ को लेकर हनुमान जयंती पर नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के बाद मंडप में पूजा अर्चना की गई। नगर भ्रमण में सैकड़ो महिला-पुरुष श्रद्धालु शरीक हुए। 24 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा के बाद पश्चात पंचांग पूजन, नन्दीमुख श्राद्ध, मंडप प्रवेश, बेदी पूजन, जलाधिवास के बाद संध्या आरती व भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। प्रत्येक दिन विभिन्न अनुष्ठान के बाद संध्या आरती व भजन- कीर्तन का आयोजन किया जाना है। मंगलवार की शाम बजरंग बली की प्रतिमा को लाया गया। यज्ञ को लेकर कदमा में वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। पूजन अनुष्ठान संपन्न कराने में आचार्य मिथिलेश पांडेय ने जुटे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में उदयनाथ सिंह, नवीन सिंह, विनय सिंह, निप्पू सिंह, शेखर सिंह, टिंकू कुमार, रोहित सिंह, विवेक सिंह, मोहित सिंह, सन्नी सिंह, पाल सिंह, वीरू सिंह, अभिज्ञान सौनिक्य, राजन सिंह, सागर सिन्हा, मनिकेत सिन्हा, रितिक सिंह, आयुष सिंह, सौरभ सिंह, बंटी सिंह, आदर्श श्रीवास्तव, पंकज पाण्डेय सहित अन्य भक्त जुटे हुए हैं।

## चौपारण पुलिस को मिली सफलता, साढ़े 9 किलो गांजा बरामद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : चौपारण थाना क्षेत्र से 09 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। इस दौरान एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर अपने घर से भागने में सफल रहा. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की रात गुप्त सूचना मिली कि अहरी गांव निवासी लक्ष्मण सिंह पिता महावीर सिंह ने अपने घर में तस्करी के लिए भारी मात्रा में गांजा रखा है. इस सूचना से वरीय अधिकारियों को अवगत कराने के बाद आदेशानुसार एक छापेमारी दल का गठन कर मंगलवार की सुबह लक्ष्मण सिंह पिता महावीर सिंह के घर में छापेमारी की गयी. छापेमारी के दौरान लक्ष्मण सिंह पिता महावीर सिंह जंगल एवं अंधेरे का फायदा उठाकर अपने घर से भागने में सफल रहा। जिसके बाद छापेमारी दल द्वारा लक्ष्मण सिंह पिता महावीर सिंह के घर की विधिवत तलाशी ली गयी. तलाशी के दौरान लक्ष्मण सिंह के घर के कमरे में चौकी के नीचे छिपाकर रखी गई तीन प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जिन्हें खोलने पर गांजा भरा हुआ पाया गया, जिसे विधिवत जब्त कर लिया गया। छापेमारी के दौरान पता चला कि लक्ष्मण सिंह पिता महावीर सिंह आसपास के इलाकों से गांजा खरीदता है और अपने घर में लाकर रखता है और बाद में बाहर ले जाकर बेचता है. बरामदगी के संबंध में चौपारण थाना कांड संख्या 125/24 दिनांक 23.04.2024 धारा 20 (बी) (c) (सी) एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर अनुसंधानभार पु०अ०नि० बिन्देश्वर महतो को सौंपा गया है। बरामदगी सामानो का विवरण 09 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त की गई। छापामारी दल में पु०अ०नि० दीपक कुमार सिंह थाना प्रभारी चौपारण, पु०अ०नि० बिन्देश्वर महतो चौपारण थाना, पु०अ०नि० दिव्य प्रकाश चौपारण थाना और चौपारण थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।



## हनुमान चालीसा व प्रसाद वितरण कर श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति ने हनुमान जयंती मनायी



**हजारीबाग** : श्री श्री चैत्र राम नवमी स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन और उनके सहयोगियों ने हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर महावीर स्थान चौक हनुमान मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की, प्रसाद और हनुमान चालीसा का वितरण किया, मंदिर के पुजारी ने अध्यक्ष टोनी जैन को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मान किया, मंदिर पहुंच कर अध्यक्ष ने मंदिर के तीनों पुजारी का सम्मान किया, हनुमान जयंती पर उन्होंने कहा की हनुमान जी राम भगवान के सच्चे भक्त थे, और महान सेनापति थे। हनुमान जयंती चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि के दिन पूजा अर्चना करने से सभी भक्तों का मनोकामना पूर्ण होता है आज पूरे भारत में हनुमान जी की मंदिर सबसे ज्यादा है, हनुमान जयंती के दिन सभी भक्तों को हनुमान जी का का आशीर्वाद मिलता है। समिति के सदस्यों में सोनू गुप्ता शेखर गुप्ता अमित पांडे निशिकांत सिंह सभी लोग उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

पूजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गैड़ा पंचायत के ग्राम गैड़ा स्थित बाबा मेघनाथ धाम में मंगलवार को शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया। रुद्र महायज्ञ को लेकर बाबा मेघनाथ धाम से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ यज्ञ मंडप से किया गया तत्पश्चात नगर भ्रमण करते हुए संतूरपी स्थित खेड़ो नदी से कलश में जल भरकर महिलाएं नारा लगाते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंचीं। आयोजित कलश यात्रा में बड़ी संख्या में सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। महायज्ञ के आयोजकों द्वारा बताया गया कि यह महायज्ञ पूरे पांच दिन तक चलेगा। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से लोगों में ज्ञान और संस्कार की बढ़ोतरी होती है साथ ही परिवार तथा समाज में शांति बनी रहती है। इस दौरान आयोजकों द्वारा उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। आयोजित कलश यात्रा में मुख्य रूप से इंडी गठबंधन से हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, बगोदर प्रमुख आशा राज, विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, बगोदर जिप सदस्य दुर्गेश साव, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी, गुरु प्रसाद साव, सुधीर सिंह, जलील अंसारी, महेंद्र यादव, हरि यादव, जितेंद्र यादव, भैरव यादव, राजेश यादव, सुधीर सिंह एवम आशीष बॉर्डर शामिल थे।



## ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस कोचिंग सेंटर में इंटरमीडिएट साइंस का नया बैच शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ बैंक ऑफ इंडिया के समीप स्थित ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस कोचिंग सेंटर मे इंटरमीडिएट साइंस (11वीं) का नया बैच शुरू हो गया है। इस संबंध में ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस कोचिंग सेंटर के संचालक सुनील कुमार ने बताया कि मैट्रिक में पास छात्र जल्द से जल्द उसका एडमिशन जरूर करवा ले।साथ ही बताया कि मैट्रिक में 90% या उससे अधिक मार्क्स लाने वाले छात्रों को ग्रेट इंडियन इंस्टीट्यूट के द्वारा निशुल्क शिक्षा दिया जाएगा। मैट्रिक में 80% - 89% लाने वाले छात्रों को ग्रेट इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के द्वारा 20% फ्री माफ किया जाएगा। मैट्रिक में 70% -79% के बीच परिणाम लाने वाले छात्रों को 10% फ्री माफ किया जाएगा। अनाथ छात्रों के लिए निशुल्क शिक्षा दी जाएगा। हमारे संस्थान में अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है। प्रैक्टिकल द्वारा फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स ऑर्बियोलॉजी के सारे कांसेप्ट सिखाया जाता है। जीएलएलएस एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ एनइइट एवं जेईई (मेन +एडवांस्ड) जैसे प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। इस संस्थान में साप्ताहिक परीक्षा आयोजित भी की जाती है।

## तीन दिवसीय रामराज्य मेला का हुआ आयोजन

हनुमान जन्मोत्सव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चौथा स्थित रामराज्य मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर ऐतिहासिक तीन दिवसीय रामराज्य मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का शुभारंभ बीते दिन सोमवार से किया गया है। रामराज्य मंदिर में चैत्र शुक्ल चतुर्दशी को संध्या में अधिवास पूजा के साथ अनुष्ठान प्रारंभ कर चैत्र शुक्ल पूर्णिमा मंगलवार की सुबह में भगवान श्री राम, माता जानकी, भ्राता भारत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, गुरु वशिष्ठ तथा श्री हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके साथ ही परिसर में मेले के आयोजन हेतु श्री रामराज्य सेवा मंच न्यास के सदस्यगण लगातार अपना सहयोग बनाए हुए हैं। बता दें कि देश में पुनः रामराज्य की परिकल्पना को संजोग कर पूर्वजों द्वारा इसकी शुरूआत की गई थी अथवा श्री हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर बीते 72 वर्षों से यहां चैत्र माह की पूर्णिमा को प्रतिवर्ष रामराज्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले की भव्यता को बनाए रखने के लिए प्रतिदिन संध्या में कथा, प्रवचन तथा मंगलवार को भक्ति जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस पूजन में शामिल होने के लिए तथा रामराज्य मेले का आनंद उठाने के लिए आसपास के गांव के ग्रामीणों के अलावा दूर दूर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का यहां आगमन होता है। आयोजित मेले में विभिन्न प्रकार के झूलों के अलावा तरह-तरह की दुकानें सजाई गई हैं। सुसज्जित एवम व्यवस्थित आयोजन के लिए पांच टोला के पांच लोगों को चयनित कर श्री रामराज्य मेला कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। बुधवार यानी 24 अप्रैल को पूर्णाहुति के बाद नगर भ्रमण किया जाएगा उसके साथ ही सभी विग्रहों का विसर्जन करते हुए तीन दिवसीय रामराज्य मेले का समापन किया जायेगा।



## झूठों की जमात को कोडरमा में मिलेगा करारा जवाब : रमेश सिंह

**कोडरमा** : भाजपा के वरिष्ठ नेता और झारखण्ड प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य श्री रमेश सिंह ने कहा कि कोडरमा में इन दिनों झूठ बोलनेवालों की जमात सक्रिय हो गयी है जो तथ्यहीन बातों के आधार पर कीचड़ उछालने में व्यस्त है लेकिन इन अराजकतावादियों को याद रखना चाहिए कि कीचड़ में ही कमल खिलता है और इस बार कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के घर घर में, एक एक ईवीएम में कमल खिलने से कोई रोक नहीं सकतोरमेश सिंह ने कहा कि घमंडीया गठबंधन और अराजक भाकपा माले के लोग आईना देखने के आदी नहीं, वरना उन्हें खुद अपना कलुषित चेहरा देखकर शर्म आ जाती बिहार झ झारखण्ड के जेल में बंद सबसे बड़े घोषित बालू चोर के घर में बैठकर

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल पहुंचे विष्णुगढ़, किया गया भव्य स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : इंडिया महागठबंधन से हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा सोमवार को विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न गांव का भ्रमण किया गया। इस जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरूआत उनके पैतृक आवास प्रखंड अंतर्गत चानो से किया गया। चानो में जयप्रकाश भाई पटेल का फूलमाला पहनाकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आयोजित जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत तेतरिया मोड़, चानो, मंडइटांड़, झपाटांड़, नया बांध, महुआटांड़, फराचांच, बोरा टोला, सारुकुदर एवम चीहुटियां का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष टेकोचंद महतो, कांग्रेस जिला महासचिव रामजन्म राय, प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, चानो पंचायत समिति सदस्य खिरिया देवी, सारुकुदर पंचायत समिति सदस्य महेश महतो, मुखिया उत्तम महतो, परमेश्वर महतो, हेमलाल महतो, अनिल राय, बालेश्वर महतो, राहुल कुमार, शेख कल्लू, फिरोज अंसारी, अनिल पटेल, डॉक्टर इम्तियाज अहमद, कैला राय समेत कई लोग शामिल थे।

# भयमुक्त वातावरण में होगा लोकसभा का चुनाव : उपायुक्त

**चतरा** : लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिले में जारी आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, 17 मार्च से अभी तक नए मतदाता को जोड़ने हेतु प्राप्त प्रपत्र-6, जप्त मादक पदार्थ व लिकर समेत अन्य उपलब्धियों के बारें मे जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि 16 मार्च को नोटिफिकेशन जारी होने के पश्चात 17 मार्च से अभी तक सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से कुल 5791 प्रपत्र-6 प्राप्त हुए है। वहीं चतरा विधानसभा क्षेत्र से 4338 नए मतदाता सूचि में जोड़ने हेतु दोनो विधानसभा से 10129 प्रपत्र-6 प्राप्त हुए है। जिले भर में छुटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूचि में शामिल करने के लिए 6 अप्रैल से विशेष अभियान चलाया गया जिसमें बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही लगातार जिले के वरीय अधिकारी भी इस कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे है। जिले के कुल 914 मतदान केन्द्रों में से कम मतदान प्रतिशत वाले कुल 300 बूथों को चिन्हित किया गया है जहां मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शारीरिक रूप से अक्षम मतदाता जो मतदान केन्द्र तक मत का प्रयोग करने हेतु बूथ पर पहुंचने में सक्षम नहीं है वैसे कुल 26 दिव्यांग मतदाता एवं 20 मतदाता जो 85 वर्ष से अधिक है को चिन्हित किया गया है। उन्हे मत का अधिकार दिलाने के लिए विशेष तैयारी कर ली गई है। आगे उन्होने कहा सबसे कम प्रतिशत वाले कुल 50 मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर जिले के वरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदान कराना है। स्वीप कार्यक्रम के तहत अति प्रभावित नक्सल क्षेत्रों में रात्रि चौपाल का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा हैं जिससे कि मतदाता अपना मत का प्रयोग निर्भय एवं भयमुक्त हो कर मतदान कर सके। इसके अलावे विद्यालयों, निजी संस्थान, सरकारी संस्थान, परियोजनाओं में भी तरह तरह के कार्यक्रम कराएं जा रहे है। अभी तक कुल 176 बूथों पर रात्रि चौपाल किया जा चुका है।



## सुविधाओं का निरीक्षण करने उपायुक्त पहुंचे सदर अस्पताल

**चतरा** : उपायुक्त रमेश घोलप ने देर रात 12 बजे रात्रि सुविधाओं का औचक निरीक्षण करने सदर अस्पताल चतरा पहुंचे। उन्होने निरीक्षण के क्रम में अस्पताल की साफ सफाई, दवाओं की उपलब्धता, रोस्टर अनुसार लगाए गए चिकित्सकों एवं कर्मियों की ड्यूटी, उपस्थिति पंजी, मरीज वार्ड समेत अन्य का जायजा लिया। मौके पर उन्होने रात्रि ड्यूटी में अनुपस्थित व लापरवाह कर्मियों को कारण पृच्छा किया गया। साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई को देख अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होने कार्य करने वाले आउटसोर्सिंग एजेंसी को कड़ी फटकार लगाया और कहा इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र व दूर दराज से मरीज अपना स्वास्थ्य जांच व ईलाज कराने सदर अस्पताल चतरा आते है। उनका समुचित जांच व ईलाज हो यह सुनिश्चित किया जाय। साथ ही बढ़ते तापमान को देखते हुए पेयजल की भी समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होने कहा वर्तमान में निरीक्षण के दौरान जो समस्याएं देखी गई है वैसी समस्याएं अगले निरीक्षण के दौरान पुनः न हो। उन्होने मरीजों और उनके परीजन से मुलाकात कर मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया।

## एक झलक

### डुमरी में हनुमान जन्म उत्सव पर भजन संध्या व भंडारा का आयोजन

**धनबाद:** श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर डुमरी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11:00 बजे से किया गया जिसकी शुरूआत भंडारा से किया गया, जिसमे 3500 भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद बालाजी महाराज की ज्योत प्रज्वालित की गई। उसके बाद बाबा को छापन भोग व बाबा का अद्भुत श्रृंगार किया गया। संध्या 07:00 बजे भजन कीर्तन का अयोजन किया गया, जिसमें धनबाद के पंकज सांवरिया, नीरज सांवरिया, स्नेहा गुप्ता, नेहा गुप्ता ने एक से बढ़कर एक भजन गए। इस दौरान सुनील सांवरिया ने कहा कि 1930 में सांवरिया परिवार के पूर्वजों द्वारा मंदिर की स्थापना की गई थी। वहीं कुछ वर्षों पूर्व सांवरिया परिवार सदस्यों के द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया और मंदिर को एक भव्य रुप दिया गया। कार्यक्रम लगभग 25 वर्षो से होते आ रहा है। कार्यक्रम में सुमित्रा देवी, सांवरिया, अनिल सांवरिया, सुनील सांवरिया, मनोज सांवरिया, गोविन्द अग्रवाल, विमल अग्रवाल, प्रभास बोदिया, प्रवीण अग्रवाल, दिनेश शर्मा, मोनू सांवरिया आदि लोग मौजूद थे।

### जदयू का प्रतिनिधिमंडल एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो से मिला, किया स्वागत

**धनबाद :** मंगलवार को धनबाद जिला जनता दल यू के जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह के नेतृत्व में पार्टी की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद लोकसभा सीट के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो से उनके आवास पर मिला और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल ने श्री महतो को जदयू पार्टी की ओर से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। उक्त प्रतिनिधि मंडल में जदयू पार्टी के धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रूपेश पासवान, युवा प्रकोष्ठ के महासचिव आदित्य पासवान, जिला सचिव महेश सिंह शामिल थे।

### पुरानी रंजिश को लेकर ढुल्लू महतो और भाजपा नेत्री समर्थक आपस में भिड़े

**धनबाद :** भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह के समथकों के बीच आपस मे भिड़ंत हो गई। दोनों समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना केंदुआडीह थाना क्षेत्र के एकड़ा पुल के पास की है। मामले की सूचना मिलते ही केंदुआडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सुजीत केवट को अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। घायल युवक ने आरोप लगाया कि ढुल्लू महतो समर्थक दिनेश रवानी और सुनील राय के साथ 20 से 25 लोगों ने उसे बंधक बना लिया और 14 नंबर चानक ले गए। वहीं लाठी, रॉड और ईंट–पत्थर से उसकी बुरी तरह से पिटाई की गई। जब वह बेहोश हो गया तो उसके कमर में देसी कट्टा रखकर सभी लोग भाग गए। घटना को लेकर घायल सुजीत केवट के भाई सूरज ने बताया कि कुछ माह पूर्व उनके चाचा के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके चलते आज सुबह दिनेश रवानी और सुनील राय ने अपने साथियों के साथ मिलकर बुरी तरह से पिटाई की। घटना के बाद पुलिस घायल का बयान दर्ज करने एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंची। जहां घायल से पूरी घटना की जानकारी ली और मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। मिली जानकारी के अनुसार दोनों के समर्थकों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। पुलिस ने बताया कि पहले भी इन दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो चुकी है।

# उपायुक्त ने की सीएपीएफ के ठहराव स्थल पर एएमएफ की समीक्षा

चुनाव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) के लिए चिह्नित ठहराव स्थलों व सभी मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी (एएमएफ) व अन्य आवश्यक व्यवस्था की समीक्षा की। इस क्रम में शौचालय, बाथरूम, पेयजल, निर्बाध पानी की सप्लाई, बिजली कनेक्शन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि भवन में सीएपीएफ के लिए उचित संख्या में शौचालय व स्नानागार का निर्माण



किया जा रहा है। उन्होंने शौचालय निर्माण के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, ग्रामीण एसपी श्री कपिल चौधरी, उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डीएसपी (मुख्यालय 1) एस कांती, वरीय पदाधिकारी निर्वाचन कोषांग प्रदीप कुमार शुक्ला, सीआरपीएफ के कमांडेंट एस डी त्रिपाठी, सहायक कमांडेंट संजीव कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार के अलावा बीसीसीएल के प्रतिनिधि, पीएचईडी, भवन प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

## राजकीय उच्च विद्यालय परसबनिया के ईएलसी छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार मंगलवार 23 अप्रैल को प्रातः काल में आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में राजकीय उच्च विद्यालय परसबनिया के ईएलसी छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।




रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर कुंभकार ओला कर्मकार टोला, गोराई टोला, बाद टोला, बाउरी टोला, दत्ता टोला, दास टोला होते हुए मतदान केंद्र तक पहुंची। विदित हो इन मतदान क्षेत्र में विगत संसदीय आम निर्वाचन 2019 में राष्ट्रीय औसत से मतदान प्रतिशत कम था। क्षेत्र में रैली के माध्यम से आगामी 25 में को मतदान में भाग लेने की अपील की गई। मतदाताओं को स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता स्लोगन के माध्यम से मतदान की अपील की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के ईएलसी के सभी सदस्य छात्र, शिक्षक गण, क्षेत्र के बीएलओ, पर्यवेक्षक स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं महिला प्रसार पदाधिकारी ने भाग लिया।

## बाबूलाल मरांडी के समक्ष प्रबुद्ध सम्मेलन में हुई धनबाद जन चेतना मंच की घोषणा

▪ केदारनाथ मित्तल अध्यक्ष व अमरेश सिंह बने महासचिव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** नवगठित धनबाद जन चेतना मंच की घोषणा मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष भाजपा झारखंड के समक्ष प्रबुद्ध सम्मेलन में की गई। मंच के महासचिव एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने बताया कि नवगठित जन चेतना मंच अपने नवीनतम एजेंडा व प्रयासों से धनबाद का कायाकल्प करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बीजेपी झारखंड बाबूलाल मरांडी ने धनबाद चेतना मंच के झारखंड के बहुत ही महत्वपूर्ण शहर धनबाद के विकास के



मद्देनजर हर महत्वपूर्ण एजेंडा को हर संभव समर्थन देने का आश्वासन दिया है। मंच के प्रमुख एजेंडा के लिए शहर के प्रबुद्धजनों से, धनबाद के सभी विधानसभा के जनता से, छात्र-छात्राओं से धनबाद का नए रूप से सर्वांगीण विकास साथ ही धनबाद वासियों के विभिन्न सुविधाओं जैसे एयरपोर्ट, फ्लाईओवर, ट्रेन, चिकित्सा, शिक्षा, प्रदूषण के समाधान के लिए मंच द्वारा बनाए गए लॉन्ग टर्म प्रोग्राम एवं शॉर्ट टर्म प्रोग्राम की विस्तृत एवं विशेष रूप से सामूहिक चर्चा कर सभी से राय मशविरा, विचार विमर्श लेकर त्वरित प्रयासों से बने एजेंडा के माध्यम से, हर संभव प्रयास कर धनबाद का विकसित रंग रूप धनबाद की जनता, राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की मदद से त्वरित गति से बदला जायेगा। यह एक अभूतपूर्व जंग चेतना द्वारा सरकार का ध्यान आकर्षित कर विकसित एवं सुनहरा धनबाद की दिशा में कार्यान्वन किया जायेगा। जन चेतना मंच के अध्यक्ष केदारनाथ मित्तल, महासचिव अमरेश सिंह, सचिव संजीव बीयोत्रा, तथा वाइस प्रेसिडेंट नंदलाल अग्रवाल, गोपाल कटेसरिया, सुरेंद्र अरोड़ा और सोमनाथ प्रुथि है। मंच के कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं मंच के कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा शीघ्र की जायेगी।

## मनोज मोहली बने पंचायत प्रभारी

**तोपचांची (धनबाद) :** मंगलवार को तोपचांची प्रखंड अंतर्गत कोरकोटा पंचायत के मछैदाहा गांव के मोहली टोला में आजसू पार्टी तथा ग्रामीणों की बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो मौजूद रहे। श्री महतो ने कहा कि गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी लोकसभा के सबसे बेहतर उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश का विस्थापितों के लिए ट्रिब्यूनल कानून लाए हैं जिसमें झारखंड के लगभग एक करोड़ 80 लाख लोगों का स्थाई समाधान होगा। इस बैठक में युथ आजसू पार्टी का सर्वसमिति से मनोज मोहली को पंचायत प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर उत्तम मोहली, विजय मोहली, मनोज मोहली, सुनीता देवी, कुंती देवी, पुलिया देवी, अनीता देवी जिरवा देवी, उपाशी देवी आदि लोग मौजूद थे।

## अस्मित न्याय मंच सिन्दरी का दूसरा स्थापना दिवस सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) :** अस्मित न्याय मंच सिंदरी की ओर से मंगलवार को मंच का दूसरा स्थापना दिवस केडी क्लोनी में न्याय के लिए संघर्ष तेज करने के फैसले के साथ संपन्न हुई। इस दौरान मंच के संयोजक विकास कुमार ठाकुर ने कहा कि दो वर्ष पूर्व डीनोबिली स्कूल सिंदरी में वर्ग दशम का छात्र अस्मित आकाश की हत्या स्कूल कैंपस में हीं कर दी गई थी। पुलिस ने अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दायर किया किंतु दो वर्ष बीत जाने के बावजूद हत्यारा को चिन्हित कर गिरफ्तार नही कर पाई है। विधानसभा में भी माननीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने सवाल उठाया था, इसके बावजूद पुलिस जांच के नाम पर शून्य है। स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य शर्मिष्ठा सेनगुप्ता ने कहा कि न्याय के संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए हीं मंच की स्थापना की गई है।

## सेल जीतपुर कोलियरी में डीजीएमएस की टीम ने खदान का किया निरीक्षण

निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** सेल कंपनी के जीतपुर कोलियरी एकमात्र भूमिगत खदान में पानी का रिसाव होने कि घटना को लेकर मंगलवार को डीजीएमएस कि टीम ने खदान का निरीक्षण किया। खदान के चाल से पिछले चार दिनों से जल का रिसाव हो रही था। अधिकारी जल रिसाव कि मामले को मामूली रिसाव मानकर हल्के में ले रहे थे। खदान में पहले कभी पानी का रिसाव नहीं होता था, अचानक जल रिसाव होने के मामले को यूनियन नेताओं ने गंभीरता से ले प्रबंधन पर सुरक्षात्मक कदम उठाने को दबाव बनाया। उप महाप्रबंधक मनीष कुमार ने सोमवार को दिन में यूनियन नेताओं से वार्ता कर सहयोग कि अपील किया। इस



बीच कल शाम को पानी का रिसाव कि मात्रा बढ़ने कि सूचना से अधिकारियों के हाथ पांव फूलने लगे। आनन-फानन में अधिकारियों ने खदान में कार्य कर रहे कंपनी एवं ठेका कर्मियों को खदान से बाहर निकाला गया। एहतियात के तौर पर सुरक्षा के ख्याल से मंगलवार को कर्मियों को खदान में उत्पादन कार्य में नहीं जाने दिया गया। खदान में आज उत्पादन कार्य नहीं होने से तीन सौ टन कोयले कि उत्पादन प्रभावित हुई है। मेनटेनेंस कार्य को कुछ कर्मी आज खदान में भेजे गए। मालूम हो कि जल रिसाव के मामले कि सूचना मिलने पर मंगलवार को डीजीएमएस के निदेशक एमके साहू ने अपने टीम के साथ कोलियरी आकर खदान का नक्शा देख जल रिसाव के कारणों कि प्रबंधन के साथ तीन घंटे तक बैठक कर समीक्षा किया। बैठक के बाद डीजीएमएस के अधिकारी जीएम बादल मंडल, डीजीएम मनीष कुमार, सुरक्षा अधिकारी बागची के साथ खदान में जाकर टाटा कोलियरी के 6/7 नंबर के बंद खदान के बैरियर के समीप तथा जल रिसाव स्थल का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति से अवगत हुए।

## कन्या पूजन व महाभोग के साथ तीन दिवसीय चंडी पाठ सम्पन्न

**बाघमारा (धनबाद) :** कतरास आकाश किनारी के जलाहीं बस्ती में पूर्णाहुति के साथ तीन दिवसीय चंडी पाठ संपन्न हुआ। आपको बताते चले कि रविवार को आकाश किनारी स्थित जालाहीं बस्ती से मां लिलोरी स्थान कतरी नदी से जल भरनी कर पूरे विधि विधान के साथ पूजा आरंभ की गई थी। सोमवार को पूजा हवन एवं आरती की गई। मंगलवार को हवन पूर्णाहुति कन्या पूजन एवं महाभोग का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने इसका लाभ उठाया। पूजा अर्चना संपन्न कराने में आचार्य मनोज पांडे का योगदान रहा, और इस चंडी पाठ को सफल बनाने में रसराज बाउरी, बबलू बाउरी, जगन्नाथ बाउरी, चंद्रशेखर आजाद बाउरी, विक्की बाउरी, राहुल बाउरी, विजय रजवार, राजू बाउरी, पंकज सिंह के अलावे पड़ोसियों का सरहनीय योगदान रहा।

## अवैध खनन रोकने गयी पुलिस टीम के साथ भिड़े खननकर्ता, एक गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**निरसा/धनबाद :** निरसा थाना क्षेत्र के बराकर नदी के बेजड़ा घाट पर सोमवार की रात जब खनन विभाग की टीम निरसा पुलिस के साथ अवैध बालू खनन और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई के लिए पंहुची तो स्थानीय असामाजिक तत्व टीम के साथ भिड़कर पकड़े गए एक व्यक्ति को छुड़ा लिया। रक्षार्थ छापेमारी टीम अपने आप हवाई फायरिग तक करनी पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार धनबाद खनन विभाग निरसा थाना की पुलिस के साथ अवैध बालू कारोबार के खिलाफ कार्रवाई के लिए सोमवार की रात करीब 9 बजे बराकर नदी के बेजड़ा घाट पंहुची और कार्यवाई करते हुए कई बालू लोड वाहन को



जब्त किया। बालू लोड करा रहे एक व्यक्ति को पकड़ जब टीम लौटने लगी तभी बालू माफिया के इसारे पर कारोबार से जुड़े गांव के लोगो ने हमला कर दिया। टीम पर पथराव शुरू कर गिरफ्तार किए युवक को छुड़ा लिया, जिसमे एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद पुलिस को करीब दर्जनों हवाई फायरिंग करनी पड़ी तब सब भागे। बाद में पुलिस की टीम घटना स्थल पंहुची जहां से जेसीबी, बालू लोड हईवा और ट्रेक्टर को जब्त किया, साथ ही एक बालू माफिया चीकू नामक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है। इस आलोक में निरसा थाना प्रभारी मनजीत सिंह ने बताया कि अवैध बालू कारोबारी के खिलाफ छापेमारी की गई थी, मगर बालू माफियाओं द्वारा हमला किया गया आत्मरक्षार्थ के लिए हवाई फायरिंग की गई, जिसमें एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है। बताया कि आगे भी अवैध बालू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

## कांग्रेस सांसद प्रत्याशी अनुपम सिंह भाजपा के कद्दावर नेताओं से ली आशीर्वाद



**धनबाद :** धनबाद में लोक सभा चुनाव 2024 का मतदान तिथि 25 मई है। मतदान में महज एक माह शेष है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं प्रत्याशियों को जीत के लिए आशीर्वाद की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ने बेरमो विधायक जय मंगल उर्फ अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाया है। टिकट मिलने के बाद अनुपमा सिंह धुआंधार जनसंपर्क कर रही हैं औय बड़े बुजुर्गों से जीत के लिए आशीर्वाद भी मांग रही हैं। कांग्रेस ही नही बल्कि बीजेपी के भी कई कद्दावर नेताओं के घर आशीर्वाद मांगने पहुंच रही हैं। 2 दिन पूर्व अनुपमा सिंह धनबाद के सासंद पीएन सिंह के भतीजे के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुईं जहां उन्होंने पीएन सिंह के पैर छुए और चुनाव में जीत के लिए आशीर्वाद मांगी। अनुपमा सिंह अपने पति अनूप सिंह के साथ झरिया की पूर्व विधायक कुंती सिंह से भी आशीर्वाद लेने उनके घर गईं। मौके पर सिद्धार्थ गौतम कांग्रेस के धनबाद जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी भी मौजूद थे। अभी हाल ही में अनुपमा सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक से भी आशीर्वाद लिया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बाजार समिति स्थित बज्रगृह सह डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**धनबाद :** आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त मंगलवार 23 अप्रैल को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने बाजार समिति स्थित चिन्हित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने टुंडी विधानसभा, बाघमारा विधानसभा एवं सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग पार्टी को विधानसभावार बैठने के स्थानों एवं डिस्पैच करने हेतु चिह्नित स्थानों समेत कई अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने पोलिंग पार्टियों के बैठने समेत मूलभूत सुविधाओं हेतु चल रही तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## झरिया कोयलांचल में हनुमान जयंती पर जुटे श्रद्धालु



पूजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद):** झरिया धनबाद कोयलांचल में मंगलवार को धूमधाम के साथ वीर हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान विभिन्न हनुमान मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया था। सुबह से हनुमान भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में जुट गई। धनबाद रणधीर वर्मा चौक स्थित हनुमत प्रतिमा की सजावट की गई थी। विशेष पूजन अर्चना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं, झरिया कोयलांचल में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, इधर दाल पट्टी स्थित श्री हनुमान मंदिर, विधि विधान से पूजन अर्चना के बाद संकीर्तन का आयोजन किया गया। लक्ष्मीनिया मोड़ स्थित महाराणा प्रताप दल में हनुमान जयंती पर मंगल पाठ का आयोजन किया गया। हनुमान जी को भोग लगाए गए। यहां पर दुनिया चले ना श्री राम के बिना श्री राम ना चले हनुमान के बिना.., श्री राम जी की सेना चली...., के भजनों पर रात भर श्रोता झुमते रहे। अमलापाड़ा महारथी कर्ण दल द्वारा हनुमान जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया,प्रभु हनुमान की विशेष पूजा अर्चना के बाद सामूहिक भंडारे में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। झरिया बाटा मोड़ महावीर मंदिर में पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही लोग जुटने लगे थे, दिनभर हनुमान जी की पूजन अर्चना का दौर जारी रहा।

### श्री हनुमान जयंती पर मंदिर परिसर में जुटे श्रद्धालु

**बाघमारा (धनबाद) :** कतरास क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में मंगलवार को श्री हनुमान जयंती मनाई गई । बताते चले कि मंगलवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिरों में पहुंची,और पूजा अर्चना किया। इस दौरान संकट मोचन मंदिर कतरास, सालासर मंदिर नदी किनारे, जोड़ा मंदिर डांगी, रघुवीर मंदिर भगत सिंह चौक, रघुवीर मंदिर गांधी चौक, हनुमान मंदिर राजबाड़ी के अलावे अन्य हनुमान मंदिरों में भारी भीड़ श्रद्धालुओं की जुटी।

# एआईआरएफ के शताब्दी वर्ष का हिस्सा बनना महान गौरव का क्षण है : मो ज्याऊद्दीन

आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** ऑल इंडिया रेलवमेंस फेडरेशन धनबाद के शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन नई दिल्ली में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उक्त आयोजन 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक हो रही है। ज्ञात हो कि एआईआरएफ की स्थापना 24 अप्रैल 1924 को हुई थी और 24 अप्रैल 2024 को भारतीय रेल का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन अपने सौ वर्ष पूरा करने जा रहा है। उक्त




जानकारी मंगलवार को देते हुए एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को महिला एवं युवा रेलकर्मियों की राष्ट्रीय सभा तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की गई है। 24 अप्रैल को फेडरेशन के वर्किंग कमिटी की बैठक करनैल सिंह स्टेडियम में होगी,और दोपहर 2 बजे से सभी जोनल यूनियन द्वारा विशाल रैली अजमेरी गेट नई दिल्ली से निकाली जाएगी। जिसमें ईसीआरकेयू के केन्द्रीय अध्यक्ष डीके पाण्डे और महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी प्रतिनिधिगण अपनी सहभागिता निभाएंगे।

उक्त रैली करनैल सिंह स्टेडियम में पहुंचेगी जहां विशाल जनसभा को देश विदेश के रेल यातायात के श्रमिक संगठनों के शीर्ष नेतृत्व तथा उच्च अधिकारी संबोधित करेंगे। इस समारोह को मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड की प्रथम महिला चेयरमैन श्रीमती जया वर्मा होंगी तथा अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के महासचिव स्टीफन कॉटन समारोह का उद्घाटन करेंगे। वहीं, 25 अप्रैल को प्रतिनिधि सभा की बैठक तालकटोरा स्टेडियम में होगी। 26 अप्रैल को सेवानिवृत्त रेलकर्मियों के प्रथम राष्ट्रीय स्तरीय बैठक सिविक सेंटर नई दिल्ली में होगी। धनबाद मंडल से बड़ी संख्या में रेलकर्मी इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए दिल्ली प्रस्थान कर गए हैं। ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी मो. ज्याऊद्दीन ने जानकारी देते हुए कहा कि इस शताब्दी वर्ष के आयोजन में रेलकर्मियों द्वारा नये पेंशन योजना को समाप्त कर सभी के लिए पुराने पेंशन योजना को लागू करने के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर एआईआरएफ ने कई केन्द्रीय श्रमिक संगठनों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि एआईआरएफ को अनेकों महत्वपूर्ण विभूतियों ने अपना कुशल नेतृत्व प्रदान किया है जिसमें वीवी गिरी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, मधु दंडवते, जार्ज फर्नांडीस, उमरावमल पुरोहित, जेपी चौबे,राखालदास गुप्ता आदि का नाम प्रमुख है। ये हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं। इन्हीं महान समर्पित नेतृत्व के कारण ही रेल मजदूरों के साथ साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों के मजदूरों की कार्य परिस्थितियों में सुधार हुआ तथा अनेकों श्रमिक अधिकार प्राप्त हुए हैं। इस शताब्दी वर्ष का हिस्सा बनने जा रहे सभी रेलकर्मी अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के मिडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि धनबाद मंडल से जाने वाले प्रतिनिधि मंडल में केन्द्रीय अध्यक्ष डीके पाण्डे, अपर महामंत्री मो. ज्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, जोनल, सेक्रेटरी एआईआरएफ ओपी शर्मा, केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता तथा नेताजी सुभाष सहित आरके सिंह, अजय सिंह, आई एम सिंह, बीके साव, पीके सिन्हा, रुपेश कुमार, बीबी सिंह, चंदन कुमार शुक्ला, विकास कुमार, आर एन चौधरी, स्वेता कुमारी,दीपा कुमारी एवं अन्य सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हैं।

## सम्पादकीय.....

## परिणाम तय है इसलिए मतदाता उदासीन

**अठारहवीं** लोकसभा के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान हो गया। सभी 102 सीटों में से ज्यादातर में मतदान के प्रतिशत में कमी आई है। इससे यह माना जा रहा है कि मतदाताओं में चुनाव के प्रति वह उत्साह और उमंग नहीं था, जिसकी उम्मीद राजनीतिक दल विशेष रूप से भाजपा लगाए बैठी थी । तो क्या भाजपा को इससे निराश होने की जरूरत है ? या कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को इसमें से किसी अप्रत्याशित परिणाम की उम्मीद रखनी चाहिए ? दोनों ही प्रश्नों का एक ही जवाब है, नहीं। यह सही है कि भारतीय जनता पार्टी को मोदी सरकार के कामकाज पर मतदाताओं की ओर से जोरदार समर्थन की उम्मीद थी और विपक्षी दलों को लगता था कि जनता महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सड़क पर आ जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसका एक ही मतलब है कि मतदाता ने परिवर्तन करने से ही इनकार कर दिया। हां, अब बहस सिर्फ इस बात पर हो सकती है कि भाजपा गठबंधन 400 सीटों से पार जा पाएगा या नहीं ? जहां तक मतदाताओं में उल्लास या वोटिंग प्रतिशत गिरने का सवाल है, तो कोई भी निष्कर्ष निकालते समय हमें इस तथ्य को भी देखना होगा कि क्या किसी एक ही दल का मतदाता निष्क्रिय था ? या सभी मतदाताओं को पहले से ही चुनाव परिणामों का अंदेशा है, इसलिए चुनाव में उसका उत्साह नदारद था। टेलीविजन पर होने वाली बहस को छोड़ दें तो गांव-चौपाल में भी मतदान और प्रत्याशी को लेकर कोई उत्सुकता नजर नहीं आई । तो भारत जैसे देश में जहां चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है, वहां मतदाता की उदासीनता का कारण क्या हो सकता है ? यह याद रखे जाने की जरूरत है कि 2014 का चुनाव परिवर्तन के नारे के साथ लड़ा गया था। भारत की जनता मनमोहन सरकार की अक्षमता के खिलाफ अपना मन बना चुकी थी, और अबकी बार मोदी सरकार व अच्छे दिन के नारे पर उसने मतदान किया था। 2019 का चुनाव भी पाकिस्तान को सबक सिखाने की मोदी सरकार की क्षमता पर हुआ। यह ऐसा चुनाव था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पीछे छूट गए थे और मतदाताओं ने मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकतरफा मतदान किया। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। मतदाताओं में उस उत्साह की कमी साफ दिख रही है, जो पहले के दो चुनाव में देखी गई। तो क्या यह मान लिया जाना चाहिए कि देश के मतदाता को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा नहीं रहा या वह कथित इंडी अलांयस के नेताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकल्प के रूप में देख रहा है? बहुतांश लोगों को यह प्रश्न विचित्र लग सकता है लेकिन इस प्रश्न का जवाब ही भारत के जनमानस की वास्तविक अभिव्यक्ति है। दरअसल, आएगा तो मोदी ही, यह नारा भाजपा के साथ-साथ विपक्षी दलों के कार्यकताओं के मन में गहरे पैठ गया है। तो भाजपा कार्यकर्ता अपनी जीत देख निश्चिंत होकर चुनाव को आराम से लड़ रहे हैं, तो विपक्षी दलों के कार्यकताओं को यह लगता है कि जब भाजपा ही जीत रही है और जनमानस भाजपा के साथ है तो चुनाव में आक्रामक होने का क्या फायदा? ऐसा भी नहीं है कि भाजपा समर्थक हिन्दू मतदाता ही मतदान करने नहीं निकला, भाजपा को वोट नहीं देने वाले मुस्लिम समाज में भी वोट देने के प्रति उदासीनता देखी गई है। मुस्लिम बहुल बूथों पर जहां रात के दस-दस बजे तक मतदान करने के लिए लाइनें लगी रहती थीं, इस बार ऐसे समाचार सुनने में नहीं आए। इस तथ्य पर भी विचार करना ही चाहिए कि बीते सालों में यह पहली बार है जब मतदान केन्द्रों पर तनातनी या लड़ाई-झगड़े के समाचार भी सुनने को नहीं मिले हैं। ऐसा तभी होता है जब पक्ष और विपक्ष चुनाव परिणाम के बारे में आश्वस्त होते हैं।

## ● किसने क्या कहा




बंगाल में लगायेंगे घुसपैठ पर लगाम, राज्य की 35 लोस सीटें जीतेंगे

**अमित शाह**
**गृह मंत्री**

भाजपा के मुख्यमंत्रियों पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं, दिलाएं ऐतिहासिक जीत

**राजनाथ सिंह**
**रक्षा मंत्री**



# सड़कों पर कैसे थमे अराजकता

**विशेष** | आरके सिन्हा

जरा सोचिए कि सड़क हादसों में मरने वालों में 50 फीसद 14-35 साल की उम्र के होते। इनमें से बहुत सारे अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होते हैं थे। यूं तो सड़क हादसों के तमाम कारण गिनाए जा सकते हैं। पर 66 फीसद हादसों का कारण तेज रफ्तार से और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है। तो इस पर हर हाल में नियत्रंण करना होगा। इसके लिए तेज वाहन चलाने वालों पर कठोर दंड लगाया जाना बिल्कुल सही माना जा सकता है। इस सवाल पर कोई बहस हो ही नहीं सकती। सड़क हादसों को रोकने के लिए नागरिकों और पुलिस को समान रूप से अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। सबका सहयोग नहीं रहेगा तो मौजूदा हालात में बदलाव संभव नहीं है।

**यकीन** मानिए कि किसी देश और वहां के लोगों को जानने के लिए आपको कोई बहुत घुमक्कड़ी करने की जरूरत नहीं है। आप जिस देश के समाज को जानना चाहते हैं, उसके एयरपोर्ट से उतरने के बाद वहां की सड़कों में चल रहे यातायात को देख भर लें। आपको सब कुछ पता चल जायेगा कि वहां का समाज कितना अनुशासन प्रिय है या अराजकता में कितना यकीन करता है। राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है । बात यही खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटर साइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं । यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा। दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में, यह दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चार पहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है।
दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना। हालांकि हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुमार्ना किये हैं। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुमार्ना जारी किए गए, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है। याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं कउन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं । अब कोई यह न कहे कि पुलिस महकमें में घूसखोर नहीं बैठे हैं। वहां घूसखोरों की कोई कमी नहीं है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता।
बहरहाल. लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोगों को मानक हेलमेट और सीट बेल्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, अपर्याप्त साइनेज और पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं की भारी कमी जैसे मुद्दों को दूर करने की आवश्यकता है। देखिए दिल्ली का तो यहां उदाहरण दे दिया गया। यातायात नियमों की तो सारे देश में अनदेखी हो रही है। यह अफसोसजनक स्थिति है। एक बात और कहने का मन कर रहा है कजब बात सड़कों के चौड़ीकरण, सौदर्यीकरण और इनके विस्तार पर होती है तो पैदलयात्री के बारे में कोई नहीं सोचता। उसकी एक वजह यह भी है कि वह समाज का सबसे बेबस व्यक्ति है। वह गरीब है। उसकी आर्थिक-सामाजिक हैसियत कमजोर है। तो क्या इसलिए वो सड़क पर तड़प-तड़प कर मरने के लिए अभिशप्त है। क्या अमीरजादे सड़कों पर पैदलयात्रियों को कुचलते रहेंगे? पैदलयात्रियों का सड़कों पर कुचला जाना और यातायात के नियमों अनदेखी का सीधा संबंध है। कारों और दूसरे वाहनों की बिक्री को तो रोका नहीं जा सकता। लेकिन, सरकार कड़े उपाय करके पैदलयात्रिओं को राहत तो दे ही सकती है। फुटपाथों को फिर से कायम तो किया ही जा सकता है। सड़कों के किनारे जहाँ स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद आदि सार्वजनिक स्थान हों वहां तो अंडरपास या फुट ओवरब्रिज बनाये ही जा सकते हैं। कम से कम स्कूल की छुट्टी के समय एक ट्रैफिक का सिपाही तो तैनात हो ही सकता है।

# नक्सल विरोधी कार्रवाई पर हमदर्दी भरा दृष्टिकोण क्यों?

**गौरतलब** | डॉ. रमेश ठाकुर

**कांग्रेस** सरकार अपने वक्त में ये तय नहीं कर पाई थी कि वह आर्म्ड वाम विद्रोह के खिलाफ केंद्रीय नीति किस तरह की रखे। कांग्रेस के नेताओं में इस पर एकमत था ही नहीं। प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह उच्चस्तरीय सुरक्षा सम्मेलनों में तो यह कहते रहे कि नक्सलवाद देश के लिए खतरा है। पर, गृहमंत्री के रूप में चिदंबरम ने सशस्त्र विद्रोह के प्रति कोई आक्रामक नीति कभी बनाई ही नहीं? मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह ने नक्सलवाद के मूल कारणों को ढूंढने के अपने सिद्धांत बना लिए और उसी की वकालत करते रहे।

**छत्तीसगढ़** के कांकेर में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे। उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ। नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक दफा फिर कांग्रेस ने प्रमाणिकता पर सवाल उठाए हैं। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षाबलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से हमदर्दी जताई। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने इससे पूर्व भी नक्सलियों को शहीद बताकर उनके प्रति हमदर्दी जताई थी। यह तो जगजाहिर है ही कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है। जबकि, कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंकवाद झेलता आया है। अब समय की मांग है कि इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने कतई औचित्य नहीं? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाया हुआ है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिले हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षाबलों के जवानों की जान गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई।

## आज का इतिहास

- भारतीय सेना की पहली और सबसे बहादुर बटालियन मानी जाने वाली गोरखा रेजीमेंट ने 1815 में आज के दिन 200 साल पूरे किए हैं।
- रुस ने 1877 में ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।
- स्पेन ने 1898 में अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- जर्मनी की सेना ने 1915 में बेल्जियम के फ्लेमिस प्रांत के आइपर क्षेत्र में क्लोरोफोर्म गैस छोडी।
- पोलैंड की सेना ने 1920 में यूक्रेन पर हमला किया।
- 1926 में आज के ही दिन ट्रेट्री ऑफ बर्लिन साइन की गई थी।
- ऑस्ट्रेलिया और सोवियत संघ ने 1954 में राजनयिक संबंध समाप्त किये।
- दक्षिण पर्सिया में 1960 में आये भयंकर भूकंप से लगभग 500 लोगों की जान गयी।
- सन 1967 में रूसी अंतरिक्ष यात्री का दुर्घटना में निधन।
- पहला चाइनीज सेटेलाइट डांग फांग हांग 1970 में लांच किया गया।
- भारतीय क्रिकेट टीम ने 1998 में शारजाह में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराकर कोका कोला कप जीता।
- अर्जेन्टीना में 2002 में बैंक अनिश्चित काल के लिए बंद।
- नेपाल में 2006 में संसद बहाल।
- सन 2013 में ढाका में एक बिल्डिंग गिरी जिससे लगभग 1129 लोगों की मौत हो गई और 2500 से ज्यादा घायल हो गए।
- सन 2013 में अफगानिस्तान के जलालाबाद में 5.7 तीव्रता के भीषण भूकंप में 33 लोगों की मौत, 115 घायल।
- 1922 में इतालवी राजनेता सुजान्ना अग्नेली का जन्म।
- 1928 में प्रसिद्ध कन्नड़ अभिनेता राजकुमार का जन्म।
- 1929 में भारतीय फि ल्म अभिनेत्री शम्मी का जन्म।
- 1940 में मिजोरम के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का जन्म।
- 1956 में छत्तीसगढ़ राज्य की पहली महिला कलाकार और गायिका तीजनबाई का जन्म।
- विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में गिने जाने वाले देश के महान क्रिकेटर सचिन रमेश तेंदुलकर का 1973 में जन्म हुआ था।

## अंकजाल - 7527

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 24 | 21 | 10 | ■ | 33 | 23 | 12 | 21 | ■ |
| 15 | 7 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | | 26 |
| 17 | | 2 | | ■ | | 4 | | 6 | 15 |
| 16 | 7 | | ■ | | 7 | | 5 | | 24 |
| 33 | | 5 | | 8 | | 2 | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 | | 5 | | 7 | | 32 |
| 22 | | 4 | | 2 | | ■ | | 3 | 9 |
| 27 | 4 | | 7 | | ■ | | 8 | | 19 |
| 25 | | 6 | | 7 | ■ | 6 | | 1 | 14 |
| ■ | 14 | 17 | 31 | 36 | ■ | 11 | 28 | 13 | ■ |

**अंकजाल 7526 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 18 | 16 | 27 | 21 | ■ | 14 | 19 | 23 | ■ |
| 25 | 6 | 7 | 9 | 3 | ■ | 7 | 2 | 5 | 14 |
| 20 | 5 | 4 | 9 | 2 | ■ | 7 | 5 | 8 | 20 |
| 25 | 7 | 5 | 3 | 8 | 2 | ■ | 7 | 3 | 10 |
| ■ | ■ | ■ | 4 | 2 | 7 | 2 | 5 | 7 | 27 |
| 35 | 8 | 9 | 2 | 3 | 8 | 5 | ■ | ■ | ■ |
| 13 | 6 | 7 | ■ | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 20 |
| 14 | 5 | 6 | 3 | ■ | 4 | 7 | 8 | 8 | 27 |
| 19 | 5 | 8 | 6 | ■ | 4 | 6 | 8 | 7 | 25 |
| ■ | 24 | 32 | 9 | ■ | 31 | 24 | 21 | 17 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपनेपन का प्रेम असली प्रेम

**जब** प्रेम बहुत गहरा होता है, तब तुम किसी भी गलतफहमी के लिए पूरी जिम्मेवारी लेते हो। पल भर के लिए ऊपरी तौर से नाराजगी व्यक्त कर सकते हो, परन्तु जब इस नाराजगी को दिल से महसूस नहीं करते, तब तुम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझ पाते हो। तब तुम उस अवस्था में हो जहां सभी समस्याएं और मत-भेद मिट जाते हैं और केवल प्रेम झलकता है। प्रायः हम मतभेदों में उलझे रहते हैं क्योंकि अपने वास्तविक स्वभाव से दूर हो गए हैं। प्रेम के नाम पर हम दूसरों को इच्छानुसार चलाना चाहते हैं। यह स्वाभाविक है कि जब हम किसी से प्रेम करते हैं तो हम चाहते हैं कि वे त्रुटिहीन हो। तुम पहाड़ी के ऊपर से जमीन के गड्ढों को नहीं देख सकते। इसी प्रकार, उन्नत चेतना की अवस्था से दूसरों की त्रुटियां नजर नहीं आती। परन्तु जमीन आकर गड्ढों को (दोषों को) देख सकते हो। और गड्ढों को भरना चाहते हो तो उन्हें देखना ही होगा। हवा में रहकर तुम घर नहीं बना सकते। गड्ढों को देखे बिना, उनको भरे बिना, कंकड़-पत्थर हटाए बिना, जमीन को नहीं जोत सकते। इसीलिए जब तुम किसी से प्रेम करते हो और उनमें दोष ही दोष देखते हो तो उनके साथ रहो और गड्ढे भरने में उनकी मदद करो। यही ज्ञान है। तुम किसी को प्यार क्यों करते हो? क्या उनके गुणों के लिए या मित्रता और अपनेपन के कारण? अपनत्व महसूस किए बिना, केवल उनके गुणों के लिए, तुम किसी से प्रेम कर सकते हो!

## सुविचार

सौंदर्य तो अस्थाई है, लेकिन मन आपका जीवन भर साथ देता है।

**एलिशिया मेकेडो**

विचारों को मूर्त रूप देने की क्षमता ही सफलता का रहस्य है।

**हेनरी वार्ड बीचर**

# छत्तीसगढ़ के जंगलों में 'मौत' के खौफ से नक्सली सरेंडर को मजबूर

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**जिंदगी** की कीमत हर किसी के लिए इतनी अधिक है कि उसकी कोई कीमत नहीं लगाई जा सकती । नक्सली हो या अन्य आतंक के रास्ते पर चलनेवाले लोग, जो भले ही किसी की जान लेने में जरा भी देरी नहीं करते, लेकिन बात जब उनकी अपनी जान पर बन आए तो ये हर कीमत पर इसकी हिफाजत करने के लिए कुछ भी कर गुजरने हैं । पहले नक्सली संगठन भारत की कम्युनिष्ट पार्टी (माओवादी) दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सरकार से वार्ता करने के लिए तैयार होती है, वह भी सशर्त, फिर जब बात शर्त के साथ बातचीत की नहीं बनती और सरकार साफ चेता देती है कि आमजन, नेता और व्यापारियों को यदि नक्सलियों ने अपना निशाना बनाया तो उन्हें फिर इसका अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए, और फिर एक गलती जैसे नक्सलियों के लिए काल बनकर आ गई, देखते ही देखते जंगल से उनका सफाया शुरू हो गया, ऐसे में अब उनके पास जंगल से भागने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।
वस्तुतः इन दिनों छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर सरकार सख्त है। लम्बे समय से चल रहे नक्सली घातों के बाद अब वक्त इस राज्य में सरकार बदलने के बाद प्रतिघात कर नक्सलवाद को समाप्त करने का है। यहां अभी भाजपा की सरकार बने बहुत दिन नहीं बीते हैं, लेकिन भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार हकीकत में अपने छत्तीसगढ़वासियों से जो नक्सलवाद के खात्मे का वादा कर सत्ता में आई, वह बहुत शिद्दत से उसे निभाती नजर आ रही है। यही कारण है कि नक्सली बैकफुट पर हैं और इनामी नक्सली तक राज्य से पलायन करने या सरकार के समक्ष सरेंडर को मजबूर हो उठे हैं।
अब आंध्र प्रदेश की ओर भाग रहेः ये कहानी उन छह बड़े इनामी नक्सलियों की है, जो हर हाल में जिंदा रहना चाहते हैं। इनकी ये जिंदा रहने की चाह इन्हें छत्तीसगढ़ से भागने को मजबूर करती है और ये आंध्र पुलिस के सामने सरेंडर करते हैं। सभी नक्सली सरेंडर करने के दौरान आंध्र प्रदेश की पुलिस के सामने गुहार लगा रहे थे, मैं नक्सली हूं, मुझे मेरी जिंदगी से प्यार है... इस जिंदगी में अभी बहुत कुछ देखना और करना है ... जिंदा रहना है साहब...। फिर सभी की समवेत आवाज आई, हम सभी नक्सली हैं, हमें गिरफ्तार कर जेल में डाल दो साहब...। कहने को ये ऊपर लिखा वाक्य किसी को भी पटकथा का कोई संवाद लग सकता है, लेकिन यह संवाद इन दिनों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र राज्य सरकारों की नक्सली सोच पर कड़े प्रहार के बाद चहुंओर साफ घटता नजर आ रहा है ।
वास्तव में इस वक्त छत्तीसगढ़ की साय सरकार समेत मध्य प्रदेश की मोहन सरकार और महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने नक्सलियों की वह हालत कर दी है कि अब उनके पास चार ही विकल्प शेष बचे हैं। पहला- सरेंडर करें। दूसरा- राज्य से पलायन कर जाएं। तीसरा- पुलिस एवं अन्य सुरक्षा फोर्स से लड़ाई लड़ें या फिर नक्सलवाद का रास्ता छोड़ राज्य के विकास में अपना भरपूर योगदान देवें। अभी इस घटना को बहुत दिन नहीं बीते हैं, लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान से ठीक दो दिन पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली और उन्होंने बस्तर संभाग के कांकेर जिले के हिदूर और कलपर के बीच जंगलों में 29 दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराया।

## राशिफल

**मेष** – अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**तुला** – नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें।

**वृष** – संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**वृश्चिक** – जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**मिथुन** – शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु** – कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**कर्क** – कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मकर** – बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**सिंह** – प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा।

**कुंभ** – सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**कन्या** – स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**मीन** – धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं।

# मंगलसूत्र और केंचुआ का ध्यान योग...

**गौरतलब** | राकेश अचल

**प्रधानमंत्री** पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए पार्टी ने कहा है कि मोदी जी ने अपने पद की गरिमा के प्रतिकूल एक विशेष धार्मिक समुदाय को लक्ष्य कर विभाजनकारी, दुर्भावनापूर्ण और झूठा बयान दिया है और चुनाव आयोग का दायित्व है कि वह बड़े ओहदे के प्रभाव से मुक्त होकर कानून सम्मत उचित कार्रवाई करे। लगता है कि कांग्रेस अभी तक देश के केंद्रीय चुनाव आयोग अर्थात केंचुआ को पहचान नहीं पाई है? भला कोई अपने स्वामी के खिलाफ कार्रवाई करता है? केंचुआ तो केवल और केवल विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई के लिए बना है, और ये काम वो बाखूबी कर रहा है।

**केंचुआ** हो या चौकीदार यदि अपना काम मुस्तैदी से न करे तो देश का अहित होता है। देश का ही नहीं देश की राजनीति का,सामाजिक तानेबाने का भी अहित होता है। लेकिन होता है तो होता रहे । केंचुआ अपनी ध्यानमुद्रा का त्याग नहीं कर सकता। उसके लिए मौन रहना ही देश हित है भले ही लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का चीर-हरण कोई भी कर ले जाय। अबकी चीरहरण का आरोप विश्वगुरु और हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री जी के ऊपर लगा है । इसके लिए उन्होंने पहली बार सनातनी महिलाओं के मंगलसूत्र का इस्तेमाल किया है।
माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने संयम पर लगे अलीगढ़ के ताले को अलीगढ़ की एक चुनावी रैली में खोला और बोला कि -कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है, आपकी संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई, तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी प्रॉपर्टी है, उसकी जांच कराएंगे। इतना ही नहीं, वो आगे कहते हैं कि ये जो संपत्ति है, उसको कब्जे में लेकर सरकार सबको बांट देगी। ये उनका मेनिफेस्टो कह रहा है। अब इनकी नजर कानून बदलकर, हमारी माताओं-बहनों की संपत्ति छीनने पर भी है। इनकी नजर अब उनके मंगलसूत्र पर है।
मुझे लगता है कि जब प्रधानमंत्री जी ने ये सब कहा है तो उनके भक्तों में तो खलबली मच ही गयी होगी । जो काम बजरंगबली नहीं कर पाए उसे करने का बीड़ा माननीय प्रधानमंत्री जी ने उठाया है। ये प्रधानमंत्री जी ही कर सकते हैं, क्योंकि उनके पास 56 इंच का सीना है जिसे वे पिछले चुनाव में बजरंगबली की तरह जनता को खोलकर दिखा चुके हैं। उनके सीने में सनातन है, हिन्दू राष्ट्र है ।एक निशान,एक विधान है, लेकिन मुसलमान नहीं है। कांग्रेस नहीं है भ्रष्ट कांग्रेसी हैं। वे 140 करोड़ की आबादी वाले देश में रहने वाले 20 करोड़ मुसलमानों को अलग रखकर देश चलाना चाहते हैं। उनकी कोशिश है कि उनके अंधभक्तों का मंगलसूत्र खतरे में न पड़े भले ही देश की साझा संस्कृति और विरासत का भट्टा बैठता है तो खूब बैठ जाए। माननीय ने अपनी बात अलीगढ़ के बाद राजस्थान में भी दोहराई। गनीमत है कि वहां उन्होंने महिलाओं से ये नहीं कहा की उनका गोरला भी खतरे में है। मोदी जी हर खतरे से वाकिफ है। उन्होंने भले ही अपने घर के मंगलसूत्र को तवज्जो न दी हो लेकिन वे देश की बहुसंख्यक महिलाओं के मंगलसूत्र का ध्यान रखते हैं। यदि वे तीसरी बार सत्ता में आये तो देश में मंगलसूत्र सुरक्षा कानून भी ला सकते हैं ,नारी शक्ति वंदना कानून की तर्ज पर। माननीय प्रधानमंत्री जी के भाषण से उनके अन्धभक्तों को खुश होना था ,सो वे हुए ही होंगे,किन्तु कांग्रेस और देश के अल्पसंख्यक दुखी जरूर हो गए । कांग्रेस ने तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिए भाषण को भद्दा, गैरकानूनी और संविधान की आत्मा के खिलाफ बताते हुए चुनाव आयोग से मोदी जी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।


स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक नजर

### सिंहभूम लोकसभा सीट से जोबा मांझी ने भरा पर्चा

**पश्चिमी सिंहभूम।** इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी ने मंगलवार को डीसी ऑफिस पहुंचकर सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, मंत्री दीपक बिरूवा, झामुमो के जिला महासचिव सोनाराम देवगम मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जेएमएम प्रत्याशी जोबा मांझी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रही है। उनका सीधा मुकाबला भाजपा की गीता कोड़ा से होगा।

### महिला का दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**देवघर।** महिला का दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. साइबर डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में साइबर थाना की पुलिस ने यह कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपी का नाम रमेश मंडल है और वह दुमका जिले के तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत लोरीघाघर गांव का रहनेवाला है। साइबर थाना की टीम ने उसके पास से कांड में प्रयुक्त मोबाइल सहित सीम कार्ड भी बरामद हुए हैं। छापेमारी कर निमार्णाधीन मकान से आरोपी को किया गिरफ्तार जानकारी के अनुसार, एसपी राकेश रंजन ने रमेश मंडल की गिरफ्तारी के लिए साइबर डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया। साइबर थाना की टीम ने तकनीकी अनुसंधान में मोबाइल लोकेशन व अन्य साक्ष्यों के आधार पर सोमवार दोपहर कुंडा के हथगढ़ स्थित निमार्णाधीन मकान में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने हिला का दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपी रमेश मंडल को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि पुलिस ने आरोपी के घर में कई बार छापेमारी की, लेकिन वह घर से फरार चल रहा था और देवघर में छिपकर राजमिस्त्री का काम कर रहा था।

### हनुमान जयन्ती पर मां काली मंदिर मेघाहातुबुरु में महाभोग वितरित

**किरीबुरु।** मां काली मंदिर कमिटी, मेघाहातुबुरु के तत्वाधान में आज हर्षोउल्लास के साथ हनुमान जयन्ती मनाया गया. इस दौरान मंदिर के पुजारी द्वारा विधिवत पूजा–अर्चना की गई। इस पूजा में दर्जनों भक्त शामिल हुये। पूजा पश्चाताप दोपहर में प्रसाद के रूप में खिचड़ी महाभोग का आयोजन किया गया। इस महाभोग में शहर के विभिन्न धर्म व समुदाय के सैकड़ों आम से लेकर खास वर्ग के लोग शामिल हुये।

### सीआरपीएफ ने ग्रामीणों को मतदान हेतु किया जागरुक

**किरीबुरु।** सीआरपीएफ की 26वीं बटालियन के कमांडेंट राजीव रंजन के निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया. एफ/26 वाहिनी के सहायक कमांडेंट सुवीर कुमार मंडल की उपस्थिति में नक्सल प्रभावित सारंडा के चेरवालोर, बालेहातु, जम्बाईबुरु आदि गांवों के मतदाताओं को 13 मई को होने वाले मतदान में हर हाल में शामिल होकर निष्पक्ष तरीके से मतदान करने की अपील की गई। सुवीर कुमार मंडल ने ग्रामीणों से कहा कि आपका बहुमूल्य वोट न सिर्फ अहम है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कार्मिक कोषांग द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा

# महिला, पीडब्लूडी व युथ बूथ को यूनिक व इन्नोवेटिव बनाएं : उपायुक्त

संवाददाता

**देवघर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में दिनांक-23.04.2024 को कार्मिक कोषांग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान कार्मिक कोषांग द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि लोकसभा आम चुनाव को लेकर युथ बूथ, महिला बूथ, पीडब्ल्यूडी बूथ पर आवश्यक सभी सुविधाओं के साथ युनिक और इन्नोवेटिव तरीके से बूथों का निर्माण करायें, ताकि इन बूथों को आकर्षक रूप देते हुए महिला, युथ, पीडब्ल्यूडी बूथों को फोकस करते हुए बनाया जाय। साथ ही महिला बूथों पर प्रेजाईडिंग ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर और सभी मतदान कर्मी महिलाएं होंगी



और वैसे की पीडब्ल्यूडी बूथ व युथ बूथों पर अधिकारियों व कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया जायेगा। इसके अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री विशाल सागर ने पीडब्ल्यूडी बूथों पर रैम्प, साईनेज, हेल्पडेस्क, व्हीलचेयर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया, ताकि दिव्यांग मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और आराम से मतदान कर सकें। साथ ही सभी बूथों पर एएमएफ की सुविधा के अलावा मेडिकल सुविधा सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित कोषांग के अधिकारियों को दिया। आगे बैठक के दौरान उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट से कराये जाने वाले मतदान को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही कार्मिक कोषांग के तहत कर्मियों की आवश्यकता एवं उपलब्धता, अद्यतन डेटा इन्ट्री की स्थिति, प्रशिक्षण कार्यों की स्थिति, पीडब्ल्यूडी मतदान केन्द्र हेतु दिव्यांग मतदान कर्मियों की आवश्यकता एवं उपलब्धता यूथ मतदान केन्द्र हेतु युवा मतदान कर्मियों की आवश्यकता एवं उपलब्धता, पर्दानशी मतदान केंद्र, महिला मतदान केंद्र के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित कोषांग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेष कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी श्री प्रकाश बैठा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अभय परासर, स्थापना उप समाहर्ता श्री मनोज कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग सरीता भारती, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी के साथ-साथ संबंधित विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



संवाददाता

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस लगातार अभियान चला रही है. इसी दौरान मंगलवार को एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने नक्सल प्रभावित पटमदा इलाके में सर्च अभियान चलाया। ग्रामीण एसपी ने जिला पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर बटलूका पोलिंग स्टेशन जो कि सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित है, वहां सर्च अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों को वोटिंग के लिए प्रेरित किया। ग्रामीण एसपी ने पोलिंग प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही उन इलाकों के लोगों से भी मिलकर वोटिंग का लिए जागरूक किया। इसके बाद लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की।

# जिला बार एसोसिएशन चुनाव में 28 उम्मीदवारों का नामांकन रद्द

संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन की चुनाव कमिटी ने मंगलवार को स्क्रुटनी के बाद उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है. हालांकि, स्क्रुटनी के दौरान कुल 28 उम्मीदवारों का नामांकन रद्द कर दिया गया है वहीं 64 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी गई है। इधर, जिन उम्मीदवारों का नामांकन रद्द किया गया है उनमें काफी रोष देखा जा रहा है। जनरल सेक्रेटरी पद के लिए नामांकन रद्द किए जाने से अधिवक्ता अनिल कुमार तिवारी ने





आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि चुनाव कमिटी द्वारा कई उम्मीदवारों का नाम हटा दिया गया है जिसमे पिछली कमिटी 2016झ18 के प्रेसिडेंट रहे रतींद्र नाथ दास और पूर्व कोषाध्यक्ष राजीव सैनी का भी नाम नही है। पत्र लिखकर मांगी जाएगी जानकारी अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि चुनाव कमिटी को पत्र लिखकर नामांकन रद्द करने की जानकारी मांगी जाएगी। जानकारी मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। इनका नामांकन हुआ रद्द प्रेसिडेंट पद के लिए शंभू दयाल, रतींद्रा नाथ दास, जनरल सेक्रेटरी के लिए अनिल कुमार तिवारी, असिस्टेंट ट्रेजरर महेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट सेक्रेटरी पद के लिए श्री प्रकाश समेत 19 कार्यकारणी सदस्य का नामांकन रद्द किया गया है। 25 को फाइनल लिस्ट होगा जारी चुनाव कमिटी के प्रवक्ता रंजनधारी सिंह ने बताया कि आज स्क्रुटनी के बाद लिस्ट जारी की गई है। बुधवार को उम्मीदवार नाम वापस ले सकते है इसके बाद गुरुवार को फाइनल लिस्ट जारी की जायेगी। 10 मई को चुनाव होगा और उसी दिन मतगणना भी को जायेगी।

# गोलमुरी फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार



संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के गोलमुरी थाना अंतर्गत केबुल टाउन के पास बीते 16 अप्रैल को संदीप सिंह पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में सुमित कुमार यादव उर्फ मूढ़ी और विक्की सिंह शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त देसी पिस्टल और एक जिंदा गोली बरामद किया है। वहीं पुलिस ने घटना स्थल से दो खोखा बरामद किया गया था। वर्चस्व को लेकर चलाई थी गोली मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि 16 अप्रैल को संदीप सिंह पर फायरिंग की गई थी। इस मामले में संदीप के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने सुमित और विक्की को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सुमित ने बताया कि सभी कंपनी परिसर से लोहे की चोरी करते हैं। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद चल रहा था। जिसके बाद सभी ने संदीप की हत्या का प्लान बनाया।

सिटी एसपी ने बताया कि घटना में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# महिलाओं ने मतदाता रैली व कैंडल मार्च निकाली

संवाददाता

**किरीबुरु।** किरीबुरु कलस्टर की महिला समूह की महिलाओं ने किरीबुरु-मेघाहातुबुरु शहर में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जागरूकता रैली सह कैंडल मार्च का आयोजन किया। यह मतदाता रैली मुगार्पाडा.स्थित महिला समूह की कार्यालय प्रांगण से करुवा हाटिंग, आरसी सिंह हाटिंग, बैंकमैड़, चर्च हाटिंग, सिविल आफिस, नेताजी चौक,मंदिर तालाब, थाना रोड आदि होते अम्बेडकर चौक, बैंकमोड़ तक पहुंचा। अम्बेडकर चौक पर पहुंच सारी महिलाओं ने कैंडल जलाकर शहर के तमाम लोगों को हर हाल में



अपने-अपने बूथों पर जाकर 13 मई को हर हाल में स्वंय एवां आसपास के लोगों को भी ले जाकर मतदान कराने की अपील किया। इस अभियान में कनक मिश्रा, यशोदा गुप्ता, प्रतिमा सिंह, कुलदीप कौर, रीना दास, नेहा हेम्ब्रम, बिलायाची पूर्ति, निशा सांडिल, निलिमा पूर्ति, गीता लागुरी, बिलायची पूर्ति, अंजू देवी, विभा मिश्रा, ग्रेश बोदरा आदि दर्जनों महिलाएं शामिल थी।

### आदित्यपुर में जल समस्या, स्थायी समाधान में लगे हैं : प्रशासक

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम कार्यालय के बगल में स्थित कल्पनापुरी मुहल्ले में भीषण जल संकट है. मंगलवार को कॉलोनी वासियों ने पानी की समस्या को लेकर नगर प्रशासक कार्यालय पर प्रदर्शन किया और प्रशासक को घेराव किया। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि वे लोग रोज पानी खरीदकर खाना पानी कर रहे हैं, जिसमें महीने का 18 से 20 हजार खर्च हो रहा है। कॉलोनी वासियों ने प्रशासक से अनुरोध किया कि उन्हें पुराने पाइप लाइन से ही कनेक्शन देकर समस्या का समाधान करें।

# चाचा ने भतीजा को कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या

संवाददाता

**बहरागोड़ा।** बरशोल थाना क्षेत्र के खेड़ूया पंचायत अंतर्गत जयपुरा गांव में अपने वंशीय चाचा ने भतीजा रुद्र मोहन साउ (52) के सर पर कुल्हाड़ी से वार कर की हत्या. मिली जानकारी के अनुसार आपसी जमीन विवाद को लेकर कई वर्षों से दोनों परिवार के बीच कलह था। ओर जिसको लेकर कई बार ग्रामीणों द्वारा सुलझाया गया था। लेकिन मंगलवार की सुबह चाचा संजीवन साउ ने विवाद को पूणः जागृत करते हुए सर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंच कर घायल को अपनी निजी वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया। घायल के प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए उच्च चिकित्सा हेतु पीआर एम मेडिकल कॉलेज बारीपदा रेफर कर दिया गया। वहीं परिजन 108 एंबुलेंस द्वारा बारीपदा ले जाने के क्रम में रास्ते में ही घायल की मृत्यु हो गई। जिसके तत्पश्चात मृतक को पुणः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया। उधर मौके में पुलिस पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर अंत परीक्षण हेतु घाटशिला भेज दिया गया। साथ ही हत्यारा को गिरफ्तार करके तथा हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी जप्त करके पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

### कुनकुरी में किये गये मजदूरी का बकाया पैसा दिलाने की मांग को लेकर मजदूरों ने थाना को सौंपा आवेदन

**गुमला :** शहर के बड़ाइक मुहल्ला निवासी गोलू कुमार वर्मा ने गुमला थाना में लिखित आवेदन सौंपकर टेंट हाउस का काम कराकर पैसा नहीं देने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा है कि गुमला से हमलोग दस लड़का काम के लिए छत्तीसगढ़ के कुनकुरी गए थे। जहां पिछले साल दुर्गा पूजा के लिए पंडाल बनाने का काम किया था। जिसमें से एक का हाजरी प्रतिदिन 600 रुपये का था. जिसमें 25 दिन काम करने के बाद हमलोगों का मजदूरी एक लाख 63 हजार 900 रुपया हुआ था. मजदूरी मांगने पर 48 हजार रुपये ही भुगतान किया गया था. उसके बाद शेष राशि एक लाख 16 हजार 900 रुपया मांगने पर टाल मटोल किया जा रहा है. गोलू ने बताया कि ठेकेदार का नाम विवेक साहू और विद्यासागर साहू है जो कुनकुरी के रहने वाले हैं हम लोग सभी मजदूर गुमला के ही हैं। सोमवार को गुमला में उक्त दोनों ठेकेदार को देखा गया इसके बाद सभी मजदूर एकत्रित होकर उनसे पैसे की मांग करने लगे फिर मामला गुमला थाना पहुंचा जहां सभी मजदूरों ने आवेदन देकर पैसे वापसी की गुहार लगाई है।

### डायन बिसाही का आरोप लगा कर महिला से मारपीट, थाने में आवेदन सौंप कार्रवाई की मांग

**गुमला :** गणेशपुर डीपा निवासी सांझो देवी ने गुमला थाना में लिखित आवेदन सौंपकर डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट करने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा है कि मै गत 21 अप्रेल को रात 10 बजे अपने पति के साथ अपने मकान में खाना पीना खा रही थी। उसी समय में गणेशपुर डीपा निवासी बंधन देवी, जागृति कुमारी, भगवती कुमारी व आरती देवी सभी एकमत होकर मेरे घर में घुस गए। और जान से मारने की नियत से मेरे चेहरे पर लोहे की रड से प्रहार कर दिया। जिससे मै लहू लुहान होकर गिर गई। यह देखकर मेरे पति व मेरी सास साबो देवी मुझे बचाने के लिए आये, तो उपरोक्त सभी लोगों ने मिलकर मेरे पति व सास के साथ मारपीट की।

# पुलिस के हत्थे चढ़े वाहन चोर गिरोह के दो बदमाश



संवाददाता

**देवघर।** पुलिस ने चोरी की कारों से रेकी करके वाहन चोरी की वारदात करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए मंगलवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चोरी की बोलेरो और दो मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आठ अप्रैल को देवघर स्थित रांगा मोड स्थित एक घर के बाहर से बोलेरो (जेएच 15 डी- 1422) रात को चोरी हुई थी। मामले को लेकर टाउन थाना में (कांड सं. 220/2024) दर्ज हुई थी। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के मुंगेर जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के चकेली निवासी रतन कुमार और तारापुर थाना क्षेत्र के गाजीपुर निवासी मो. शहनशाह शामिल हैं। एसडीपीओ के नेतृत्व में बिहार के मुंगेर जिले के तारापुर थाना क्षेत्र से आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने अंतर्राज्यीय चार पहिया वाहन चोर गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी दी। इनकी निशानदेही पर घटना में शामिल चार पहिया वाहन स्विफ्ट कार (पश्चिम बंगाल 06-9705) तथा चोरी की गयी बोलेरो (जेएच15डी-1422) को तारापुर थाना क्षेत्र से बरामद किया गया। आरोपितों ने चोरी के वाहन पर फर्जी नम्बर प्लेट (बीआर39ई-0329) लगाकर रखा था।

# दो नाबालिग लड़की का नामांकन नोवामुंडी कैंप स्कूल में हुआ

**किरीबुरु।** किरीबुरु थाना क्षेत्र की दो नाबालिक लड़कियों को बाल विवाह से मुक्त कराने के बाद किरीबुरु कलस्टर की महिला समूह की अध्यक्ष यशोदा गुप्ता, किरीबुरु, न्याय सलाह केन्द्र की पारा लीगल रीना दास, जेंडर सीआरपी हीरामणि बारला आदि ने दोनों लड़कियों का नामांकन नोवामुंडी स्थित कैंप स्कूल में कराया. महिला समूहों की इस कार्य की प्रशंसा सभी कर राहे हैं। उल्लेखनीय है कि महिला समूह की उक्त पदाधिकारियों ने बेहतर कार्य करते हुये दो गरीब नाबालिग लड़कियों का बाल विवाह को रुकवाया था। दोनों लड़कियां सहेली हैं तथा अपने घर से भागकर प्रेमी के घर अवैध तरीके से रह रही थी।

दोनों लड़की की उम्र लगभग 12-12 वर्ष है। दोनों नाबालिग युवती मंगला उषा पर्व के समय से अपने-अपने घर से भागकर प्रेमी के घर रह रही थी। इसमें से एक युवती के पिता की मौत पहले हो गई थी तथा उसकी मां दूसरी शादी कर अन्यत्र रहती है। यह युवती अपनी गरीब व वृद्ध नानी के घर में रहती थी। यह पढ़ी-लिखी भी नहीं है। दूसरी लड़की के माता-पिता है एवं वह पांच क्लास तक पढ़ी है। लेकिन वह इससे पहले भी कई बार घर से भाग चुकी है। इस कारण उसके माता-पिता भी परेशान रहते हैं।

### मवेशियों से भरा पिकअप वैन को पुलिस ने किया जब्त, तस्कर फरार

**गुमला :** गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की सुबह 4 बजे भलमंडा गाँव के पास तस्करी हेतु ले जा रहे गोवंशोय पशुओं से भरा एक पिकअप वैन और रेकी कर रहे एक आल्टो कार को रायडीह पुलिस ने धर दबोचा। दोनों वाहनों पर सवार पशु तस्कर अंधेरा और जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पिकअप वैन में बेहरमी से ठूंसकर लादे गए 11 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया गया जिसमें एक पशु मृत पाया गया। जिसे सम्मानपूर्वक विधिवत दफना दिया गया और शेष 10 पशुओं को ग्रामीणों के बीच सोमवार की अपराह्न जिम्मेनामा पर ग्रामीणों के बीच थाना परिसर में वितरण कर दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि पशु तस्करी कर रहे जप्त वाहनों के मालिक और चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है और उनके गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सिंहभूम कॉलेज चांडिल में पेयजलसंकट, परेशानी से जूझ रहें विद्यार्थी

संवाददाता

**चांडिल।** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र का एकमात्र डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी भीषण जल संकट का सामना कर रहे हैं. सिंहभूम कॉलेज चांडिल के साढ़े छह हजार विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। सभी पेयजल से जूढ रहे हैं। वर्तमान समय में कॉलेज में स्नातक प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा चल रही है। इस दौरान एक-एक दिन करीब 11 सौ परीक्षार्थी कॉलेज पहुंच रहे हैं। कॉलेज परिसर परीक्षार्थियों से भरा रहता है। ऐसे में कॉलेज में जल संकट उन्हें परेशान कर रहा है। एक तो विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से परीक्षार्थी गरम हवा का झोंका झेलते हुए कॉलेज पहुंच रहे है। चिलचिलाती धूप, गर्म हवा के झोंकों के बीच कॉलेज पहुंचने के बाद उन्हें स्वच्छ पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है। यहां



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का लाभ विद्यार्थियों को नहीं मिल रहा है सोलर जल मीनार में कभी-कभी उठता पानी पेयजल समस्या पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ। सरोज कुमार कैवर्त ने बताया कि कॉलेज परिसर में कुल तीन चापाकल लगाए गए है। इनमें एक पर पानी टंकी का कनेक्शन है, एक पर सोलर जल मीनार है और एक चापाकल हैंडल वाला है। पानी टंकी वाला नल मोटर जल जाने के कारण अब बंद है। वहीं सोलर जल मीनार और हैंडल वाले चापाकल में कभी पानी निकलता है और कभी नहीं निकलता है। इसका कारण जलस्तर का नीचे जाना है। उन्होंने बताया कि जलस्तर नीचे जाने के कारण मोटर जल गया है। उसे मरम्मत के लिए भेजा गया है। एक-दो दिनों में मोटर लग जाएगा। उन्होंने बताया कि दोपहर के वक्त तेज धूप में चापाकल से पानी नहीं निकलता है। ऐसे में विद्यार्थियों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। मोटर ठीक होने के बाद इस समस्या से छुटकारा मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस समस्या से जिले के उपायुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी को भी अवगत कराया जाएगा। तीन में एक सरकारी चापाकल चार साल पहले आजसू पार्टी के नेता, समाजसेवी हरेलाल महतो ने निजी स्तर से कॉलेज परिसर में पानी टंकी का निर्माण कराया था। जलस्तर नीचे जाने के कारण अब उस टंकी से पानी निकलना बंद हो गया है। बताया गया कि उसका मोटर जल गया है। वहीं कॉलेज परिसर में चांडिल निवासी समाजसेवी आशीष कुंडु द्वारा एक चापानल का निर्माण कराया गया था। सरकार की ओर से कॉलेज में एक सोलर जल मीनार का निर्माण कराया गया है। वर्तमान में इसका उपयोग भी ना के बराबर हो रहा है। सरकार की ओर से कॉलेज में पढ़ने वाले साढ़े छह हजार विद्यार्थियों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था अबतक नहीं किया गया है। जिसका नतीजा है कि विद्यार्थी प्यास से व्याकुल होकर पेयजल के लिए इधर-उधर भटकते हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि सिंहभूम कॉलेज चांडिल की समस्याओं के समाधान पर सांसद, विधायक, जिला परिषद सदस्य समेत अन्य जनप्रतिनिधि कभी तत्परता नहीं दिखाए। इसको लेकर विद्यार्थियों में आक्रोश व्याप्त है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
जल पथ प्रमंडल सं0-2 हजारीबाग
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सं0–01/2024–25, PR NO.- 323726 के कम सं0– 03 एवं 06 में उल्लेखित कार्य में किसी निविदादाता द्वारा भाग नही लेने के फलस्वरुप उक्त कार्यों को रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग
PR 324043 Water Resource (24-25)_D

## एक झलक

### स्कॉर्पियो में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**नवादा :** नवादा नगर के सोनार पट्टी रोड में सोमवार की रात स्कॉर्पियो में भीषण आग लग गई,जिससे इलाके में दहशत फैल गई। स्कॉर्पियो के चालक ने भाग कर अपनी जान बचाई।बाद में फायर ब्रिगेड के दस्ते ने आकर आग पर काबू पाया तब तक स्कॉर्पियो जलकर राख हो चुकी थी । बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन के पूर्व मंत्री संजीत कुमार ने बताया कि यह स्कॉर्पियो उनके भांजे के नाम से थी, जिस पर वे कुछ रिश्तेदारों को स्टेशन ट्रेन में बिठाने आए थे।जब लौट रहे थे तब अचानक एयर कंडीशन से धुएं निकलने लगे। जब बाहर निकले तो स्कॉर्पियो में आग जल रही थी। इसी बीच फायर ब्रिगेड को फोन किया गया तब फायर ब्रिगेड के दस्ते ने आकर आग पर काबू पाया इस घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई थी। इलाके में यातायात विवादित हो गई थी जिसे पुलिस ने देर रात ठीक कराया।

### ट्रक-बोलेरो की टक्कर से तीन की मौत,

**पटना :** बिहार में खगड़िया जिले के मानसी थाना क्षेत्र अंतर्गत एकनिया के पास सोमवार की देर रात बोलेरो और ट्रक के बीच भीषण टक्कर में दो मासूम बच्चे समेत तीन की मौत हो गई है, जबकि तीन घायल हो गये। दो बच्चे की मौत सदर अस्पताल में उपचार के दौरान हुई,जबकि 32 साल के अमर कुमार की मौत इलाज के लिए बेगूसराय जाने के रास्ते में हुई। मरने वालों में पिता, पुत्र और भतीजा शामिल है, जबकि तीन बाराती घायल हुए है जिसका सदर अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के मुताबिक सन्नी कुमार की शादी थी। बारात बांका से खगड़िया के शोभनी गांव आ रही थी। बोलेरो पर दुल्हा का भाई अमर कुमार अपने पांच साल के बेटे शिबू कुमार ,2 साल का भतीजा राज कुमार समेत अन्य रिश्तेदार के साथ सवार था इसी दौरान एन एच 31 पर बोलेरो सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई इधर घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है। अपनो का रो -रो कर बुरा हाल है।

### लूट की योजना बना रहे पांच अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण :** जिले के केसरिया थाना पुलिस ने चकिया-केसरिया मार्ग पर नहर पुल के समीप से आर्म्स सहित 5 अपराधी को गिरफ्तार कर एक बड़ी लूट की घटना को टाल दिया है। गिरफ्तार अपराधी केसरिया थाना क्षेत्र का अखिलेश कुमार उर्फ पिंटू , लक्ष्मण कुमार उर्फ भानू , लालमोहन कुमार , गुड्डू मल्ली और अजय कुमार बताये गए हैं। एसपी कान्तेश कुमार मिश्र के निर्देश पर पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से एक पिस्टल,2 जिंदा कारतूस लूटी गई एक बाइक, एक लूट का 1 मोबाइल फोन सहित 5 मोबाइल फोन व लूट की घटना में प्रयुक्त एक बाइक जब्त किया है। पुलिस को यह बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। बताते हैं कि उक्त सभी अपराधी किसी बड़ी लूट की घटना को करने के फिराक में थे जो गुप्त सूचना पर की गई छापेमारी में गिरफ्तार किए गए। फिलवक्त पुलिस गिरफ्तार अपराधियों का क्राइम रिकार्ड खंगालने में जुटी है।

### मलाही में आठ अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण :** जिले के मलाही थाना क्षेत्र में पुलिस ने हथियार और कारतूस के साथ आठ अपराधी को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान गुप्त सूचना पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में मलाही थाना पुलिस ने क्षेत्र के रमसिरिया मुशहरी के समीप चौकस नाकाबंदी के बाद छापेमारी करते हुए आठ अपराधियों को आग्नेयास्त्र एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गये अपराधियो में पूर्वी चंपारण जिले के मलाही थाना क्षेत्र निवासी संतोष कुमार, मिथुन कुमार,सचिन कुमार,मुकेश कुमार,दीपक कुमार,उमेश कुमार, रविन्द्र है।

# सीएम ने जारी किया बिहार के लोगों के नाम पत्र

एजेंसी



**पटना :** लोकसभा चुनाव के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के लोगों के नाम एक पत्र लिखा है, जिसे मंगलवार को सार्वजनिक किया गया। नीतीश ने इस पत्र में वर्ष 2005 के पहले के बिहार के हालात को बयां किया है। लालू यादव और राबड़ी देवी को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा है कि तब बिहारवासियों को देश-दुनिया में अपमान झेलना पड़ता था। बिहार के लोगों को संबोधित पत्र में नीतीश ने लिखा है, आपको याद होगा कि 2005 से पहले की सरकार ने बिहार को किस हाल में पहुंचा दिया था। बिहार का खजाना खाली था। सड़क, बिजली, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर कोई बात करने वाला नहीं था। घोटाले, अपराध, अपहरण, हत्या, डकैती, नरसंहार, माफिया राज इत्यादि बिहार की पहचान बन चुके थे। उद्योग-धंधे बंद हो गए थे। अपराधियों के डर से व्यापारी-कारोबारी बिहार से पलायन कर गए थे। और तो और चिकित्सकों तक का फिरौती के लिए अपहरण हो जाया करता था। यह कहना ठीक नहीं होगा कि बिहार में व्यवस्था चौपट हो चुकी थी। सच तो यह है कि उस समय बिहार में कोई व्यवस्था ही नहीं थी। बिहारवासियों को देश-दुनिया में अपमान झेलना पड़ता था लेकिन 2005 में घना अंधेरा छंटा। उम्मीदों का नया सूरज उगा। बिहार की देवतुल्य जनता ने राज्य में एनडीए की सरकार को मौका दिया और हमने बिहार को अराजकता और अव्यवस्था से बाहर निकालकर उसे विकास की राह पर ले जाने का संकल्प लिया। नीतीश ने लिखा है कि आप सब लोग जानते ही हैं कि इसके लिए हमने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। बिहार का नव-निर्माण किया। बिहार को उसकी खोई हुई गरिमा वापस मिली। आज बिहार का परचम देश-दुनिया में लहरा रहा है। हमने सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था सहित हर क्षेत्र में बहुत काम किया है। बिहार के गांव, टोलों तक सड़कों का जाल बिछाया है। शहरों से लेकर गांवों तक लोगों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। किसी भी देश, राज्य, समाज में सामाजिक और आर्थिक मजबूती के लिए सुशासन बेहद जरूरी है। हमने बिहार में सुशासन सुनिश्चित करके दिखाया है। पत्र में लिखा है कि हमने सात निश्चय-2 के अंतर्गत बिहार में 10 लाख सरकारी नौकरियों और 10 लाख रोजगार देने की बात कही थी। इस दिशा में बिहार अब इतिहास रच रहा है। शिक्षा, पुलिस सहित अन्य विभागों में लाखों युवकों-युवतियों को सरकारी नौकरियां मिल चुकी हैं। लाखों लोगों को रोजगार के लिए सरकार की तरफ से मदद की गई है। बिहार में अब बड़े-बड़े निवेश आ रहे हैं। नौकरी-रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं। इन सबसे लोगों की आमदनी और बढ़ेगी। बिहार समृद्धि के नए आयाम छुएगा। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि आगे भी लाखों लोगों को सरकारी नौकरियां और रोजगार देते रहेंगे। नीतीश ने लिखा है कि पहले सुविधाओं के अभाव में लड़कियां पढ़ाई-लिखाई नहीं कर पाती थीं। आगे नहीं बढ़ पाती थीं लेकिन हमारी सरकार की विभिन्न योजनाओं की मदद से बेटियां पढ़ने लगी हैं, आगे बढ़ने लगी हैं। पुलिस में भर्ती होकर बेटियां राज्य की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

## पूर्वी कोसी के अंदर मतदाता जागरूकता अभियान जारी



एजेंसी

**सहरसा :** जिले के सलखुआ प्रखंड के पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर फरकिया दियारा क्षेत्र के संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय चिड़ैयां में जिला पदाधिकारी वैभव चौधरी के आदेशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी अनिषा सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सलखुआ मधु कुमारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सविता कुमारी, प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्वेता प्रसाद, संकुल समन्वयक सह प्रखंड अध्यक्ष बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ सलखुआ के सुदर्शन कुमार गौतम के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता अभियान रैली में सेविका, सहायिका, जीविका,आशा, ममता शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्रा, अभिभावक सभी ने नारा लगाते हुए

## ईस्ट एन वेस्ट मे मनाया गया बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव

एजेंसी



**सहरसा :** शहर के पटुआहा स्थित ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज समुह के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा,बीएड विभागाध्यक्ष डॉ बसंत कुमार मिश्रा प्राध्यापक प्रमुख डॉ प्रियंका पांडेय ने बाबू वीर कुंवर सिंह के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य सह जनसंपर्क पदाधिकारी अभय मनोज के संचालन में आयोजित विजयोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन ने कहा कि 1857 ई. के क्रांति आंदोलन विद्रोह को भारत के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन के रूप में माना जाता है।आज ही के दिन 23 अप्रैल को वीर कुंवर सिंह ने जगदीशपुर स्थित अपने किले पर अंग्रेजों को हराकर अपना अधिकार फिर से प्राप्त किया था। इसलिए आज के दिन को विजयोत्सव दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आजादी के कई दशकों बाद तक तक बाबू कुंवर सिंह तथा अन्य स्वतंत्रता सेनानियों की वीर गाथाओं को दबाने की साजिश की गई, जिसका परिणाम यह हुआ कि जो वीर शहीद वास्तव में भारत माता के लिए अपनी जान गवा दिया ऐसे वीर योद्धा स्मरणीय होने चाहिए लेकिन आज की पीढ़ी उन्हें भुला दिया है। प्राचार्य ने बाबू वीर कुंवर सिंह की व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए राष्ट्रवाद की परिकल्पना एवं उसके निहितार्थ पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने कहा कि राष्ट्रीय एकता,अखंडता तथा स्वाभिमान के प्रतिमूर्ति के रूप में बाबू वीर कुंवर सिंह इतिहास के पन्नो में हमेशा याद रखें जाएगें। उन्होने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को बाबू कुंवर सिंह से देशभक्ति का सीख ले कर मां भारती और समाज की सेवा में पूर्ण निष्ठा और पवित्रता के साथ देश के विकास में अपना अपना योगदान देना चाहिए।इस मौके महाविद्यालय के प्राध्यापक सह नोडल अंशु कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## हनुमान जयंती पर मंदिरों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



**फारबिसगंज/अररिया :** श्री हनुमान जयंती के अवसर पर फारबिसगंज सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के मंदिरों सहित घरों में सुबह से धार्मिक अनुष्ठान हो रहे है। भक्तों ने बजरंग बली सहित अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया। वही, इस मौके पर शहर के विभिन्न मंदिरों यथा सांवालियां कुंज महावीर ठाकुरबाड़ी, संकट मोचन ठाकुरबाड़ी, पंचमुखी हनुमान मंदिर, गोदना ठाकुरबाड़ी, श्रीलक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी, स्टेशन परिसर स्थित श्री हनुमान मंदिर, सुल्तान स्थित वीर हनुमान ठाकुरबाड़ी, पटेल चौक स्थित हनुमान मंदिर, गौशाला परिसर स्थित इच्छापूरण हनुमान मंदिर, द्विजदेनी चौक स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्त की भीड़ उमड़ पड़ी ।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर मनाया गया परिवार नियोजन दिवस

एजेंसी




**पूर्वी चंपारण :** जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा जागरूकता के साथ परिवार नियोजन दिवस मनाया गया। इस दौरान जिले के अनुमण्डलीय अस्पतालों के साथ ढाका, पकड़ीदयाल, बंजरिया, सुगौली, अरेराज समेत सभी प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जनसंख्या के रोकथाम के उपाय बताए गए। साथ ही महिला व पुरुषों के बीच परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों का वितरण किया गया। इस दौरान महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण सहित अन्य जानकारी भी दिये गये। डीसीएम नंदन झा ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों को अपनाना बेहद जरूरी है जो जागरुकता से ही सम्भव है। उन्होंने बताया की गर्भनिरोधक साधन के इस्तेमाल में नवविवाहितों और युवाओं को समझ के साथ स्थायी व अस्थायी साधनों को अपनाना होगा। पीएसआई के डीसी अमित कुमार ने बताया कि जिले में मिशन परिवार विकास अभियान के साथ ही आशा और आंगनबाड़ी सेविका के सहयोग से दंपती संपर्क पखवाड़े का आयोजन किया जाता है।

## पटना में हड़ताल पर गए फुटपाथी दुकानदार, आम लोगों की परेशानी बढ़ी

**पटना :** पटना में सब्जी एवं फलों के फुटपाथी दुकानदार तीन दिनों की हड़ताल पर चले गए हैं। इससे आम लोगों को परेशानी बढ़ गयी है। कुछ प्रमुख मंडियां भी बंद हैं। राजधानी पटना में फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले आज से हड़ताल पर रहेंगे। इसके अलावा सभी प्रमुख मंडियों में बंद घोषित किया गया है। 3 दिन तक फुटपाथ पर ठेला और टोकरी में सब्जी एवं फल बेचने वाले दुकानदार नहीं दिखेंगे। फुटपाथ पर अन्य दुकानें भी नहीं सजेंगी। इससे शहरवासियों को फल और सब्जी की 3 दिनों तक किल्लत झेलनी पड़ सकती है। पटना जिला प्रशासन के सुबह 9 से शाम 7 बजे के बीच फुटपाथ पर दुकान नहीं लगाने के आदेश के खिलाफ दुकानदारों ने 3 दिनों की हड़ताल की घोषणा की है।

## बूथों पर मतदाताओं को मिलेगी सभी जरूरी सुविधाएं :डीएम

एजेंसी



**पूर्वी चंपारण :** जिला में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान छठे चरण में अगामी 25 मई को होगा।जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। जिले में गत लोकसभा चुनाव में 60% से अधिक मतदान हुआ था। वही इस बार जिला प्रशासन ने मतदान 70% कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है,जिसके लिए जिले में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदान बढाने को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह डीएम सौरभ जोरवाल ने जिला के सभी 27 प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ बैठक किया।इस दौरान उन्होने मतदान के दिन मतदान केंद्र पर सभी जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही डीएम ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी,रैंप, शौचालय, शेड जैसी न्यूनतम सुविधा का होना अनिवार्य है। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों ने बताया जिन विद्यालयों में मतदान केंद्र बनाया गया है वहां लगभग 90% विद्यालयों में बिजली का कनेक्शन है, जिसके बाद वैसे विद्यालय को चिन्हित वहां तुरंत कनेक्शन कराने का निर्देश दिया।साथ ही सभी मतदान केंद्र पर मोबाइल चार्ज के लिए स्विच बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया।

## गोपालगंज लोकसभा के लिए 29 अप्रैल से किया जायेगा नामांकन

**गोपालगंज :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर छठे चरण में गोपालगंज सुरक्षित लोकसभा के लिए 29 अप्रैल को जारी अधिसूचना के साथ नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। लोकसभा के निवार्ची पदाधिकारी के देखरेख में जिलाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में लिया जाएगा। नाम निर्देशन की प्रक्रिया 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रारंभ हो जाएगी जो 6 मई 2024 (सोमवार) तक चलेगी। सार्वजनिक अवकाश के दिन नाम निर्देशन का कार्य स्थगित रहेगा। 07 मई 2024 को स्क्रुटनी की तिथि निर्धारित है जबकि अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 9 मई 2024 (गुरुवार) निर्धारित है। डीएम मकसूद आलम ने बताया कि 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। प्रत्याशियों के नामांकन की लास्ट डेट 6 मई हैं। जबकि नाम वापसी की डेट सात मई और स्क्रूटनी की डेट 9 मई 2024 है। इसके साथ ही 25 मई को गोपालगंज लोकसभा सीट पर वोट डाले जाएंगे। डीएम ने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने को लेकर 2006 मतदान केंद्र बनाया गया है। 245 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। इसके अलावा जिले में पैरामिलिट्री फोर्स की 25 कंपनियों को बुलाया गया।

## लोस चुनाव में राजद भाजपा की बी टीम : शाहजहां शाद

एजेंसी



**अररिया :** सीमांचल डेवलपमेंट फ्रंट के महासचिव शाहजहां शाद ने तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लेते हुए मंगलवार को यहां कहा कि राजद बिहार में लोकसभा चुनाव में भाजपा के बी टीम के रूप में काम कर रही है।उन्होंने कहा कि राजद नेता तेजस्वी यादव का पूर्णिया के मंच से खुलेआम कहना या तो आप इंडिया को वोट कीजिये या एनडीए को, ऐसे वक्तव्य से स्पष्ट समझा जा सकता है कि राजद भाजपा गठबंधन से समझौता कर चुकी है। अंदर खाने की सच्चाई अब मंच पर भी आने लगी है। आरजेड़ी बिहार में भाजपा के लिए इम्पक्ट प्लेयर की भूमिका में है। पूर्णिया और बिहार की जनता इस बात को समझ चुकी है।लालू यादव को मुसलमान आडवाणी का रथ रोकने पर 35 साल से अपना मसीहा मानकर वोट देते आयें है और अब कब तक रथ दिखाकर मुसलमानो को राजद की सवारी करायेंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय का नारा देने वाले तेजस्वी, हिस्सेदारी और बराबरी की बात करने वाले तेजस्वी यादव जी,18 फीसदी मुसलमान की संख्या में महज दो सीटें मुसलमानो के खाते में देते हैं।14 फीसदी वाले यादव जाति के 8 उम्मीदवार खड़े किये है। वही ढाई फीसदी वाले मल्लाह की आबादी वाले मुकेश सहनी को तीन सीट दिया गया। सामाजिक न्याय का नारा देने वाले आरजेड़ी के पैरोकार मुकेश सहनी मल्लाह के नाम पर 3 सीट तो ले लिए लेकिन तीन सीट पर अन्य जातियों के कैंडिडेट को उतार दिया। शाद ने कहा कि बिहार में अब मुस्लिम वोट राजद के हाथ से फिसलती हुई दिख रही है।

## 85 पीड़ित परिवारों में तिरपाल, ओर सूखा राशन किया वितरण

एजेंसी



**बेतिया :** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, बेतिया द्वारा बैरिया अंचल क्षेत्र के दक्षिणी पटजिरवा पंचायत अंतर्गत रनहा बीन टोली, वार्ड नं. 12 व 13 में हुई अगलगी के 85 पीड़ित परिवारों में तिरपाल, हाईजीन कीट, सूखा राशन आदि का वितरण किया गया। विदित हो कि दो दिन पहले अगलगी की घटना हुई थी। वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे चेयरमैन डॉ. सुशील प्रसाद चौधरी, संयुक्त सचिव जगदेव प्रसाद, आपदा राहत समिति के सह संयोजक अमर यादव, प्रबंध समिति सदस्य रेमी पीटर हेनरी, सत्येन्द्र शरण ने बताया कि अग्नि पीड़ितों की संख्या अधिक होने के कारण कल ही राज्य मुख्यालय पटना से राहत सामग्री मंगवाई गई है। पीड़ित परिवारों के प्रति रेड क्रॉस संवेदना प्रकट करता है। यह हमारा लघु सहयोग है। रेड क्रॉस सदस्यों ने आमजन से अपील की कि यह मौसम अगलगी वाला मौसम है। इसलिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी का अनुपालन जरूरी है।

# वीरगंज को रामायण सर्किट से जोड़ने के लिए पीएमओ को भेजा पत्र

एजेंसी



**पूर्वी चंपारण :** जिले में रक्सौल और उससे सटे नेपाल के वीरगंज शहर को सीतामढ़ी, जनकपुर वाल्मीकिनगर और अयोध्या की तरह रामायण सर्किट से जोड़ने की मांग को लेकर पीएमओ को पत्र भेजा गया। ताकि इन दो शहर को विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। इस आशय का पत्र रक्सौल निवासी शिक्षाविद प्रो डॉ स्वयंभू शलभ ने पीएमओ को भेजा है। डॉ शलभ ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि पत्र प्राप्ति के बाद पीएमओ के निर्देश पर केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने इसका प्रस्ताव स्वदेश दर्शन डिवीजन व बिहार सरकार के पर्यटन विभाग को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा है।इस संदर्भ में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के सहायक निदेशक नीरज शरण ने कहा है कि पर्यटन के विकास में राज्य सरकार का भी प्रमुख दायित्व होता है। डॉ शलभ ने पीएमओ को भेजे पत्र में कहा है कि भारत-नेपाल सीमा पर बसे जुड़वां नगर रक्सौल और वीरगंज का सांस्कृतिक, भौगोलिक और ऐतिहासिक दृष्टि से विशेष महत्व है। ये दोनों नगर रामायण सर्किट से जुड़कर विश्वस्तरीय धार्मिक सांस्कृतिक केंद्र बनें, इस दिशा में केंद्र सरकार द्वारा पहल किये जाने की आवश्यकता है। कहा है,कि नेपाल की आर्थिक राजधानी वीरगंज और भारतीय शहर रक्सौल में उद्योग, व्यापार और पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। नेपाल के रास्ते विभिन्न देशों से भारत आने वाले पर्यटक सबसे पहले इसी रक्सौल-वीरगंज सीमा पर आकर भारत दर्शन करते हैं। दिल्ली और काठमांडू को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग रक्सौल-वीरगंज सीमा से होकर गुजरता है। नेपाल के मुख्य द्वार पर अवस्थित इन दोनों नगरों को रामायण सर्किट से जोड़कर इस सीमाई क्षेत्र की संभावनाओं को विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने रामायण सर्किट से जोड़ने के मौलिक कारणों पर कहा है,कि माता सीता की जन्म स्थली पुनौरा धाम, सीतामढ़ी (बिहार) रक्सौल से मात्र 80 किमी की दूरी पर स्थित है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद जन आकांक्षा है कि सीतामढ़ी में माता सीता का भी भव्य मंदिर बने। माता सीता का मायका जनकपुरधाम (नेपाल) भी यहां से 160 किमी दूरी पर है। इस कड़ी में वाल्मीकिनगर स्थित महर्षि वाल्मीकि का आश्रम रक्सौल से 160 किमी की दूरी पर स्थित है। यहीं लव कुश का जन्म हुआ। महर्षि वाल्मिकी ने "रामायण" की रचना भी यहीं की थी। माता सीता के जीवन में सीतामढ़ी, जनकपुर धाम, वाल्मीकिनगर और अयोध्या इन सभी स्थलों का महत्व है। जिसका सड़क और रेल मार्ग रक्सौल होकर जाती है।

### एक झलक

## यशस्वी जानता है कब क्या करना है : सैमसन

**जयपुर :** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि ये सभी के योगदान से मिली है। सैमसन ने इस मैच में शतक लगाने वाले यशस्वी जायसवाल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें किसी सलाह की जरुरत नहीं है। साथ ही कहा कि वह एक पेशेवर खिलाड़ी है जो जानता है कि ब्रेक मिलने पर क्या किया जाना चाहिये। वह तकनीकी रुप से काफी बेहतर खिलाड़ी है जो समय के साथ ही निखरता जा रहा है। यशस्वी इस आईपीएल सत्र के शुरूआती मैचों में अधिक रन नहीं बनाने के कारण आलोचना का भी शिकार हुए थे पर टीम उनके साथ बनी रही जिसका परिणाम सामने है, इस बल्लेबाजी ने धमाकेदार शतक के साथ वापसी की है। इसके अलावा सैमसन ने मैच में पांच विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने संदीप शर्मा की भी प्रशंसा की। वहीं संदीप ने कहा कि फिटनेस हासिल करने के बाद यह मेरा पहला मैच था। इसमें बेहतर प्रदर्शन कर अच्छा महसूस कर रहा हूं। पिच धीमी और निचली तरफ थी, इसलिए मेरी योजना गेंदबाजी में विविधता और कटर रखने की थी जो सफल रही। साथ ही कहा कि अंतिम ओवरों में गेंदबाजी के दौरान आपको बढ़े शॉट का सामना करने तैयार रहना होता है। हमने आईपीएल में देखा है, आक्रामक बल्लेबाजी के कारण गेंदबाज दबाव में रहते हैं। इसलिए हमें बेहतर तरीके से अपनी रणनीति पर अमल करना होता है।

## स्क्वाश खिलाड़ी घोषाल ने खेल को अलविदा

**नई दिल्ली :** देश के शीर्ष पुरूष स्क्वाश खिलाड़ियों में शामिल सौरव घोषाल ने पेशेवर खेल से संन्यास ले लिया है हालांकि कहा है कि वह भारत की ओर से खेलना जारी रखेंगे। पेशेवर सर्किट में दो दशक से अधिक समय तक खेलने वाले 37 साल के घोषाल ने देश की ओर से खेलते हुए कई पदक जीते हैं। इंचियोन और हांग्झोउ एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों में भी तीन पदक जीते हैं। उन्होंने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण पदक भी जीता था। घोषाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, ह्यह्यजब मैंने 22 साल पहले ह्यपीएसए विश्व टूरह्न पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। मैंने इस दौरान दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े टूर्नामेंटों में सोचा कि ये दौर हमेशा जारी रहेगा पर हर चीज का एक अंत होता है। संन्यास की घोषणा करते समय मैं भावनाओं से अभिभूत हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है। इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीएसए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। घोषाल दुनिया के शीर्ष 10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अप्रैल 2019 में करियर की उच्चतम रैंकिंग हासिल की और छह महीने तक उसे बनाये रखने में सफल रहे। घोषाल ने 2003 में पीएसए में पदार्पण करने के बाद से 18 फाइनल में पहुंचकर 10 पीएसए खिताब जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने पीएसए टूर पर अपने 511 मैचों में से 281 जीते हैं। घोषाल के नाम 13 राष्ट्रीय खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इसमें से आखिरी खिताब 2020 में जीता था।

## मिचेल मार्श आईपीएल से बाहर हुए

**मुम्बई :** दिल्ली कैपिटल्स की ओर से आईपीएल में खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श चोटिल होने के कारण आईपीएल टूर्नामेंट से हट गये हैं। ऑलराउंडर मार्श का बाहर होना दिल्ली टीम के लिए करारा झटका है। कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि मार्श हैमस्ट्रिंग खिंचाव के कारण अब आईपीएल सत्र के बचे हुए मैचों में नहीं खेल पायेंगे।

# दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच आज



**नई दिल्ली :** आईपीएल 2024 का 40वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा. दोनों टीमों का यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा. मौजूदा सीजन में दिल्ली और गुजरात पहले भी आमने-सामने आई थीं, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी. अब शुभमन गिल की अगुआई में गुजरात टाइटंस को उसी के घरेलू मैदान पर हराकर अपना बदला पूरा करना चाहेगी. आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस अभी तक खेले 8 में से 4 मैच जीत चुकी है. ये टीम अभी 8 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर है. दूसरी ओर दिल्ली की टीम 8वें नंबर पर विराजमान है, जिसने अभी तक 8 मैचों में केवल 3 जीत हासिल की हैं. दिल्ली जब पिछली बार अपने घरेलू मैदान पर खेली थी, तब उन्हें रफ्ल्र के लिए 67 रन से बड़ी हार झेलनी पड़ी थी. दूसरी ओर गुजरात टाइटंस जीत की लय के साथ मैदान में उतरेगी. खैर उससे पहले आइए जानते हैं कि दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन कैसी रह सकती है और पिच का हाल कैसा रहेगा.

## पंड्या से कप्तानी पारी की उम्मीद थी : आकाश चोपड़ा



**जयपुर :** आईपीएल के इस सत्र में मुम्बई इंडियंस के नये कप्तान हार्दिक पंड्या अब तक असफल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी वह केवल 10 रन ही बना पाये। वहीं पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि उन्हें इस मैच में पंड्या से कप्तानी पारी की उम्मीद थी पर उन्होंने निराश किया। उन्हें जल्दी बल्लेबाजी के लिए उतरकर मोर्चे से आगुवाई करने की जरुरत थी पर हैरानी की बात ये रही कि मैच में मुम्बई के विकेट गिरते रहे और पंड्या कभी डगआउट में तो कभी सीट पर बैठते, फिर कभी पुशअप्स मारते और कभी टहलते। फिर जब वह मैदान पर उतरे भी कोई कमाल नहीं कर पाये। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस प्रकार पंड्या एक बार फिर बल्लेबाजी में विफल रहे। इससे पहले उन्होंने 7 पारियों में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 11, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 24, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 34, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 39, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ नाबाद 21, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 2 और पंजाब किंग्स के खिलाफ 10 रन बनाये थे। इसके बाद पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने एक बार फिर पंड्या पर निशाना साधा है। पठान ने कहा कि आईपीएल में पंड्या की कप्तानी, बल्लेबाजी और गेंदबाजी सभी बेकार रही हैं। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हार्दिक पंड्या की हिटिंग क्षमता कम होती जा रही है। यह एक बड़ी चिंताजनक बात है।

## हॉकी के जमीनी स्तर पर गोलकीपिंग और फ्लिकिंग कार्यक्रम शुरू



**नई दिल्ली :** भारत की पूर्व महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी जसप्रीत कौर पूर्व ड्रैग-फ्लिकरों के समूह का हिस्सा थीं, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में साई बेंगलुरु में हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर हरमन क्रूज के संरक्षण में गहन प्रशिक्षण लिया था। प्रशिक्षण सत्र हॉकी इंडिया की अनूठी पहल का एक हिस्सा था जिसका उद्देश्य पूरे देश में कोचिंग पद्धतियों को मानकीकृत करना और हॉकी प्रतिभा की अगली पीढ़ी का पोषण करना था। कोचिंग में एकरूपता और निरंतरता सुनिश्चित करने की दृष्टि से तैयार किए गए इस कार्यक्रम में भारत के प्रतिष्ठित पूर्व गोलकीपर एड्रियन डिसूजा, भरत छेत्री, योगिता बाली, हेलेन मैरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकते, पीटी राव और प्रतिष्ठित पूर्व ड्रैग-फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह, गुरजिंदर सिंह, वीआर रघुनाथ, और, जसप्रीत कौर ने हिस्सा लिया। हरमन क्रूज की निगरानी में, इन दिग्गजों ने अपने कोचिंग कौशल को निखारा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कोचिंग दृष्टिकोण को सुव्यवस्थित करना है, जिससे देश भर के एथलीटों को, विशेष रूप से जमीनी स्तर पर, समान बुनियादी बातों और कौशल सीखने में सक्षम बनाया जा सके, जिससे प्रशिक्षण मानकों में एकरूपता को बढ़ावा मिले। प्रशिक्षण शिविर के अपने अनुभव को लेकर जसप्रीत ने मंगलवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, "हॉकी इंडिया ने गोलकीपिंग और ड्रैग-फ्लिकिंग के लिए एक शानदार कार्यक्रम शुरू किया है क्योंकि वे कौशल के विभिन्न सेट हैं। इसके लिए एक विशेष तकनीक की आवश्यकता होती है। इसलिए, भारतीय हॉकी के दिग्गजों को बुलाया गया था। इस प्रशिक्षण में मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। हमें एथलीटों की पहचान करने और शरीर और गेंद के संयोजन, और ड्रैग-फ्लिकिंग के चरणों और प्रक्रियाओं के बारे में पैरामीटर बनाने के लिए कहा गया था। हमारी टीम ने उन मापदंडों को बनाया और एक मॉड्यूल बनाया, जो हमें संभावित ड्रैग-फ्लिकर की पहचान करने में मदद करेगा। एक प्रशिक्षक और कोच के रूप में अपनी नई भूमिका पर पूर्व भारतीय डिफेंडर ने कहा कि वह सीख रही हैं कि एथलीटों के साथ कैसे संवाद किया जाए और उन्हें प्रगति करने के चरणों के बारे में समझाया जाए। उन्होंने कहा, "कोचिंग सीखने से अलग है। किसी को पढ़ाना कठिन है। कोच के रूप में यह मेरा पहला मौका है।

## हम हर मैच वैसे ही खेलेंगे, जैसा हमने गुजरात के खिलाफ खेला था : डेविड वार्नर



**नई दिल्ली :** अब तक आठ में से तीन मुकाबलों में जीत हासिल करने के बाद, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 के बाकी मैचों में चीजों को बदलने की कोशिश करेगी। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान क्रिकेट पर विभिन्न विषयों पर विस्तार से बात की, जिसमें सीजन में टीम का अब तक का प्रदर्शन भी शामिल था। वार्नर ने कहा,"हम वहां नहीं हैं जहां हम टीम की खातिर होना चाहते थे। हम कुछ और मैच जीतना चाहेंगे। लेकिन प्लेऑफ में जाने के लिए स्पष्ट रूप से हमें अगले सभी मैच जीतने होंगे। इसलिए हम हर मैच वैसे ही खेलेंगे, जैसे हमने गुजरात के खिलाफ खेला था। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने कहा, "हमें बल्ले और गेंद दोनों से थोड़ा सुधार करना है। अगर हम विपक्षी टीम को बड़ा स्कोर करने से रोकें तो यह बहुत अच्छा होगा। और फिर अगर हम पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो बोर्ड पर एक बड़ा स्कोर खड़ा करने की कोशिश करेंगे। वार्नर ने आगे बताया कि दिल्ली कैपिटल्स के पास खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण है। उन्होंने कहा, "लोग जिस तरह से प्रशिक्षण और तैयारी कर रहे हैं, उसमें कोई गलती नहीं कर सकते। खेलों में कभी-कभी ऐसा होता है कि कार्यान्वयन नहीं होता है। और हम जानते हैं कि जब हम शुरूआत में विकेट लेते हैं, तो हम एक बहुत ही खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण होते हैं। जब वार्नर से टीम के उन दो युवाओं के बारे में पूछा गया जिन्होंने इस सीजन में उन्हें प्रभावित किया है, तो उन्होंने अभिषेक पोरेल और, जेक फ्रेजर मेकगर्क का नाम लिया।

## सुनील नरेन के वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप टीम में वापसी का रास्ता बंद



**नई दिल्ली :** सुनील नरेन ने कैरेबियाई और संयुक्त राज्य अमेरिका की मेजबानी में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज की टीम में वापसी से खुद को बाहर कर लिया है और जोर देकर कहा है कि राष्ट्रीय टीम में वापसी का दरवाजा अब बंद हो गया है। 35 वर्षीय नरेन चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में शानदार फॉर्म हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 56 गेंदों में नाबाद 109 रन की शानदार शतकीय पारी खेली थी, जो उनका पहला टी20 शतक है। वह केकेआर के संयुक्त अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं, जिन्होंने अपनी ऑफस्पिन के साथ 7.10 की इकॉनमी रेट से नौ विकेट लिए हैं। हालाँकि, नरेन ने नवंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया, 2019 के बाद से वेस्टइंडीज के लिए नहीं खेले। नरेन ने सोमवार देर रात इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं वास्तव में बहुत खुश हूं और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरे संन्यास से वापस आने और आगामी टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है। मैंने उस फैसले पर शांति बना ली है और हालांकि मैं कभी निराश नहीं होना चाहता, वह दरवाजा अब बंद हो गया है और मैं उन लोगों का समर्थन करूंगा जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे। वे लोग जिन्होंने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और हमारे अद्भुत प्रशंसकों को यह दिखाने के लायक हैं कि वे एक और खिताब जीतने में सक्षम हैं - मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं।

## चीन ने अंडर-23 एशियन कप के अंतिम ग्रुप मैच में यूएई को हराया



एजेंसी

**दोहा :** चीन ने सोमवार को यहां अंडर-23 एशियाई कप के अपने अंतिम ग्रुप मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 2-1 से हरा दिया और एक जीत और दो हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गया। जापान और दक्षिण कोरिया से हारने के बाद पहले ही ग्रुप से आगे बढ़ने का मौका खो चुके चीन के मुख्य कोच चेंग याओदोंग ने पिछले मैच से अपने शुरूआती लाइनअप में केवल एक बदलाव किया, जिसमें ली हाओ ने हुआंग जिहाओ की जगह ली। चीन के लिए टूनार्मेंट का पहला गोल जी वेनेंग ने 24वें मिनट में किया जब उन्होंने कॉर्नर के बाद बॉक्स के अंदर गेंद को अपने बेहतरीन शॉट से गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। चीन का दूसरा गोल यूएई के डिफेंडरों की गलती के कारण हुआ, लियू झुरुन ने यूएई के डिफेंडरों की गलती का फायदा उठाते हुए गेंद अपने कब्जे में किया और गोल पोस्ट में डालकर हाफटाइम से ठीक पहले चीन की बढ़त 2-0 कर दी। यूएई ने दूसरे हाफ में अहमद फावजी के माध्यम से गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। हालांकि टीम इसके बाद बराबरी का गोल नहीं कर सकी और चीन ने मैच 2-1 से जीत लिया। ग्रुप बी के अन्य मैच में दक्षिण कोरिया ने जापान को 1-0 से हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि जापान भी दूसरे स्थान पर रहकर नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर गया। शेष आठ योग्य टीमें 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए तीन सीधे टिकटों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि चौथे स्थान पर रहने वाली टीम अंतिम ओलंपिक स्थान के लिए प्ले-ऑफ में गिनी से भिड़ेगी।

## मोहन बागान सुपर जायंट के विजयी रथ को रोकने उतरेगी ओडिशा एफसी



**भुवनेश्वर :** ओडिशा एफसी और मोहन बागान सुपर जायंट आज शाम यहां कलिंगा स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में पहले सेमीफाइनल के पहले चरण के मुकाबले में भिड़ेंगे। मोहन बागान ने अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए आईएसएल 2023-24 लीग विनर्स बनकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। दूसरी ओर, ओडिशा एफसी ने प्लेऑफ में केरला ब्लास्टर्स एफसी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। ये दोनों टीमें इस सीजन के दौरान आईएसएल और एएफसी कप में कई बार आमने-सामने हो चुकी हैं। ओडिशा को पिछले मैच में येलो आर्मी के खिलाफ घर पर जीत से आत्मविश्वास मिला होगा और इस बार भी उन्हें सकारात्मक परिणाम की उम्मीद होगी। इसी तरह, पिछले हफ्ते साल्ट लेक स्टेडियम में निर्णायक बने अंतिम लीग मुकाबले में मुम्बई सिटी एफसी पर जीत से मोहन बागान सुपर जायंट आत्मविश्वास से भरपूर होंगे। वे ओडिशा एफसी से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। सीजन के एक बड़े हिस्से के दौरान, ओडिशा एफसी तालिका में शीर्ष दो स्थानों की दौड़ में थी। हालांकि, वो कुछ खराब नतीजों के कारण 39 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर रही। इसके विपरीत, मैरिनर्स ने अपने अंतिम पांच मैचों में से चार जीतकर आइलैंडर्स को पीछे छोड़ दिया। ओडिशा एफसी के स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा ने सोमवार को प्री मैच कॉन्फ्रेंस में कहा, उनके पास बहुत अच्छी टीम है। हमारी टीम भी बहुत अच्छी है और हम कलिंगा में अपराजित हैं। हम उस लय को घरेलू मैदान पर भी जारी रखना चाहते हैं और हमने उन्हें खिलाफ पिछले चार मैचों में बहुत कड़ी टक्कर दी है। मोहन बागान सुपर जायंट के स्पेनिश हेड कोच एंटोनियो लोपेज हबास ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ह्लइस मैच में खेलने के लिए पूरी टीम उपलब्ध है। पिछले कुछ मैचों में सभी खिलाड़ियों का उपलब्ध रहना बहुत मुश्किल है, आमतौर पर लंबे समय तक यह संभव नहीं होता है।

## इंटर मिलान ने जीता अपना 20वां सीरी ए खिताब



**रोम :** इंटर मिलान ने सोमवार को एसी मिलान को 2-1 से हराकर अपना 20वां सीरी ए खिताब जीता। दूसरे स्थान पर मौजूद एसी मिलान पर 14 अंकों की आरामदायक बढ़त और केवल छह राउंड शेष होने के साथ, इंटर मिलान अपनी 2021 चैंपियनशिप की सफलता को दोहराने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरा। सैन सिरो में खेले गए इस मैच में इंटर ने लुटारो मार्टिनेज और मार्कस थुरम के साथ एक मजबूत लाइनअप को मैदान में उतारा, जबकि एसी मिलान ने एकमात्र स्ट्राइकर के रूप में राफेल लीओ को स्थान देते हुए, ओलिवर गिरौद को बेंच पर रखने का विकल्प चुना। मैच के 18वें मिनट में फेडरिको डिमार्को के कॉर्नर को बेंजामिन पावर्ड ने चतुराई से गेंद को फ्रांसेस्को एसरबी की ओर फ्लिक किया, जिन्होंने इसे हेड के जरिये गोल पोस्ट में डालकर इंटर मिलान का खाता खोल दिया। मिलान ने हॉफ टाइम तक अपनी 1-0 की बढ़त बरकार रखी। हॉफ टाइम के बाद मैच शुरू होने के चौथे मिनट में ही मार्कस थुरम ने गोल कर इंटर मिलान की बढ़त 2-0 कर दी। इसके बाद एसी मिलान ने हमले को मजबूत करने के लिए गिरौद और नोआ ओकाफोर को मैदान में उतारा और उनके प्रयास 80वें मिनट में सफल हो गए, जब माटेओ गैबिया का हेडर पोस्ट से टकरा गया, लेकिन फिकायो तोमोरी ने इसे नेट में डाल दिया और स्कोर 2-1 हो गया।

# दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा आयरलैंड



**नई दिल्ली :** आयरलैंड इस साल के अंत में अबू धाबी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक 'घरेलू' सफेद गेंद श्रृंखला का आयोजन करेगा, इसके बाद जुलाई में अपने इतिहास में दूसरी बार घरेलू पुरुष टेस्ट मैच की भी मेजबानी करेगा, जब उनकी टीम स्टॉर्मॉन्ट में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलेगी। क्रिकेट आयरलैंड ने सोमवार को पुरुष और महिला टीमों के लिए अपने घरेलू कार्यक्रम की घोषणा की है, हालांकि सभी मैच घर पर नहीं होंगे। आयरलैंड ने 2017 में पूर्ण सदस्य का दर्जा प्राप्त किया और 2018 में डबलिन के पास मालाहाइड में अपना पहला पुरुष टेस्ट मैच खेला, लेकिन उनके पास एक स्थायी घरेलू स्टेडियम नहीं है और अस्थायी बुनियादी ढांचे की उच्च लागत का मतलब है कि उनके बाद के छह टेस्ट मैच विदेश में हुए हैं। जिसमें इस साल की शुरूआत में अबू धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ उनकी पहली जीत भी शामिल है। इस गर्मी में वे 25-29 जुलाई तक स्टॉर्मॉन्ट, बेलफास्ट के सिविल सर्विस मैदान में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका को शुरू में जुलाई में तीन एकदिवसीय और तीन टी20 के लिए आयरलैंड का दौरा करना था, लेकिन इसके बजाय वे सितंबर के अंत से अबू धाबी में तीन एकदिवसीय और दो टी20 खेलेंगे। यह आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी विदेशी श्रृंखला है जिसे दक्षिण अफ्रीका तटस्थ मैदान पर खेलेगा, इससे पहले 2022 में क्रिकेट आयरलैंड ने दो टी20 मैचों को इंग्लैंड के ब्रिस्टल में स्थानांतरित किया था। ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बातचीत में ड्यूट्रोम ने कहा, १यह फिक्स्चर शेड्यूल हमारे मौजूदा बुनियादी ढांचे की बाधाओं के संबंध में हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करते हुए कई प्रारूपों में प्रतिस्पर्धी, उच्च गुणवत्ता वाले क्रिकेट का संतुलन बनाने का प्रयास करता है। हालांकि हम इनमें से कुछ चुनौतियों के लिए दीर्घकालिक समाधानों पर काम कर रहे हैं - विशेष रूप से प्रस्तावित स्थायी स्टेडियम के लिए सरकार से बातचीत जारी है, हम जानते हैं कि हमें लगातार बढ़ते कार्यक्रम की मेजबानी के लिए अल्पावधि में अपनी क्षमता को रचनात्मक रूप से बढ़ाने के तरीकों का पता लगाना होगा। ड्यूट्रोम ने पहले पुष्टि की थी कि ऑस्ट्रेलिया का तीन वनडे और एक टी-20 मैच का निर्धारित दौरा अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस गर्मी के लिए भविष्य के दौरे के कार्यक्रम में आयरलैंड के 20 घरेलू पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैचों में से केवल चार जिम्बाब्वे टेस्ट, और अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ तीन टी 20 आई, वास्तव में आयरलैंड में होंगे, जबकि 11 को या तो रद्द कर दिया गया



स्पेन में लारियर स्पोर्टस अवार्ड समारोह में साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अवार्ड के साथ पोज देती हुई एरीसा ट्रियू।

## एक झलक


### विमान में 12 साल तक के बच्चों को माता-पिता के साथ सीट दी जाये : डीजीसीए

**नयी दिल्ली** : नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाया है। विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनियों को उड़ान के दौरान 12 साल तक के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट आवंटित करने का निर्देश दिया है। डीजीसीए ने मंगलवार को जारी एक बयान में एयरलाइंस कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता या अभिभावकों में कम से कम एक के साथ उनकी सीट आवंटित की जाए। इसके साथ ही इसका रिकॉर्ड भी रखा जाए। विमानन नियामक ने यह निर्देश बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आने के बाद जारी किए हैं। यह निर्देश ऐसे मामलों की पृष्ठभूमि में आया है। अब डीजीसीए की ओर से 2024 में जारी एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर (एटीसी)-01 के मुताबिक 12 साल से कम उम्र के बच्चे को हवाई सफर के दौरान उसके अभिवावकों के पास वाली सीट उपलब्ध हो सकेगी। खास बात ये है कि इसके लिए यात्री को कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होगा। अगर अभिभावक ने अपने लिए फ्री सीट या ऑटो एलोकेशन का ऑप्शन चुना है तो बगल की सीट बच्चे के लिए अरेंज करना होगा।

### ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

**नयी दिल्ली** : ग्लोबल मार्केट से मंगलवार को मंगलकारी संकेत मिल रहे हैं। पिछले सप्ताह लगातार दबाव का सामना करने के बाद अमेरिकी बाजार में अब रिकवरी नजर आ रही है। पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। डाऊ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज मामूली बढ़त बनाए हुए है। इसी तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में टेक शेयरों में तेजी का रुख बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों को काफी सपोर्ट मिला। डाउ जॉन्स 250 अंक तक उछल गया। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,006.71 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 152.89 अंक यानी 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,434.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 128.02 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की उछाल के साथ 8,023.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,040.36 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 123.44 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,860.80 के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर मजबूती नजर आ रही है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं, जबकि 2 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं।

# उतार-चढ़ाव के बीच मजबूती के साथ बंद हुआ बाजार




**नयी दिल्ली** : दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे कारोबारी दिन बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन पूरे दिन तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान चलती रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर-नीचे होती रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी, एफएमसीजी, रियल्टी और पावर सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह इंफ्रास्ट्रक्चर और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर मेटल, ऑयल एंड गैस, फार्मास्यूटिकल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.05 प्रतिशत उछल कर आज के कारोबार का अंत किया। बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 399.68 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 397.86 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.82 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,934 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2335 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,480 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 119 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,224 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,372 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 852 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 29 शेयर हरे निशान में और 21 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 400.32 अंक उछल कर 74,048.94 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के साथ लिवालों और बिकवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की होड़ शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा।

## स्कूल और कॉलेज गैजेट्स पर अमेजन सेल में 80 फीसद डिस्काउंट

**नयी दिल्ली (ईएमएस)** : अमेजन पर चल रही बेक टू स्कूल सेल में स्कूल और कॉलेज गैजेट्स पर 80 फीसद तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। यहां से आप प्रिंटर, स्कूल गैजेट्स, असेंशियल्स और टैबलेट्स समेत कई प्रोडक्ट्स खरीद सकते हैं। यहां से आपको कई ब्रांड के टैबलेट्स मिल जाएंगे जो आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकते हैं। इन सभी पर एक से बढ़कर एक डिस्काउंट ऑफर किया जा रहा है जिसके बाद इन्हें कम कीमत में घर लाया जा सकता है। इन पर विंज वॉच तो किया जा सकता है और साथ ही स्कूल की क्लासेज भी ली जा सकती हैं। अमेजन सेल में आपको कई बेस्ट टेबलेटस अच्छे फीचर्स के साथ मिल जाएंगे। इनमें वनप्लस , शाओमी, हानर, सेमसंग आदि के ऑप्शन्स मौजूद हैं। यहां हम आपके लिए कुछ अच्छे ऑप्शन्स लाए हैं जो आपको पसंद आ सकते हैं। इसमें 11.35 इंच का बड़ा डिस्प्ले दिया गया है जिसके चलते इसका वीडियो एक्सपीरियंस बढ़िया रहेगा। इसमें डॉल्बी एटमस क्वाड स्पीकर्स दिए गए हैं जो साउंड क्वालिटी को जबरदस्त बनाते हैं। यह वाई-फाई के साथ 4जी एलटीई पर काम करते हैं। इसकी प्रोसेसिंग पावर अच्छी है। 8000 एमएएच की दमदार बैटरी दी गई है। यह देखने में भी काफी स्टाइलिश है और फीचर्स के मामले में सभी को पीछे छोड़ता है। इसके साथ 1 साल की वारंटी दी गई है। इसे 4.5 यूजर रेटिंग दी गई है। साथ ही 1 साल की वारंटी दी गई है। 33 फीसद डिस्काउंट के साथ इस टैबलेट में स्नैपड्रैगन 870 प्रोसेसर दिया गया है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन पेश करने की घोषणा की




**रांची/जमशेदपुर** : टोयोटा फॉर्च्यूनर किसी परिचय का मोहताज नहीं है और इस सबसे प्रशंसित एसयूवी की सफलता पर खुशी मनाने के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारतीय बाजार में फॉर्च्यूनर का लीडर एडिशन पेश किया। अपनी जानी-मानी विशेषताओं के आधार पर, फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन कई ऐड-ऑन सुविधाओं के साथ विशिष्ट डिजाइन लाता है। इंटीरियर में डुअल-टोन सीटें हैं जो बेजोड़ आराम और सुंदरता प्रदान करती हैं, जिससे ड्राइविंग अनुभव नई ऊंचाइयों पर पहुंच जाता है। आलीशान असबाब से लेकर एगोनोमिक डिजाइन तक, प्रत्येक विवरण को सावधानीपूर्वक तैयार करने के साथ, फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन हर यात्रा को अद्भुत अनुभव से भर देता है। इसकी परफेक्ट स्टाइलिंग के अलावा, फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन सुविधा, सुरक्षा और कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई उन्नत सुविधाओं की एक श्रृंखला से युक्त है। फॉर्च्यूनर का लीडर एडिशन पेश किये जाने के मौके पर टिप्पणी करते हुए, श्री सबरी मनोहर - उपाध्यक्ष, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, हम जो कुछ भी करते हैं उसके केन्द्र में हमारे ग्राहक होते हैं। उन्नत सुविधाओं और ड्राइविंग अनुभवों के लिए उनकी बढ़ती प्राथमिकताएं और इच्छाएं उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज को प्रेरित करती हैं।

## एयर इंडिया ने जापान की ऑल निप्पॉन एयरवेज से किया कोडशेयर समझौता

**नयी दिल्ली** : हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब भारत से जापान जाना और आसान हो जायेगा। टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने जापान की ऑल निप्पॉन एयरवेज (एएनए) के साथ कोडशेयर साझेदारी की है। इस समझौते के बाद यात्रियों को कई सारे फ्लाइट के ऑप्शन मिल सकेंगे। यह कोडशेयर समझौता 23 मई से प्रभावी होगा। एयर इंडिया ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि हमारे नवीनतम कोडशेयर पार्टनर की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस समझौते के लागू होने के बाद एयर इंडिया और ऑल निप्पॉन एयरवेज के यात्री एक ही टिकट के साथ भारत-जापान के बीच वांछित गंतव्य के लिए उड़ान भर सकते हैं।

# सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, 500 रुपये तक सस्ता हुआ सोना



**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को गिरावट का रुख बना रहा। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में आज सोने की कीमत में 400 से 500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई। प्रमुख शहरों के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना 74 हजार रुपये के स्तर से नीचे आ गया। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 73,730 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 73,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,730 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 67,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# जस्टडायल रांची के व्यवसायों को बना रहा सफल

**रांची** : 'झरनों का शहर' रांची पूर्वी भारत के प्रमुख ओद्यौगिक शहरों में से एक है। तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था, विभिन्न ओद्यौगिक सेक्टरों तथा सरकारी एवं निजी कंपनियों की मौजूदगी के चलते यह शहर एक वाइब्रेन्ट हब बन चुका है। रांची की अर्थव्यवस्था अपने आप में विविध है, यहां कई प्रकार के उद्योग जैसे मिनरल्स, फटीर्लाइजर, टेक्सटाईल्स, मशीन टूल्स, फार्मास्युटिकल्स, इंजीनियरिंग, कृषि आदि विकसित हो रहे हैं। स्मार्ट पावर सोल्युशन्स के मालिक जमीउर रहमान जस्टडायल के प्रभाव पर बात करते हुए कहते हैं, 2020 के बाद से जस्टडायल ने हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए हमें प्रीमियम कस्टमर्स की लीड्स मिलती हैं। साथ ही यह प्लेटफॉर्म डिजिटल एवं ऑनलाइन मार्केटिंग में सहयोग प्रदान कर हमारे व्यवसाय को बढ़ाने में मदद करता है। डॉ शिवास्मी नागल, चेयरमैन एवं एमडी, मां राम प्यारी ऑर्थो हॉस्पिटल रीसर्च सेंटर प्रा. लिमिटेड ने अपने पेशेंट बेस को बढ़ाने में जस्टडायल की भूमिका पर बात करते हुए कहा, आज के डिजिटल दौर में मरीज, डॉक्टर या अस्पताल ढूंटने के लिए ऑनलाईन रिसोर्सेज पर भरोसा करते हैं। जस्टडायल उनके लिए इस प्रक्रिया को आसान बनाता है और मरीजों को हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के साथ जोड़ता है। हम जस्टडायल से मिले सहयोग के लिए उनके आभारी हैं।

## डीडी फ्री डिश पर जी लेकर आ रहा है एक नया मूवी चैनल जी अनमोल सिनेमा 2




**एंटरटेनमेंट,** एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट - अपनी रोजमर्रा की भागदौड़ और व्यस्त जिंदगी के तनाव से छुटकारा पाने के लिए सबकी बस यही एक जरूरत होती है। ऐसे में डीडी फ्री डिश पर अलग-अलग कार्यक्रमों की बेतहाशा मांग को पूरा करने के लिए एक नया हिंदी मूवी चैनल जी अनमोल सिनेमा 2 आ रहा है। जी के व्यापक लाइनअप में यह बिल्कुल नया चैनल 26 अप्रैल से डीडी फ्री डिश चैनल नंबर 73 पर उपलब्ध होगा। जी अनमोल सिनेमा 2 को 15-30 साल की उम्र के दर्शकों को आकर्षित करने के लिहाज से तैयार किया गया है। युवा दर्शकों की बढ़ती रुचि और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए, यह चैनल साउथ की डब और हिंदी फिल्मों का एक जोरदार मिश्रण पेश करता है, जो दर्शकों को दोनों फिल्म उद्योगों के मनोरंजन से जोड़े रखेगा। जहां युवा ग्रामीण दर्शकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई दूसरा हिंदी फिल्म चैनल नहीं है वहीं जी अनमोल सिनेमा 2 ने इस बात का खास ख्याल रखा है। इस चैनल का लक्ष्य दर्शकों के साथ व्यक्तिगत रूप से जुड़कर, नए भारत का नया साथी के रूप में एक खास पहचान बनाकर इस कमी को पूरा करना है।

# रिलायंस व जेएसडब्ल्यू समेत सात कंपनियों ने बैटरी संयंत्र के लिए किया आवेदन




**नयी दिल्ली** : निजी क्षेत्र की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी सहित सात कंपनियों ने बैटरी विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आवेदन किया है। भारी उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि सात कंपनियों से 3,620 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 10 गीगावाट क्षमता वाले संयंत्र स्थापित करने के लिए आवेदन मिले हैं। इन कंपनियों में आरआईएल और जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी के साथ अन्य बोलीदाताओं में एसीएमई क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, अमारा राजा एडवांस्ड सेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, अन्वी पावर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, लुकास टीवीएस लिमिटेड और वारी एनर्जीज लिमिटेड हैं। भारी उद्योग मंत्रालय की ओर से इसी साल 24 जनवरी को जारी एक वैश्विक निविदा के जवाब में कुल 70 गीगावाट क्षमता वाले विनिर्माण संयंत्रों के लिए बोलियां मिली हैं। मंत्रालय ने 10 गीगावाट उन्नत रसायन सेल (एसीसी) विनिर्माण के लिए पीएलआई की बोली लगाने की फिर से घोषणा की थी। इसके लिए पहली बैठक 12 फरवरी को हुई थी। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 22 अप्रैल थी और तकनीकी बोलियां मंगलवार को खोली गईं हैं।

## कच्चा तेल 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नयी दिल्ली** : अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 88 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## पेज एक के शेष

### आरक्षण व संविधान खत्म करने की अफवाह फैला रहा है विपक्षी गठबंधन : मोदी...

प्रधानमंत्री ने कहा कि ड्रोन क्रांति आने वाली है, उसका नेतृत्व आदिवासी बहनें करेंगी। नमो ड्रोन दीदी योजना से बहनों को पहले ड्रोन पायलट की ट्रेनिंग दी जा रही है। सरकार उसको सब्सिडी भी दे रही है। छत्तीसगढ़ की महतारी योजना की देशभर में चर्चा है। लाखों बहनों को हर महीने सीधी मदद पहुंचने लगी है। मोदी ने भी गारंटी दी है कि तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनायेंगे। हमने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। मेडिकल व इंजीनियरिंग की पढ़ाई स्थानीय भाषा में देने का काम किया। आपके वोट की ताकत मेरे साथ है, इसलिए विपक्षी कांप कर रहे हैं। घोटालों की जांच हो रही है, इसलिए उनमें बौखलाहट है।

सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव से सहित भाजपा के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने भी सभा को सम्बोधित किया।

### एससी-एसटी आरक्षण कम करके मुसलमानों में बांटना चाहती है कांग्रेस : मोदी...

पायलट प्रोजेक्ट था, जिसे बाद में पूरे देश में लागू करने की योजना थी लेकिन कांग्रेस के मंसूबे कामयाब नहीं हो सके। जब कर्नाटक में भाजपा सरकार थी, तो हमने सबसे पहला काम किया, कांग्रेस ने जो एससी-एसटी से आरक्षण छीन कर मुस्लिम कोटा निकाला था, उसे खत्म किया। मोदी संविधान को समझता है, बाबा साहेब अंबेडकर की पूजा करनेवाला व्यक्ति है। आरक्षण का हक बाबा साहेब ने दलित, आदिवासी और पिछड़ों को दिया। कांग्रेस और इंडी अलायंस वाले उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे।

मोदी ने कहा कि यदि 2014 के बाद भी कांग्रेस होती तो सरहद पर सैनिकों के सिर काटे जा रहे होते और बम ब्लास्ट हो रहे होते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में तो हनुमान चालीसा पढ़ना भी गुनाह हो गया है। कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक में कुछ दिन पहले दुकानदार को इसलिए बुरी तरह से पीटा गया, क्योंकि वह अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था। राजस्थान तो इसका भुगतभोगी रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जब कांग्रेस की सरकार थी, तो यहां रामनवमी पर निकलनेवाली शोभायात्रा पर ही प्रतिबंध लगाया गया था। कांग्रेस के जाने के बाद पहली बार पूरे राजस्थान में रामनवमी पर शांति से शोभायात्रा निकली है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने वोट बैंक पॉलिटिक्स के दलदल में इतनी फंसी हुई है कि उसे बाबा साहेब के संविधान की भी परवाह नहीं है। उन्होंने मेनिफेस्टो में लिखा है आपकी सम्पत्ति का सर्वे करेंगे। हमारी माता-बहनों के मंगलसूत्र का सर्वे करेंगे। उनके नेता ने कहा कि एक्स-रे किया जायेगा। मतलब आपके घर के बाजरे के डिब्बे, दीवार में रखा है, तो वे एक्स-रे कर खोजा जायेगा। ये उनके नेता कह रहे हैं। वे कहते हैं कि जरूरत से ज्यादा हुआ, तो कब्जे में ले लेंगे और लोगों को बांट देंगे। आपके दो घर हैं, तो एक्स-रे करेंगे और कहेंगे एक घर सरकार को दे दें। क्या ये स्त्री धन या मंगलसूत्र पर हाथ लगा सकते हैं, राजस्थान में ऐसा एक भी पंजा नहीं बचना चाहिए।

जनसभा को राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी समाबोधित किया।

### पिछली सरकार ने छत्तीसगढ़ में मेरे एक भी कार्य आगे बढ़ने नहीं दिये : पीएम

**रायपुर/सक्ति** : छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान 26 अप्रैल को होने हैं। ऐसे में बीजेपी-कांग्रेस सहित कई राजनीतिक पार्टियों के दिग्गज नेताओं का लगातार छत्तीसगढ़ दौरा हो रहा है। इसी क्रम में दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सक्ति जिला के बाराद्वार में चुनावी जनसभा की शुरूआत ₹हमर बहिनी-भाई ददा सबो झन ल मोर जय जोहार₹ के साथ की।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कहा कि 10 साल से आपने देखा है, मैं लगातार काम कर रहा हूं। आपके के लिए दौड़ता रहता हूं। मोदी के लिए तो आप ही मेरा परिवार हैं। आप बहुत उदार हैं। आज फिर मैं आशीर्वाद मांगने आया हूं। आप लोगों को मोदी के लिए 01 घंटे निकालना है। मोदी को वोट करोगे और भारत को शक्तिशाली देश बनाने में अपना बहुमुल्य सहयोग करेंगे। मुझे जनता के आशीर्वाद पर अटूट भरोसा है, इसी भरोसे पर पूरा छत्तीसगढ़ कह रहा है कि फिर एक बार फिर मोदी सरकार बनाना है।

### कुछ लोग खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानने लगे

प्रधानमंत्री ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ लोग खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानने लगे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता ठुकरा कर साधु-संतों का अपमान किया। उन्होंने आगे कहा कि सबने मान लिया था कि राममंदिर नहीं बनेगा, लेकिन उस उम्मीद को पूरा करने का काम भाजपा ने किया। कांग्रेस वाले तो बुलावे के बाद भी नहीं आये।

### मोदी जैसे तपस्वी पीएम ही रख सकते हैं भारत का मस्तक ऊंचा : राजनाथ...

24 घंटे में 18 घंटे काम करने वाला कोई नेता अपने जीवन में देखा है, तो नरेन्द्र मोदी भाई को देखा होगा। दिनभर कई सभाओं के बाद वह रात में दस बजे बैठक करते हैं। यदि भारत का मस्तक ऊंचा करना है, तो ऐसा ही तपस्वी प्रधानमंत्री इस देश को चाहिए। राजनाथ ने कहा कि दुनिया में यह धारणा थी कि भारत कमजोर है, जो कोई भी चाहता था, वह भारत को आंख दिखा देता था। मैं आपको बताना चाहता हूं कि भारत का कद दुनिया में बढ़ा है। पहले लोग भारत की बातों को गम्भीरता से नहीं लेते थे। गांव में आपने देखा होगा कि कमजोर की बात कोई नहीं सुनता है। यही हाल भारत का था। आज भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर बोलता है, तो पूरी दुनिया कान खोल कर सुनती है। आज यह भारत है।

तीन साल बाद अमेरिका और चीन के बाद भारत का स्थान होगा।

रक्षा मंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था पर कहा कि जब 2014 में मोदी प्रधानमंत्री बने, तो भारत 11वें स्थान पर था। प्रधानमंत्री मोदी ने सात वर्षों में भारत को दुनिया के पांच देशों में लाकर खड़ा कर दिया। विश्व के अर्थशास्त्री दावा कर रहे हैं कि दुनिया में तेजी से बढ़नेवाली अर्थव्यवस्था भारत है। आज से तीन साल बाद भारत दुनिया के तीन देशों में आकर खड़ा हो जायेगा। अमेरिका और चीन के बाद भारत का स्थान होगा।

राजनाथ ने कहा कि देश में बिरसा मुंडा का योगदान सभी को पता है। भगवान बिरसा मुंडा को पहली बार किसी ने सम्मान दिया है, तो हमारी सरकार ने दिया है। मैं मानता हूं कि वह गौरव के प्रतीक हैं। तिलका मांझी, फूलों झाने, चांद भैरव, टाना भगत ; इन सबको सम्मान मिला। हमारी सरकार समाज की अंतिम सीढ़ी पर बैठे लोगों को सम्मान दे रही है। आदिवासी कल्याण मंत्रालय भी देश में अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया है। इसका बजट छह गुना बढ़ा दिया गया है। ऐसे हजारों गांव हैं, जिन्हें कोई पूछता नहीं था। इन पिछड़ों की किसी ने नहीं सुनी, लेकिन पहली बार 36 हजार गांवों तक सरकारी योजनाएं पहुंचीं। दुनिया के किसी देश में वह काम नहीं हो पाया, जो हमारी सरकार ने किया है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने कहा कि भारत ने करिश्मा कर दिया है।

### शहीदों का सम्मान करती है एनडीए सरकार : अर्जुन मुंडा...

प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत की बात करते हैं। ये लोग अपने घर और परिवार को विकसित करने का काम कर रहे हैं। झारखंड के गठन में 23 में से 13 साल बीजेपी की सरकार रही। आज तक भाजपा के कार्यकाल में किसी आदिवासी की जमीन नहीं लूटी गयी। ये लोग आरोप लगाते हैं कि भाजपा सत्ता में आयेगी, तो जमीन छीन लेगी। झूठा प्रचार करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की, कि वे संकल्प लेकर जायें कि अर्जुन मुंडा को खूंटी से जिता कर भेजेंगे। तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायेंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी का विकल्प नहीं : सुदेश महतो

आजसू प्रमुख और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव देश के लिए नेता चुनने का है। खूंटी की जनता भी ऐसा नेता चुनेगी, जो प्रधानमंत्री मोदी के साथ काम करेंगे। वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प नहीं है। खूंटी से एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को रिकॉर्ड मतों से जिता कर भेजना है। इस अवसर पर लोकसभा के प्रभारी रवीन्द्र राय, कर्मवीर सिंह, विमला प्रधान, सत्यनारायण सिंह, राकेश प्रसाद, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, कोच मुंडा, रामचंद्र चंद्रवंशी, चंद्रशेखर गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा कभी आदिवासी-मूलवासी की भलाई नहीं कर सकती : मुख्यमंत्री...

गये, लेकिन जब यहां महागठबंधन की सरकार बनी, तो 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड दिये गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ झूठा आश्वासन देना जानती है। चम्पाई सोरेन ने कहा कि भाजपा मुद्दा विहीन है और चुनाव लड़ने मैदान में उतर आयी है। उन्होंने कहा कि जंगल के बीच बसे गांव उलिहातू के वीर बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की गुलामी की जंजीर को तोड़ा, अपने हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन भाजपा की सरकार आदिवासी-मूलवासी का हित करने के बजाय जंगल से जुड़ी हमारी सभ्यता और संस्कृति को खत्म करने में जुटी है। आदिवासियों को उनके खुंटकट्टी अधिकार से वंचित करने की कोशिश भाजपा की सरकार कर रही है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मोदी का जुमला धोखा सबित हुआ। न खाते में 15 लाख आये और ना ही काला धन वापस आया। नौकरी देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ।

### आदिवासियों-मूलवासियों की आवाज दबाने के लिए हेमन्त सोरेन को जेल में डाला : मीर

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश के एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, जो आदिवासियों और मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे, उनकी आवाज को दबाने के लिए उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से संविधान और लोकतंत्र को खतरा है। हमें इसे बचाना है और इसके लिए खूंटी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को जीत दिलानी है। राज्य के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि भाजपा की सरकार सीएनटी एक्ट को खत्म करना चाहती थी। इसके विरोध में राज्य भर में आन्दोलन हुआ और खूंटी में एक आन्दोलनकारी शहीद भी हुआ। आन्दोलन जारी रहा और भाजपा सीएनटी एक्ट में संशोधन नहीं कर पायी। उन्होंने कहा कि जल-जंगल-जमीन बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी को वोट देना है। भगवान बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा की तबीयत खराब है। इसके बावजूद वह लाठी टेकते हुए इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के नामांकन के मौके पर पहुंचे। सीएम चम्पाई सोरेन ने मंच पर उन्हें सम्मानित किया।

### बंगाल में लगायेंगे घुसपैठ पर लगाम, राज्य की 35 लोस सीटें जीतेंगे : शाह...

लगातार तीसरी बार सत्ता में आयी, तो उत्तर बंगाल में एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थापित किया जायेगा, जिसकी क्षेत्र के लोग लम्बे समय से मांग कर रहे हैं।

## एक झलक

### नौसेना के दो हेलीकॉप्टर आसमान में टकराये

**कुआलालंपुर :** मलेशियाई नौसेना के दो हेलीकॉप्टर बीच हवा में टकरा गए। इस हादसे में तीन महिलाओं समेत 10 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा मंगलवार को रॉयल मलेशियाई नौसेना परेड की रिहर्सल के दौरान हुआ। नौसेना ने बयान में पुष्टि की है कि रॉयल मलेशियाई नौसेना परेड रिहर्सल के लिए एक साथ कई हेलीकॉप्टर्स ने उड़ान भरी। इस दौरान दो हेलीकॉप्टर अचानक बहुत करीब आ गए और अनहोनी घट गई। यह हेलीकॉप्टर दुर्घटना के समय अगले महीने नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण ले रहे थे। रॉयल मलेशियाई नौसेना के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि मृतकों में तीन महिलाओं सहित चालक दल के सात सदस्य शामिल हैं। सभी के शव पोस्टमार्टम के लिए इपोह के राजा पेरमासुरी बैनुन अस्पताल भेजे गए हैं।

### सड़क हादसे में भारत के दो छात्रों की मौत

**वाशिंगटन :** संयुक्त राज्य अमेरिका के एरिजोना में लेक प्लेजेंट के पास दो कारों की सीधी टक्कर में दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार मृतकों में भारतीय मूल के निवासी निवेश मुक्का (19) और गौतम पारसी (19) अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के तौर पर पंजीकृत थे। यह हादसा स्टेट रूट- 74 के उत्तर में कैसल हॉट स्प्रिंग्स रोड पर 20 अप्रैल को शाम करीब छह बजकर 18 मिनट पर हुआ। यह पता लगाया जा रहा है कि कारों में टक्कर कैसे हुई। पुलिस का कहना है कि हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है।

### अभियोजन पक्ष ने ट्रम्प के खिलाफ रखे साक्ष्य

**वाशिंगटन :** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प के खिलाफ आपराधिक मुकदमे में सोमवार को महत्वपूर्ण क्षण आया। लोअर मैनहट्टन के अदालत कक्ष में पूर्व राष्ट्रपति ने अभियोजन पक्ष के आरोपों को चुपचाप सुना। बचाव पक्ष ने प्रतिवाद किया कि ट्रम्प पर गलत आरोप लगाया गया था। जूरी के समक्ष अभियोजन पक्ष ने गवाह को प्रस्तुत करने के साथ कुछ साक्ष्य भी रखे। मैनहट्टन अभियोजक ने जूरी के 12 सदस्यों को बताया कि यह मामला 'एक आपराधिक साजिश और सेक्स स्कैंडल्स को छिपाने' के बारे में था। इसके उजागर होने से 2016 में उनकी चुनावी जीत को खतरा था। उन्होंने बताया कि कैसे ट्रम्प, उनके वकील माइकल कोहेन और द नेशनल इन्क्वायरर टैबलॉयड के प्रकाशक डेविड पेकर नकारात्मक कहानियों को फैला रहे थे।

### लाहौर में भारतीय सिख तीर्थयात्री का निधन

**लाहौर :** भारत से पाकिस्तान आये एक सिख तीर्थयात्री की सोमवार को दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया। एक पाकिस्तानी अधिकारी ने यह जानकारी दी। इवैकुई ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने बताया कि पटियाला निवासी सरदार जांगीर सिंह (67) की सोमवार को दिल का दौर पड़ने के बाद मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को वाघा सीमा पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को सौंप दिया गया। बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए 13 अप्रैल को वाघा सीमा के जरिये यहां पहुंचे लगभग 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री सोमवार को स्वदेश रवाना हो गए हैं।

### ताइवान में 6 घंटे में भूकंप के 80 झटके

**ताइपे/टोक्यो :** ताइवान में सोमवार शाम 5 बजे से देररात 12 बजे तक 80 से ज्यादा भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनमें सबसे ज्यादा 6.3 तीव्रता का भूकंप रहा, जो भारतीय समय के मुताबिक रात करीब 12 बजे आया। मौसम विभाग के अनुसार भूकंप का केंद्र पूर्वी काउंटी हुलिएन में धरती से 5.5 किलोमीटर नीचे था। भूकंप के कारण राजधानी ताइपे में कई इमारतें झुक गई हैं।

# चारधाम यात्रा के सफल संचालन को लेकर कवायद तेज, आपदा से भी निपटने की तैयारी

एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड चारधाम यात्रा को लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) ने विभागीय स्तर पर तैयारियों को पुख्ता करने और यात्रा के सुगम संचालन को लेकर कवायद तेज कर दी है। चारधाम यात्रा को लेकर 30 अप्रैल को एनडीएमए की ओर से प्रस्तावित टेबल टॉप एक्सरसाइज और दो मई को प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज को लेकर मंगलवार को ओरिएंटेशन और को-आर्डिनेशन कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस ऑनलाइन कांफ्रेंस में यात्रा मार्ग स्थित जिलों के जिलाधिकारी और आर्मी, आईटीबीपी के साथ 28 विभागों के 200 से अधिक अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने

- 30 अप्रैल को टेबल टॉप एक्सरसाइज, तो दो मई को होगा मॉक एक्सरसाइज
- आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का ऑनलाइन ओरिएंटेशन और को-आर्डिनेशन कांफ्रेंस

प्रतिभाग किया।
कांफ्रेंस में एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल ने चारधाम यात्रा के सफल संचालन को लेकर दिशा-




निर्देश दिए। साथ ही 30 अप्रैल को आयोजित होने वाली टेबल टॉप एक्सरसाइज और दो मई को प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज के उद्देश्यों के बारे में बताया। मेजर जनरल सुधीर बहल ने कहा कि यात्रा के सफल संचालन में आपदा प्रबंधन विभाग, जिला प्रशासन, भारतीय सेना, आईटीबीपी, पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, लोक निर्माण विभाग, जीएमवीएन, वन, पर्यटन, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, देवस्थानम् बोर्ड आदि विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी आपात स्थिति में सभी विभागों के बीच बेहतर सामंजस्य हो। इसी उद्देश्य से टेबल टॉप एक्सरसाइज और मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जा रहा है।

**यात्रा मार्ग के सभी जिलों में होगा मॉक अभ्यास**

**उन्होंने** बताया कि यह एक्सरसाइज यात्रा मार्ग के सभी जिलों में होगी। खराब मौसम, बाढ़ तथा भूस्खलन, भूकंप, अग्निकांड, हिमस्खलन, बर्फबारी, भारी वर्षा, हेलीकॉप्टर तथा रोड एक्सीडेंट, भगदड़ आदि आपदाओं के दौरान विभिन्न विभाग किसी तरह से राहत और बचाव के कार्य करेंगे। इसकी तैयारी को मॉक एक्सरसाइज कर परखा जाएगा। यदि कहीं कोई तकनीकी या अन्य दिक्कत आएगी तो उसका तुरंत समाधान किया जाएगा।

**आपातकालीन स्थिति में महत्वपूर्ण होगी आईआरएस की भूमिका**

**एनडीएमए** के वरिष्ठ सलाहकार ने कहा कि इस एक्सरसाइज से यह जानना और समझना आसान हो जाएगा कि विभिन्न स्तरों पर सर्च एंड रेस्क्यू का प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति, आर्मी तथा पुलिस बल की तैनाती, मौसम की निगरानी तथा चेतावनी, रिलीफ कैंपों की स्थिति, राहत और बचाव कार्य, भीड़ तथा ट्रैफिक प्रबंधन, संचार साधनों की वास्तविक स्थिति तथा विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय कैसा है।

# विपक्ष के आधे नेता जेल में और आधे बेल पर : नड्डा

एजेंसी

**टीकमगढ़ :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार मिटा रहे हैं, दूसरी ओर इंडी अलायंस भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगी है। कांग्रेस के जमाने में कोयला, पनडुब्बी, हेलिकॉप्टर, चीनी, चावल, कॉमनवेल्थ और 2जी घोटाला हुआ। इन्होंने तीनों लोक में घोटाला किया। राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव बेल पर हैं। अरविंद केजरीवाल और टीएमसी के मंत्री जेल में हैं। ये आधे बेल पर हैं और आधे जेल में हैं। ये डाका डाल कर गरीबों का हक छीनते हैं।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा मंगलवार को मध्यप्रदेश के प्रवास के दौरान टीकमगढ़ में भाजपा उम्मीदवार वीरेन्द्र कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजनीति की परिभाषा बदल गई है। पहले लोग कहते हैं कि राजनीति में कुछ नहीं बदलने वाला है लेकिन आज लोग खुद कह रहे हैं कि देश और देश की राजनीति बदल गई है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाया जाएगा। आज प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप देश के करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए भी हमने कई योजनाएं चलाई हैं।

नड्डा ने कहा कि विकसित भारत के लिए हमें स्थिर, मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत है। ये स्थिर सरकार का ही नतीजा है कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म हो गया। 1997 में हमने पालमपुर में राममंदिर बनवाने की बात कही थी। उस समय विरोधी भी हमारी इस बात का मजाक उड़ाते थे लेकिन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी ने 10 दिन के कठोर अनुष्ठान के बाद राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की।

उन्होंने कहा कि 10 साल पहले आप खिलौने भी चीन से खरीदते थे और आज खिलौना एक्सपोर्ट करने में भारत, दुनिया में तीसरे स्थान पर आ चुका है। आज आपके मोबाइल पर मेड इन इंडिया लिखा। अब देश में एप्पल जैसे मोबाइल फोन भी बन रहे हैं। भारत पर 200 वर्षों तक राज करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़ भारत, दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना।



## आज बिहार में तीन चुनावी जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**पटना :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार की पांच सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। इन सीटों पर जीत दिलाने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बाद अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 24 अप्रैल को चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।
जेपी नड्डा लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रचार करने बिहार आ रहे हैं। वे भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जेपी नड्डा के दौरे को लेकर भाजपा के नेता और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। जेपी नड्डा खगड़िया के गोगरी में चिराग की पार्टी लोजपा (रामविलास) के उम्मीदवार राजेश वर्मा के पक्ष में वोट मांगेंगे। झंझारपुर लोकसभा सीट के लिए मधुबनी के राजनगर में जदयू उम्मीदवार रामप्रीत मंडल और भागलपुर के जदयू उम्मीदवार अजय मंडल के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इन तीनों ही सीटों पर एनडीए के सहयोगी दलों के उम्मीदवार हैं।

# पर्याप्त संसाधनों के बिना मुफ्त उपहार का वादा करने से बचें राजनीतिक दल : नायडू

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने कहा कि राजनीतिक दलों को पर्याप्त संसाधनों के बिना मुफ्त उपहार का वादा करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब पार्टियां बड़े-बड़े वादे करती हैं तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि उन्हें संसाधन कहां से मिलेंगे। नायडू ने कहा कि लोगों को उन पार्टियों से भी सवाल करना चाहिए जिनके पास संसाधनों के बारे में कुछ नहीं है, लेकिन सत्ता हासिल करने के लिए उन्होंने खोखले वादे किए।

पूर्व उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को नई दिल्ली के त्यागराज मार्ग स्थित अपने आवास पर मीट-एंड-ग्रीट गेट-टुगेदर में ये टिप्पणियां कीं। बातचीत के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए नायडू ने कहा कि पद्म विभूषण सम्मानित होने पर वह विनम्र और संतुष्ट महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति मेरे विनम्र योगदान की यह मान्यता नए जोश के साथ समाज



की सेवा करने के मेरे संकल्प को मजबूत करती है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में नायडू को पद्म विभूषण से अलंकृत किया था।

नायडू ने राजनेताओं में एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जाने की प्रवृत्ति की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह इतना व्यापक हो गया है कि कभी-कभी एक राजनीतिक दल से दूसरे राजनीतिक दल में जाने के कारण यह निर्धारित करना मुश्किल हो जाता है कि अमुक राजनेता किस दल से संबंधित है। राजनीति में इस तरह की पार्टीबाजी एक अस्वस्थ प्रवृत्ति का संकेत है। अपना स्वयं का उदाहरण देते हुए नायडू ने कहा कि वह अपने पूरे करियर में अपनी पार्टी के प्रति वफादार रहे और कभी भी किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होने के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने बताया कि यह स्थिति तब भी थी जब उनकी पार्टी बेहद कमजोर स्थिति में थी। नायडू ने कहा कि इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए दल-बदल विरोधी कानून को मजबूत करने की जरूरत है। पूर्व उपराष्ट्रपति ने देश के युवाओं से आगे आने और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्हें विकास और स्वस्थ समाज की आधारशिला बताते हुए नायडू ने भारत के युवा पुरुषों और महिलाओं से अपने तरीके से और अपने स्तर पर समाज की सेवा करने में रुचि लेने की अपील की।

### बॉर्डर पर गिरफ्तार हुआ पाक घुसपैठिया

**श्रीगंगानगर :** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर श्रीगंगानगर में सीमा सुरक्षा बल ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ा है। अब उसे जॉइंट इन्क्वायरी सेंटर ले जाया जाएगा, जहां उससे पूछताछ की जाएगी। अभी घुसपैठिए के भारतीय सीमा में आने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। बीएसएफ के मुताबिक श्रीकरणपुर इलाके के गांव 14 एस माझीवाला और नग्गी के बीच तारबंदी पार करके भारतीय सीमा में घुस रहे घुसपैठिए को जवानों ने ललकारा तो वह रुक गया। बीएसएफ जवानों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घुसपैठिया बहादुर अली (25) पुत्र मोहम्मद हनीफ पाकिस्तान के पाक पत्तन जिले के मोहजा बाहरा का निवासी है।

## सीएम धामी बोले- प्रचंड बहुमत से प्रदेश में खिलेगा कमल

- देश की जनता मोदी के साथ खड़ी है, वह तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री
- वर्ग विशेष के वोट बैंक के लिए किसी भी स्तर तक जाना कांग्रेस की नीति

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कांग्रेस पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा विभाजन की रही है। विभाजनकारी सोच के साथ तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रचंड बहुमत से कमल खिलेगा। इस बार देश की जनता मोदी के साथ खड़ी है और ऐतिहासिक मतों से देश की जनता का गठबंधन मोदी के साथ है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 60 वर्षों तक वर्ग विशेष के वोट बैंक की चिंता की है। इसके लिए किसी भी स्तर तक जाना कांग्रेस की नीति रही है। देश में तुष्टिकरण और परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले ऐसे लोगों को भारत की राष्ट्रवादी जनता सबक सिखाने को तैयार है। हनुमान जयंती पर मंगलवार को मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह ने एक भाषण में अपनी यानी कांग्रेस की सोच देश के सामने रखी थी और आर्थिक संसाधनों पर पहला अधिकार एक वर्ग विशेष को देने की बात कही थी।

# बदलते विश्व में भारत-आसियान के बीच अधिक सहयोग व समन्वय की आवश्यकता : विदेश मंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि दुनिया धीरे-धीरे एक बहुध्रुवीय एशिया और बहुध्रुवीय विश्व की ओर बढ़ रही है। ऐसे में उभरती विश्व व्यवस्था में आसियान और भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। यह इस बात को भी रेखांकित करती है कि भारत और आसियान के बीच अधिक सहयोग और समन्वय की आवश्यकता है।

विदेश मंत्री ने प्रथम आसियान फ्यूचर फोरम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने वियतनाम के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को इसके सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्वाड नेता आसियान केंद्रीयता और एकता को अटूट समर्थन देते हैं। हमारा मानना है कि क्वाड



इन्फ्रास्ट्रक्चर और एसटीईएम छात्रवृत्ति जैसे जनकेंद्रित लाभों के वितरण से क्षेत्र को समृद्ध मिलेगी। हमारा मानना है कि अब समय आ गया है कि ग्लोबल साउथ अपना दृष्टिकोण पेश करे और अंतरराष्ट्रीय मामलों में बड़ी भूमिका निभाए। पिछले साल जी20 अध्यक्ष के रूप में हमने कई आसियान सदस्य देशों की भागीदारी के साथ वर्चुअल वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। विदेश मंत्री ने कहा कि आसियान हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी के केंद्र में है और भारत की व्यापक इंडो-पैसिफिक दृष्टि में एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हम आसियान एकता, केंद्रीयता और इंडो-पैसिफिक पर आसियान आउटलुक का समर्थन करते हैं। भारत का मानना है कि एक मजबूत और एकीकृत आसियान हिंद-प्रशांत की उभरती क्षेत्रीय व्यवस्था में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत दक्षिण पूर्व एशिया में मैत्री और सहयोग की संधि को स्वीकार करने वाले पहले देशों में से एक था, जो क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता बनाए रखने के प्रति हमारे सामूहिक संकल्प को दर्शाता है।

### सफल बंगालियों से नफरत करती हैं ममता : मालवीय

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल भाजपा के सह प्रभारी और पार्टी की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी सफल बंगालियों से नफरत करती हैं। उन्होंने मिथुन चक्रवर्ती को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मिले पद्मभूषण सम्मान का जिक्र कर कहा है कि इतने बड़े सम्मान के बावजूद ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई तक देने की जहमत नहीं उठाई। अमित मालवीय ने मंगलवार को एक्स पर लिखा है, 'पश्चिम बंगाल के लिए गर्व का क्षण क्योंकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कला के क्षेत्र में सुपरस्टार मिथुन चक्रवर्ती को पद्म भूषण से सम्मानित किया। जहां बंगाल इस धरती पुत्र के सम्मान का जश्न मना रहा है, वहीं पक्षपात में अंधी सीएम ममता बनर्जी ने मिथुन दादा को बधाई देने की भी जहमत नहीं उठाई है।

# नोरा फतेही ने पैपराजी पर साधा निशाना

**मुम्बई :** बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक्टर्स के लिए पैपराजी का साथ मिलना एक जरूरत या मजबूरी बन गया है। अक्सर कलाकार फोटोग्राफरों के व्यवहार से तंग आ जाते हैं। कुछ दिग्गज कलाकारों ने तो पैपराजी पर अपना गुस्सा भी जाहिर किया है। अक्सर पैपराजी को फीमेल एक्ट्रेसेस के पीछे-पीछे घूमते देखा जाता है। चाहे जिम के बाहर हो या किसी रेस्टोरेंट के बाहर, पैपराजी हमेशा मौजूद रहते हैं। अभिनेत्रियों को न चाहते हुए भी फोटो खिंचवाना पड़ता है। अब एक्ट्रेस नोरा फतेही ने इस पर रिएक्ट किया है। हमेशा बोल्ड आउटफिट में नजर आने वाली नोरा फतेही ने एक इंटरव्यू में पैपराजी द्वारा तस्वीरें खींचने पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने पैपराजी द्वारा ली जा रही तस्वीरों पर आपत्ति जताई है। नोरा ने हाल के इंटरव्यू में कहा, "मुझे लगता है कि यह पहली बार है कि उन्होंने ऐसे हिप्स देखे हैं। मुझे लगता है कि यह सच है। पैपराजी सिर्फ मेरे साथ ही नहीं बल्कि अन्य अभिनेत्रियों के साथ भी ऐसा करते है।" यह आपके हिप्स को ही जूम नहीं करते क्योंकि यह उतना रोमांचक नहीं है लेकिन वो दूसरे प्राइवेट पार्ट्स पर ये बेवजह जूम करते हैं। यह वास्तव में आवश्यक नहीं है। नोरा ने कहा, "आपको ठीक-ठीक पता है कि वे क्या करना चाहते हैं।" नोरा फतेही ने कहा कि दुर्भाग्य से ये सारी चीजें सोशल मीडिया पर ट्रेंड करती नजर आ रही हैं। वे सिर्फ सोशल मीडिया पर एल्गोरिदम सेट कर रहे हैं।



## विश्व मौसम विज्ञान संगठन की रिपोर्ट में खुलासा

# जलवायु परिवर्तन से भारत समेत एशियाई देशों में बढ़ा आपदाओं का खतरा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** जलवायु परिवर्तन का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है, लेकिन विश्व मौसम विज्ञान संगठन का कहना है कि जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर एशियाई देशों पर पड़ रहा है। इसी वजह से साल 2023 में एशिया दुनिया में सबसे ज्यादा आपदाओं से प्रभावित इलाका रहा। बाढ़ और चक्रवाती तूफान के चलते एशिया में बीते साल बड़े पैमाने पर लोगों की जान गईं और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने एशिया की जलवायु-2023 नाम से एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि उत्तर पश्चिमी प्रशांत महासागर के पानी का तापमान रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ रहा है, यहां तक कि आर्कटिक क्षेत्र में भी समुद्री गर्म हवाएं चल रही हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के महासचिव केलेस्टे साउलो ने बताया कि एशिया के कई देशों में साल 2023 रिकॉर्ड स्तर पर गर्म रहा। इसके साथ बाढ़, सूखा, तूफान और गर्म हवाओं का असर देखने को मिला। जलवायु परिवर्तन से एशिया में आपदा आने की रफ्तार कई गुना बढ़ गई है। जिसका असर हमारे



समाज पर आर्थिक नुकसान, मानव जीवन के नुकसान और पर्यावरण पर पड़ रहा है।

**बीते साल एशिया में 79 आपदाएं आयीं**

रिपोर्ट में बताया गया है कि बीते साल एशिया में जलीय-मौसम संबंधी 79 आपदाएं आईं। इनमें 80 फीसदी आपदाएं बाढ़ और तूफान से जुड़ीं थी। इनके चलते बीते साल एशिया में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान गई और 90 लाख लोग प्रभावित हुई। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2023 1991-2020 के औसत तापमान की तुलना में 0.91 डिग्री ज्यादा गर्म रहा। वहीं 1961-1990 के औसत तापमान की तुलना में 1.87 डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म रहा। जापान और कजाखस्तान में रिकॉर्ड गर्मी पड़ी। बारिश भी सामान्य से कम हुई भारत में अप्रैल से जून के बीच भयंकर लू चली, जिसके चलते 110 लोगों की मौत हुई। अप्रैल से मई के बीच दक्षिण पूर्वी एशिया लू से प्रभावित रहा, जिसका असर बांग्लादेश, पूर्वी भारत और चीन के उत्तरी और दक्षिणी इलाके शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तुरान तराई के इलाके (तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान), हिंदुकुश का इलाका (अफगानिस्तान, पाकिस्तान), हिमालय क्षेत्र में गंगा और ब्रह्मपुत्र का निचला इलाका (भारत, बांग्लादेश), अराकांस पर्वत (म्यांमार) और मेकॉन्ग नदी के निचले इलाकों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई।